

वॉर 2 से पहले जूनियर एनटीआर के हाथ लगी माइथोलॉजिकल फिल्म

# रॉयल बुलेटिन

तापमान- अधिकतम- 41.01
न्यूनतम- 28.00

प्रातःकालीन हिन्दी दैनिक



क्या ट्रंप और मस्क के बीच हो गया 'पेचअप', एलन मस्क अब जता...

◆ वर्ष 41, अंक 160 RNI No. 43285/85 ◆ संस्करण - नगर ◆ मुजफ्फरनगर, गुरूवार, 12 जून, 2025 ◆ आषाढ कृष्ण 1 विक्रमी सम्वत् 2082 ◆ पृष्ठ 8+4=12 ◆ मूल्य 4 रुपया


# वेटिंग टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं, 24-घंटे पहले पता चलेगा

● अभी 4 घंटे पहले चार्ट बनने पर पता चलता है, देशभर में जल्द लागू होगा नियम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे ने वेटिंग लिस्ट वाले पैसेंजर्स के लिए नए नियम लेकर आई है। अब यात्रियों को सीट कन्फर्म हुई या नहीं इसकी जानकारी ट्रेन निकलने के एक दिन पहले पता चल जाएगी। रेलवे ने अब चार्ट बनाने का समय ट्रेन के चलने से 24 घंटे पहले कर दिया है। अभी सिर्फ 4 घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट बनाया जाता था। ऐसे में वेटिंग टिकट वालों को आखिरी वक्त तक कंफर्मेशन का इंतजार करना पड़ता था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह नियम 6 जून से बीकानेर डिवीजन में लागू किया गया है। धीरे-धीरे इसे देशभर के अन्य डिवीजनों में भी लागू किया जाएगा। रेलवे ने यह भी कहा कि नए नियम से तत्काल टिकट बुकिंग या अन्य नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा। तत्काल टिकट यात्रा से एक दिन पहले बुक किए जाएंगे और उनकी कंफर्मेशन प्रक्रिया पहले के जैसे ही रहेगी। इससे पहले भारतीय रेलवे ने 1 मई से वेटिंग टिकट के लिए नए नियम लागू किए थे। इनके अनुसार, वेटिंग लिस्ट टिकट वाले यात्रियों को अब स्लीपर या एसी कोच में यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। जिन यात्रियों के टिकट वेटिंग लिस्ट में हैं, वे अब सिर्फ जनरल कोच में ही सफर कर सकेंगे। अगर कोई यात्री वेटिंग टिकट पर यात्रा करता है तो जुर्माना लगेगा।



### स्लीपर टिकट दो क्लास ऊपर तक ही अपग्रेड होगा

नए नियम के अनुसार, अब स्लीपर क्लास के टिकट को केवल दो श्रेणी ऊपर तक ही अपग्रेड किया जाएगा। उदाहरण के लिए- स्लीपर क्लास टिकट को अधिकतम थर्ड एसी (3एसी) या सेकेंड एसी (2एसी) में अपग्रेड किया जा सकता है, लेकिन फर्स्ट एसी (1एसी) में नहीं। इसी तरह, थर्ड एसी (3एसी) के टिकट को अधिकतम फर्स्ट एसी (1एसी) में अपग्रेड किया जा सकता है।

● **कन्फर्म न होने पर टिकट अपने-आप रद्द हो जाएंगे-** रेलवे ने बताया कि आईआरसीटीसी के जरिए बुक किए गए टिकट कन्फर्म न होने पर अपने आप रद्द हो जाते हैं, लेकिन काउंटर से बुक किए गए टिकट का इस्तेमाल लोग ट्रेन में चढ़ने के लिए करते हैं। इस वजह से कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को असुविधा होती है। 1 मई, 2025 से लागू होने वाला एक और नियम यह है कि आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप से बुक की जाने वाली हर ट्रेन टिकट के लिए आधार-आधारित मोबाइल सत्यापन की आवश्यकता होगी। इस उपाय का उद्देश्य सुरक्षा बढ़ाना और बुकिंग प्रणाली के दुरुपयोग को रोकना है। 21 मई को भारतीय रेलवे ने वेटिंग लिस्ट टिकट से जुड़े ऑटो अपग्रेड प्रक्रिया में बदलाव किए थे। रेलवे के अनुसार, स्लीपर क्लास के टिकट फर्स्ट एसी में अपग्रेड नहीं किए जाएंगे, भले ही बर्थ खाली हों। अब तक, वेटिंग लिस्ट वाले यात्री का टिकट सीट अवेलेबल न होने पर बुकिंग की गई कैटेगरी से ऊपर की कैटेगरी में अपग्रेड कर दिया जाता था, लेकिन इस नियम को बदल दिया गया है। यह बदलाव ट्रेन में हायर कैटेगिरी के कोचों में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए किया गया है।

## मणिपुर में सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

### हिंसा के 19 आरोपी भी हिरासत में

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में 9 जून को हुए प्रदर्शन में सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाने के आरोप में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि एक मैतेई ग्रुप के एक सदस्य बोइनाओ पंगेइजम (39 साल) को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। वह अरम्बाई टेंगोल का सदस्य है। बोइनाओ समेत कुछ अन्य प्रदर्शनकारी इम्फाल पश्चिम जिले में सड़क जाम खुलवाने की कोशिश कर रहे सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाकर भागे थे। मजिस्ट्रेट ने उसे आठ दिनों की पुलिस



हिरासत में भेजा है। इसके अलावा इम्फाल पूर्वी जिले में हिंसा के आरोप में 19 अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। मैतेई नेता अशेम कनन सिंह की 7 जून को को गिरफ्तारी के बाद राज्य में हिंसा भड़क गई थी। इंफाल के कई इलाकों में गाड़ियां जला दी गईं, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए थे। पुलिस से झड़प के अलावा प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की थी। 3 मई, 2023 को कुकी-मैतेई के बीच जातीय हिंसा में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। हिंसा मामलों में 6 हजार से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुई हैं। मैतेई नेता अशेम कनन सिंह को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। वह मणिपुर पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल था।

# सोनम ने ही रची थी पति की हत्या की साजिश

● पुलिस के सामने किया कबूल, सबूत देखकर रो पड़ी ● मेघालय के चर्चित हनीमून हत्याकांड में बड़ा खुलासा

**शिलांग/इंदौर (एजेंसी)।** मेघालय में हुए चर्चित हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। पूछताछ के दौरान सोनम रघुवंशी ने अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश में शामिल होने की बात कबूल कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, शिलांग में पुलिस ने जब वारदात से जुड़े पुख्ता सबूत सोनम के सामने रखे तो वह फूट-फूटकर रो पड़ी। इसके बाद उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। मेघालय पुलिस ने पूछताछ के दौरान सोनम रघुवंशी और राज कुशवाहा का आमना-सामना कराया। उसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। बता दें कि मेघालय पुलिस की एसआईटी राजा रघुवंशी मर्डर केस की जांच कर रही है। अब मेघालय पुलिस पूरे क्राइम सीन को रीक्रिएट करने की तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस को घटनास्थल से कुछ डिजिटल सबूत, कॉल रिकॉर्ड्स और व्हाट्सऐप चैट्स भी मिले हैं, जो हत्या की साजिश को सिद्ध करते हैं। गौरतलब है कि राजा और सोनम रघुवंशी हनीमून मनाने मेघालय गए थे।





● **सोनम ने गलती की, उसे सजा-ए-मौत मिले-** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में पत्नी सोनम समेत 5 आरोपियों को पुलिस ने शिलॉन्ग कोर्ट में पेश किया है। उधर, इंदौर में सोनम का भाई गोविंद अचानक राजा के परिवार से मिलने के लिए उनके घर पहुंचा। गोविंद ने राजा की मां और भाई से मुलाकात की। मां के गले लगकर रोया भी। गोविंद ने कहा कि आरोपी राज कुशवाह और सोनम के बीच अफेयर नहीं था। वह राज को राखी बांधती थी। राजा के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए। राजा के भाई विपिन ने बताया कि गोविंद घर आया था, उसने माफी मांगी। बोला- मम्मी जी मेरी बहन ने गलती की है। सोनम ने जो गलती की है, उसके लिए उसे सजा-ए-मौत होनी चाहिए।

## सीओ अनुज चौधरी के बाद अब 'संभल' से विदा हुई वंदना मिश्रा

● डीएम डॉ. राजेन्द्र पेंसिया ने एसडीएम का भी कर दिया तबादला



संभल (एजेंसी)। यूपी के संभल में एक बार फिर प्रशासनिक सुधार के लिए डीएम डॉ.राजेन्द्र पेंसिया ने एसडीएम वंदना मिश्रा का ट्रांसफर कर दिया है। यहां बीते साल 24 नंवबर को हुई हिंसा के वक्त से तैनात ज्यादातर अफसरों के तबादला कर नए अधिकारियों को नियुक्त किया जा चुका है। हिंसा के समय में सीओ अनुज चौधरी, वंदना मिश्रा, एएसपी श्रीश चंद्र कानून व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए यहां काफी चर्चित रहे थे। वहीं संभल जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को और सुदृढ बनाने के उद्देश्य से जिलाधकारी ने बड़े स्तर पर अफसरों के तबादले के आदेश दिए हैं। इसी क्रम में फेरबदल करते हुए संभल व गुन्नौर तहसीलों के एसडीएम के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है।

## मैंने ऐसा पीएम नहीं देखा वोट के लिए गरीबों-युवाओं को मूर्ख बनाते हैं

● कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बोले-पीएम मोदी ने 11 साल में 33 गलतियां की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाए हैं। खड़गे ने बुधवार को कहा कि बीते 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33 गलतियां की हैं। मैं 65 साल से राजनीति में हूं, लेकिन उनके जैसा झूठ बोलने वाला प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा। खड़गे ने कहा, हम झूठ बोलते हैं, गलतियां करते हैं, वोट लेने के लिए युवाओं और गरीबों को मूर्ख बनाते हैं। जब हम उनसे सवाल पूछते हैं तो कभी जवाब नहीं देते। वे अपनी गलतियां कभी स्वीकार नहीं करते हैं। वे सिर्फ बोलते रहते हैं। बता दें कि



नरेंद्र मोदी ने 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री के तौर पर अपने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। मोदी सरकार ने बीते सोमवार को अपने तीसरे कार्यकाल की पहली और कुल मिलाकर 11वीं सालगिरह मनाई। मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने इससे पहले 9 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए मोदी सरकार के 11 सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए थे। उन्होंने लिखा था, सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है।

# केंद्रीय कैबिनेट मीटिंग में दो मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी

● 6405 करोड़ लागत, झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश को करेंगे कवर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की कैबिनेट बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि मीटिंग में झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश को कवर करने वाले दो मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है।

इन प्रोजेक्ट में 133 किमी वाले कोडरमा-बरकाकाना और 185 किमी वाले बल्लारी-चिकजाजुर का डुअल लाइन करना शामिल है। जिनकी लागत 6405 करोड़ है। इससे पहले 28 मई को हुई मीटिंग में डेवलपमेंट से जुड़े 5 फैसले लिए गए थे। केंद्र सरकार ने 14 फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) बढ़ाई थी। साथ ही केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की ब्याज सब्सिडी योजना को जारी रखने का फैसला किया था। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे की दो मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी।

आंध्र प्रदेश में बदवेल-नेल्लोर के बीच 108 किमी लंबे फोर-लेन



हाईवे परियोजना को भी मंजूरी दी गई थी। 28 मई को केंद्र सरकार ने धान, कपास, सोयाबीन, अरहर समेत खरीफ की 14 फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस बढ़ाई। धान की नई एमएसपी 2,369 रुपए तय की गई, जो पिछली एमएसपी से 69 रुपए ज्यादा है। कपास की नई एमएसपी 7,710 रुपए तय की गई। इसकी एक दूसरी किस्म की नई एमएसपी 8,110 रुपए की गई, जो पहले से 589 रुपए ज्यादा है। पिछली कैबिनेट मीटिंग 14 मई को हुई थी। उस मीटिंग में देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी दी गई थी। यह यूनिट 3706 करोड़ रुपए में उत्तर प्रदेश के जेवर में लगाई जाएगी। टाटा और फॉक्सकॉन मिलकर इस यूनिट को बनाएंगे। प्लांट में मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमाबाइल्स, पर्सनल कम्प्यूटर, और दूसरे डिस्प्ले डिवाइसेज के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनेंगे। हर महीने 3.6 करोड़ चिप बनेंगी। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2022 में लॉन्च किया गया था। इसके तहत अब तक 6 प्रोजेक्ट्स अप्रूव किए गए हैं। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

## न्यायिक सक्रियता को न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलना चाहिए

● सीजेआई गवई ने 'न्यायिक आतंकवाद को लेकर दे दी यह चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान को स्याही में लिखी एक शांत क्रांति बताया है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी ताकत है जो न केवल अधिकार देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से दबे हुए लोगों को ऊपर उठाती है। वे ऑक्सफोर्ड यूनियन में फ्रॉम रिप्रेजेंटेशन टू रियलाइजेशन एम्बॉडिंग द कॉन्स्टिट्यूशनंस प्रॉमिस विषय पर बोल रहे थे। इस दौरान सीजेआई गवई ने न्यायिक सक्रियता से न्यायिक आतंकवाद की ओर बढ़ने को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी चीजों से बचना चाहिए। दरअसल, बार एंड बेंच ने सीजेआई बीआर गवई से एक सवाल पूछा। सवाल था कि भारत में न्यायिक सक्रियता कितनी सही है।



# ट्रंप की नीतियों के खिलाफ फूट पड़ा 'इमिग्रेशन' बम

● अमरीका के 12 राज्यों के 25 शहरों में तक पहुंची आग

**लॉस एंजिलिस (एजेंसी)।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में 5 दिनों से जारी प्रदर्शन के कारण शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरन बैस ने इमरजेंसी की घोषणा की है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन अमेरिका के 12 राज्यों के 25 शहरों तक फैल चुका है। सैन फ्रांसिस्को, डलास, ऑस्टिन, टेक्सास और न्यूयॉर्क जैसे शहरों में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात पर काबू पाने के लिए ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में 4 हजार नेशनल गार्ड के अलावा 700 मरीन कमांडो को भी तैनात



कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालात खराब हो रहे हैं। जरूरत पड़ने पर वे पूरी ताकत से निपटेंगे। लॉस एंजिलिस पुलिस ने करीब 1100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया।

## पीएम से मिलने वाले मंत्रियों को करवाना होगा आरटी-पीसीआर टेस्ट

● देश में कोरोना के ऐक्टिव केस 7000 पार, 74 मौतें; रोज 350+नए मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। देशभर में कोरोना के ऐक्टिव केसों की संख्या 7121 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 300 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2223 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1223, दिल्ली में 757 और पश्चिम बंगाल में 747 पॉजीटिव मरीज हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट से 74 मौतें हुई हैं। मंगलवार को 6 लोगों ने जान गंवाई।





# जल रहा है 'जून', सड़कों पर बरस रही है आग

● सात दिन में देश का टेंपरेचर 8 से 13 डिग्री बढ़ा ● एमपी-राजस्थान समेत 6 राज्यों में लू का है अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले सात दिन में देशभर के तापमान में 8 से 13 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ है। मंगलवार को पंजाब का बठिंडा 47.6 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। वहीं, हरियाणा के सिरसा में मंगलवार को पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया।

राजस्थान में भी गर्मी और हीटवेव का तेज असर जारी है। मंगलवार को राजस्थान के 3 शहरों का तापमान 46 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में 47.4 डिग्री, कोटा में 46.3 डिग्री और बीकानेर में पारा 46 डिग्री दर्ज किया गया। देश के उत्तरी राज्यों- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में दो दिन लू का अलर्ट है। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन गर्मी 47 डिग्री जैसी महसूस की गई। बुधवार को दिल्ली का तापमान 45 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है।

इधर, केरल में फिर से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। केरल के उत्तरी



जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 13 जून को 4 और 14 जून को 9 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मध्यप्रदेश में जून में सूरज के तीखे तेवर हैं। पिछले 3 दिन से नौतपा जैसी गर्मी है। मंगलवार को 28 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा, जबकि नौगांव में सबसे ज्यादा 46.1 डिग्री पहुंच गया।

नर्मदापुरम, गुना, खजुराहो, टीकमगढ़ और सागर में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिन लू और तेज गर्मी का अलर्ट है। यूपी भीषण लू की चपेट में है। आज 17 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में 45.2 डिग्री तापमान के साथ झांसी सबसे गर्म रिकॉर्ड किया गया। दूसरे नंबर आगरा रहा, जहां पारा 45.1 डिग्री था।

वहीं, पूर्वी यूपी में मौसम बदलाव के संकेत हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 से 12 जून के बीच पूर्वांचल के जिलों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। राजस्थान में गर्मी और लू ने हालात खराब कर दिए हैं। मौसम विशेषज्ञों की माने तो राज्य में अगले 4 दिन गर्मी से राहत की संभावना नहीं है।

## अनमोल वचन

दो प्रकार की विधाएं हैं, एक व्यक्ति को संसार में सफल बनाती है दूसरी विधा करतार के दरबार तक पहुंचाती है। संसार के पदार्थों के संग्रह में रिश्ते नातों में, सम्बन्धों में उच्च से उच्च पद की प्राप्ति में चैन और शान्ति नहीं मिलती। सब कुछ मिल जाने पर भी व्यक्ति के भीतर एक अतृप्त प्यास रह जाती है। अतृप्त प्यास से व्याकुलता और छटपटाहट बढ़ती है। यह व्याकुलता ही उसे सत्य की खोज में ईश्वर की खोज में तत्पर करती है, क्योंकि सत्य ही ईश्वर है। व्यक्ति के जीवन में जब प्रभु कृपा के फूल खिलने लगते हैं तो उसकी महक दूर-दूर तक फैलने लगती है। जैसे बसंत ऋतु में हवा के झोंकों में मादकता आती है ऐसे ही व्यक्ति के जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में बसंत प्रभाव दिखाई देने लगता है मानो प्याले में सागर समा गया हो। बुद्धिमान व जो इस स्थिति को सम्भाले रखते हैं, प्रभु का धन्यवाद करते हैं तथा उसके बंदों की सेवा में उसी की कृपाओं का कुछ अंश व्यय भी करते हैं, परोपकार के कार्यों को अपना कर्त्तव्य समझते हैं अन्यथा अधिकांश व्यक्ति तो उन्माद में आ जाते हैं, अहंकार करने लगते हैं कि ये उपलब्धियां मेरे परिश्रम और मेरे बुद्धि चातुर्य का परिणाम है, जिसकी कृपा से यह उपलब्धियां हुई, उसका स्मरण भी नहीं करता और उसका यह अहंकार ही उसे ले डूबता है, जो उसे पुनः अवनति के गर्त में धकेल देता है।

# आपरेशन सिंदूर ने देशवासियों को एकजुट व सुरक्षा का भरोसा दिया: मंत्री सोमेन्द्र तोमर

**मुजफ्फरनगर।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। जनपद के प्रभारी मंत्री



डा. सामेंद्र तोमर ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद केंद्र सरकार ने आपरेशन सिंदूर ने देशवासियों ने एकजुट करते हुए सुरक्षा का भरोसा दिया है। आपरेशन सिंदूर ने सरकार के प्रति लोगों में विश्वास कायम किया है। इसके अलावा देश में सड़कों का जो जाल बिछाया गया है, उससे लोगों के लिए बड़ी सुविधाएं बढ़ी है। इस दौरान कहा कि मुजफ्फरनगर जैसे जिले में नेताओं के संरक्षण में संगठित अपराध होते थे, जो अब पूरी तरह खत्म हुए हैं। केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपाईयों ने जन-जन तक पहुंचाने कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं पर चर्चा की। इस दौरान पत्रकार वार्ता भी हुई, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 11 वर्षों में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी के साथ योजनाओं को गिनाया गया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री डा. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार में भारत एक विकसित देश के रूप में विकसित हुआ है। भारत की छवि विदेशों में मजबूत हुई है। कोरोना जैसी महामारी से मोदी सरकार की बदौलत देश बाहर निकला है। वैज्ञानिकों द्वारा तैयार दवाइयों से अन्य देशों को भी हमने मदद दी है। देश में सड़कों का जो जाल बिछाया हुआ है, उससे आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य योजनाओं को बेहतर किया गया है। प्रभारी मंत्री डा. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि मुजफ्फरनगर को क्राइम कैपिटल का नाम दिया गया, लेकिन यहां से भी संगठित अपराध का खात्मा हुआ है। पहले नेताओं का संरक्षण में संगठित अपराध फल-फूलता था, जिसकी अब कमर तोड़ी जा चुकी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी सरकार में गरीबी दूर करने का वादा किया था, लेकिन वह गरीबी खत्म नहीं कर पाई, बल्कि खुद खत्म हो रही है। इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व विधायक प्रमोद उंटवाल, मीडिया प्रभारी पवन अरोरा आदि मौजूद रहे।

## गांधी कालोनी कोपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के नामित सदस्य बने भारत कटारिया व कमल अरोरा

**मुजफ्फरनगर।** गांधी कॉलोनी कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की कोर कमेटी द्वारा आज की बोर्ड बैठक में पंजाबी समाज से भारत कटारिया पुत्र भगवान दास कटारिया को नामित सदस्य के रूप में चुना गया। गांधी कालोनी कोपरेटिव हाउसिंग सोसायटी द्वारा आज कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभापति व सभी सदस्यों की उपस्थिति में में पंजाबी समाज से भारत कटारिया पुत्र भगवान दास कटारिया व कमल अरोरा को नामित सदस्य के रूप में चुना गया। बैठक में वरिष्ठ व गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही, जिसमें मुख्य रूप से पवन छाबड़ा सभापति गांधी कालोनी हाउसिंग सोसायटी, गुलशन बाटला, विजय गिरधर, श्रीमती बलजीत कौर, श्रीमती नीलम सिंधी, श्रीमती कांता रानी, भगवान दास कटारिया, संजीव अरोड़ा, सुरेंद्र कुमार ईशपुजानी, लोकेश लक्की, सौरभ मनु, आशीष बालियान पूर्व बीडीसी, अनिल ईशपुजानी, चमनलाल गाबा, जुगल किशोर, सोनू भाटिया, सत्री कपूर, अतुल आनंद, दीपक मदान, सरदार जसप्रीत सिंह जेपी, प्रवीण किंगर, विक्की बाटला, संदीप शर्मा सरवट मंडल अध्यक्ष, सरदार सतपाल सिंह, प्रकाश सेठी, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे। इसके बाद नामित सदस्य भारत कटारिया ने सभी का आशीर्वाद लिया और दी गई जिम्मेदारी पर खरा उतरने का वादा किया।



# सम्राट शाखा ने टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित कर किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल क्षय रोग केंद्र में आज भारत विकास परिषद की सम्राट शाखा द्वारा टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार की पोटली वितरित की गई। यह सेवा कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में शाखा सचिव इंजीनियर पी. के. गुप्ता ने सभी चिकित्साधिकारियों एवं टीबी विभाग के वरिष्ठ स्टाफ को पीताम्बर वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। सम्राट शाखा के सदस्य रोहिताश कर्णवाल (प्रांतीय टीबी उन्मूलन) एवं कार्यक्रम के प्रायोजक एवं शाखा संस्थापक परम कीर्ति भूषण ने बताया कि पिछले 5-6 वर्षों से सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें मुजफ्फरनगर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत विकास परिषद की सम्राट शाखा मुजफ्फरनगर में टीबी



उन्मूलन अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रही है। शाखा अध्यक्ष प्रवीन कुमार ने अपने संबोधन में भरोसा दिलाया कि सम्राट शाखा न केवल टीबी रोगियों को पोषण पोटली प्रदान कर रही है, बल्कि अन्य सेवा कार्यों में भी समर्पित सदस्यों के सहयोग से निरंतर सक्रिय है। टीबी रोगियों को समय पर इलाज पूरा करने तथा बीच में रोकने से बचने के लिए डॉ. प्रवेश कुमार ने विशेष रूप से अपील की। मुख्य अतिथि और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल द्वारा टीबी रोगियों के लिए पोषण पोटली वितरण अभियान चलाया गया है। उन्होंने सम्राट शाखा के सक्रिय योगदान के लिए सभी पदाधिकारियों को बधाई और आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनपद के सभी प्रबुद्धजनों, सक्षम व्यक्तियों और संस्थानों से अपील की कि वे टीबी उन्मूलन में सहयोग देते हुए टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण में योगदान करें। डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि नवंबर 2024 से सरकार द्वारा सभी टीबी मरीजों को इलाज के दौरान 1000 रुपये की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से दी जा रही है। कार्यक्रम में सम्राट शाखा के सदस्य श्री सुनील गर्ग, गोपाल बंसल, श्रीमती कला जैन, कोषाध्यक्ष जगरोषन गोयल तथा टीबी विभाग के डॉक्टर करन, विपिन शर्मा, विप्रा, रूचिर, अभिषेक, हेमंत, अतुल और संजीव ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# राजपूत समाज के दो पक्षों में हुए मनमुटाव का हुआ पटाक्षेप, समझौता कराया

**मुजफ्फरनगर।** राजपूत समाज की एक बैठक मुजफ्फरनगर में ठाकुर सुभाष चौहान के कार्यालय पर संपन्न हुई । इस बैठक में हरियाणा के राजपूत भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने से दोनों पक्षों में मनमुटाव हो गया था, उस विषय का आज आपस में समझौता हो गया है। हरियाणा क्षेत्र ग्राम सालवन में महाराणा प्रताप जयंती का ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण सम्मिलित हुए थे। इस कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र पुंडीर मुखियाजी मुज़फ़्फ़रनगर एवं ग्राम सालवन के ठाकुर शीतल सिंह में कुछ



विवाद हो गया था, जिसका समझौता आज अग्रवाल मार्केट स्थित ठाकुर सुभाष चौहान के कार्यालय पर हुआ। दोनों पक्ष के लोग एवं समाज के जिम्मेदार लोगों ने इस अवसर पर इस विषय का पटाक्षेप किया। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह पुंडीर, प्रमोद कुमार पुंडीर बिरालसी, ठा. सुभाष चौहान, ठा. बृजपाल सिंह रिटायर्ड दरोगा, अमित पुंडीर, जयवीर सिंह, नरेश कुमार, रामकुमार, रणधीर सिंह सरपंच, कुलदीप सिंह सालवन, संग्राम सिंह, ठा. समर सिंह, ओमवीर सिंह आर्य, यशपाल सिंह एवं कुलदीप सिंह उपस्थित रहे।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुशीनगर के अलावा सभी जिलाध्यक्ष समेत अन्य जिला कार्यकारिणी भंग की

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद कुशीनगर



के अलावा प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष समेत अन्य जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट बताया कि सपा ने सभी जिला कार्यकारिणी भंग कर दी हैं। फ्रंटल और विधानसभा स्तर के संगठन भी भंग कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुशीनगर जिलाध्यक्ष को छोड़कर सभी जिला कार्यकारिणी भंग कर दी हैं। विधान सभा अध्यक्षों सहित विधान सभा कार्यकारिणी व फ्रन्टल संगठन के जिलाध्यक्षों सहित जिला कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। माना जा रहा है कि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सपा का बड़ा संगठनात्मक बदलाव करने की तैयारी है।

# जन-जागरण कार्यशाला व वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ गोष्ठी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमांचल निर्माण पार्टी द्वारा ग्राम जडौद जट जनपद सहारनपुर मे यश्चिमांचल निर्माण पार्टी के कोषाध्यक्ष डाक्टर राजेश के आवास पर पश्चिमांचल निर्माण पार्टी, उत्तम प्रदेश निर्माण संगठन के संयुक्त तत्वावधान मे पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य गठन की मांग को लेकर जनजागरण कार्यशाला व वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ गोष्ठी का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर सतेन्द्र सिंह व संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता संजीव मलिक मासूम ने किया बैठक को सम्बोधित करते हुए उत्तम प्रदेश निर्माण संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डाक्टर विपिन शर्माानने कहा उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है, बडी आबादी व बडा प्रदेश होने की वजह से नागरिको की सुरक्षा व्यवस्था पंगु है, आये दिन लूट, बलात्कार के मामले निरन्तर बढ रहे हैं, पश्चिम प्रदेश के विकास के लिए 8 करोड कीआबादी का अलग



प्रदेश गठन आवश्यक है।प्रदेश मे दो ऐम्स हैं दोनो ही पूरब में है पश्चिम मे एम्स न होने की वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे स्वास्थ्य सेवाओ का अभाव है गरीब रोमियो को मंहगी चिकित्सा के लिए प्राइवेट चिकित्सालयों की शरण मे जाना पडता प्राइवेट चिकित्सा इतनी मंहगी हो गई है, कई बार रोगी के परिवार वालो को अपनी जमीन अथवा घर भी बेचना पडता है। पश्चिमांचल निर्माण पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डाक्टर रामवीर सिंह कहा बडे प्रदेश की कानून व्यवस्था को बनाए रखना भी कठिन है, इसलिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के विकास के लिए अलग प्रदेश गठन आवश्यक है। 72 प्रतिशत रेवेन्यू जनरेट करने वाले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगो को विकास के मात्र 18 प्रतिशत धनराशि मिलती है जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगो के हितो पर कुठारघात है। पश्चिम उत्तर प्रदेश मे हाईकोर्ट बैंच न होने के कारण विश्व का सबसे मंहगा न्याय पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगो को मिल रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजीव मलिक मासूम ने कहा पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे कोई आईआईटी व आई आईएम भी नही है। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं, पढे लिखे युवक मात्र 6000 रुपए मासिक की नोकरी करने को मजबूर हैं। सभी भर्ती कार्यालय पूरब मे हैं।जिस कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवा रोजगार से वंचित है। पार्टी उपसचिव शिवकुमार प्रधान ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य का गठन जरुरी है। पार्टी अध्यक्ष डाक्टर सतेन्द्र सिंह ने कहा हरे पेडों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण असन्तुलन हो रहा है, अत: सभी लोग वर्ष मे कम से कम दो पेड अवश्य लगाऐ न केवल पेड लगाएं, बल्कि बडे होने तक देखभाल भी करेंपर्यावरण सन्तुलन के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड लगाऐ व जल का प्रयोग आवश्यकतानुसार ही करे पानी के अंधाधुंध दोहन से भूगर्भ जल स्तर लगातार घट रहा है। वृक्षारोपण का संदेश देने के उद्देश्य से पार्टी अध्यक्ष डाक्टर सतेन्द्र सिंह ने बैठक में आये अतिथियों व भागीदारों को पारिजात के पौधे लगे गमले भेंट किए। बैठक को उत्तम प्रदेश निर्माण संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डा. विपिन शर्मा, पार्टी कोषाध्यक्ष डाक्टर राजेश कुमार, उपसचिव इमरान राव आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर श्याम, कुलदीप शर्मा, राधेश्याम, डाक्टर जसबीर सिंह, कुलदीप, मदन पुण्डीर, डाक्टर जेडी सिंह, डाक्टर आर के सिंह, डाक्टर ओमकुमार, जावेद, देवेन्द्र राणा, राजू आदि ने बडी संख्या मे भाग लिया।

# किशोर बालक-बालिकाओं को योग शिविर में चरित्र निर्माण के उपाय बताए

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में ग्रीनलैंड मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल मुजफ्फरनगर में संचालित किशोर बालक एवं बालिका चरित्र निर्माण योग शिविर में आज भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं जनपद प्रभारी योगाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह आर्य व अंकुर मान ने विभिन्न आसन और प्राणायाम तथा ध्यान करवाया।

इससे पूर्व कुमारी वैदिका आर्या ने सभी बालक एवं बालिकाओं को वैदिक संध्या ब्रह्म यज्ञ करवाई। आज के मुख्य विषय तप और स्वाध्याय पर कुछ बच्चों ईशिका शर्मा, निहार और भाव्या शर्मा ने अपने विचार रखे। अंत में योगाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह आर्य ने तप और स्वाध्याय के बारे में विस्तार से बताया कि सर्दी -गर्मी, यश-अपयश, मान-अपमान, हानि-लाभ आदि द्वंद्वों को सहन करते हुए सत्य के मार्ग पर चलते रहना ही तप कहलाता है। जो व्यक्ति तप करता है



वह जीवन में उन्नति को प्राप्त करता है, इसके विपरीत जो व्यक्ति तप नहीं करता उसका पतन हो जाता है। स्वाध्याय का अर्थ है अपने आप को जानना अर्थात अपना स्वाध्याय करना और आर्ष ग्रन्थों यथा वेद, दर्शन आदि का अध्ययन करना। व्यक्ति की प्रवृत्ति है कि वह कभी अपने अंदर झांकने का प्रयास नहीं करता अपितु दूसरे लोगों के अवगुण ढूंढने की कोशिश करता है। जिस दिन व्यक्ति अपने अवगुण ढूंढना प्रारंभ कर देगा उस दिन उसके सभी अवगुण दूर हो जाएंगे और वह देव तुल्य बन जाएगा। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य बनता है कि वह सुबह शाम दोनों समय अपना स्वाध्याय अवश्य करें और उस परमपिता परमेश्वर को साक्षी मानकर बुरे कार्य करने से बचें। देखें कि मुझे यह मनुष्य जीवन क्यों मिला है मेरा क्या कर्तव्य है। क्या मैं अपने कर्तव्य का ठीक से निर्वहन कर रहा हूं मेरा मनुष्य जीवन पाने का लक्ष्य क्या है क्या खाना, पीना, सोना और मौज मस्ती करना ही इस मनुष्य जीवन का उद्देश्य है नहीं ,इस मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य बार-बार जन्म लेना और बार-बार मरने से मुक्ति पाना है अर्थात मोक्ष प्राप्त करना ही मानव जीवन का प्रमुख लक्ष्य है। इस अवसर पर काफी संख्या में किशोर बालक एवं बालिकाओं में भाग लिया। अंत में सुभाष कुमार के द्वारा सभी बच्चों को केला विचित्र किया गया। रामपाल शर्मा व रविन्द्र धीमान का सहयोग रहा।

# महिला को सरेआम मारपीट कर किया घायल, वीडियो वायरल

**मोरना।** चिकित्सक के क्लिनिक पर दवा लेने जा रही बुर्कानशी महिला पर दो महिलाओं ने सरेआम जानलेवा हमला करते हुए घायल कर दिया। घटना सी सी टी वी मे कैद हो गयी। वहीं पीड़िता ने पुलिस पर पक्षपात करने के गंभीर आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवडा निवासी महिला फमिदा ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया की कुछ दिन पूर्व बच्चों की बात को लेकर मुहल्ले के ही व्यक्तियों से कहासुनी हो गयी थी।जिसमें गणमान्य व्यक्तियों ने समझौता करा दिया था। बीते तीन जून की सुबह फमिदा चिकित्सक से दवा लेने जा रही थी कि अचानक रास्ते मे आरोपी महिलाओ ने उस पर धावा बोल दिया।ओर गाली गलौज करते हुए डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। फमिदा ने आरोप लगाया की मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके नाक व कान के आभूषण भी खींच लिए।आरोप है की जब वह ककरौली थाने पर कार्रवाई के लिए गयी तो पुलिस ने आरम्भ मे उसकी रिपोर्ट भी नहीं लिखी तथा फैसला करने की सलाह दी।और न ही उसकी चिकित्सा कराई।दो दिन बाद आरोपियों के खिलाफ मामूली दिखावे की कार्रवाई की गयी। पीड़िता ने थाना पुलिस पर पक्षपात करने के आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।वहीं घटना की सी सी टी वी फुटेज इंटरनेट पर वायरल हो रही है। जिसे लेकर सनसनी फैल गयी है।

## विवाहिता का शोषण करने वाले ससुरालपक्ष पर मुकदमा दर्ज

**मोरना।** विवाहिता ने ससुरालजनो मारपीट करने मानसिक व शारीरिक शोषण करने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है। ककरौली क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री की शादी कुछ समय पहले थाना क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। उसकी पुत्री के ससुरालजनों का व्यवहार उसके साथ ठीक नहीं था। आरोपी शादी के बाद से ही उसके साथ मारपीट करते हुए दहेज की मांग करते चले आ रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया है। आरोप है कि पीड़िता की ननद ने गला घोंटकर जान से मारने का प्रयास किया। पति व ससुर आदि ने धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना पुलिस ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले में महिला के पति गांव ढांसरी निवासी शोएब आदि पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम व मारपीट जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी का जड़ौदा में जोरदार स्वागत किया



**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर क्षेत्र के गांव जड़ौदा में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौके पर पहुंचे यूनियन के जिला अध्यक्ष नवीन राठी द्वारा गांव के वसीम सैफी को भारतीय किसान यूनियन का ग्राम अध्यक्ष घोषित किया गया। मौके पर मौजूद सभी लोगों ने वसीम सैफी को फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से भाकियू जिला महामंत्री अहसान त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह, मनीष प्रधान, अमित, पप्पू, धर्मेंद्र प्रधान, इस्तकार, सलाम त्यागी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# ए.डी. मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरनगर ने 25 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित कर जल्द स्वस्थ होने की कामना की




**मुजफ्फरनगर।** ए.डी. मेडिकल कॉलेज ने टीबी (तपेदिक) के 25 मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित की, ताकि उनकी सेहत में सुधार हो और वे जल्दी ठीक हो सकें। इस मौके पर डॉक्टर पी. के. चन्द, डॉ संजीव और स्टाफ के संजीव के साथ-साथ टीबी अस्पताल से विपिन शर्मा, हेमंत यादव और विपिन कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीटीओ डॉ. लोकेश गुप्ता ने टीबी से बचाव, इलाज और रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होती है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है, लेकिन शरीर के अन्य हिस्सों को भी नुकसान पहुंचा सकती है।

टीबी का सबसे आम लक्षण लगातार खांसी आना, जो तीन सप्ताह से अधिक समय तक बनी रहती है, बुखार, वजन कम होना, थकान, और रात में पसीना आना है। टीबी हवा में फैलती है जब संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है। डॉ. लोकेश ने बताया कि टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है और आमतौर पर 6 महीने तक दवाओं का नियमित सेवन आवश्यक होता है। इलाज के दौरान दवाइयों को बिना रोक-टोक के लेना बहुत जरूरी है ताकि संक्रमण पूरी तरह समाप्त हो सके और दवाओं के प्रति प्रतिरोध (रिजिस्टेंस) न बने।

उन्होंने कहा कि टीबी से बचाव के लिए अच्छे स्वच्छता नियमों का पालन करें, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखें, और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहें। टीबी की सही समय पर पहचान और उपचार से बीमारी को रोकना संभव है। ए.डी. मेडिकल कॉलेज ने इस पहल के माध्यम से टीबी मरीजों को बेहतर पोषण और देखभाल देकर उनके स्वस्थ भविष्य की कामना की।

# मुजफ्फरनगर में भोपा रोड के विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मुजफ्फरनगर।** विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि 33/11 केवी टीपी नगर की 33 केवी लाइन के साथ विद्युत वितरण खंड प्रथम मुज़फ्फरनगर के अंतर्गत शान्ति नगर की ओवर लोडिंग समाप्त करने के लिए11 केवी शांति नगर फीडर नयी लाइन बनाई जाने के कारण, टीपी नगर बिजली घर के सभी 11 केवी फीडर बंद रहेंगे, जिसमें क्षेत्र गांधीनगर, शांति नगर, तुलसी नगर, भोपा रोड आदि की विद्युत आपूर्ति 12 जून को समय 8.00 बजे से 14.00 बजे तक बाधित रहेगी।

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज भोपा मुजफ्फरनगर में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं चित्रकला विषयों (प्रत्येक में 01 पद) हेतु असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा सभी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं एक पासपोर्ट साईज फोटो सहित 02 प्रतियों में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर रजिस्टर्ड डाक से **सचिव, स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज भोपा मुजफ्फरनगर पिन-251308** के नाम से प्रेषित करें या कॉलेज कार्यालय में प्रात: 09.00 बजे से अपरान्ह 02.200 बजे तक सभी कार्य दिवस में उपस्थित होकर जमा करायें।

**योग्यता:-** विश्वविद्यालय परिनियमावली एवं यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप।

**सम्पर्क सूत्र-9758815583**
**8859050750**

**दिनेश कुमार** (सचिव)
स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज भोपा मुजफ्फरनगर

**रॉयल बुलेटिन**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने मै. साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6 नोएडा-201301 से मुद्रित कराकर **रॉयल हाऊस, 174, गांधी कालौनी (उत्तरी), मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।**

**सम्पादक:**
◆अनिल रॉयल

✆:(0131) 2412222,
मो. 9412211222
**e-mail Address :**
royalbulletin@gmail.com

● नशा छुड़ाएं ● बवासीर भगाएं ● सफेद दाग हटाएं

**खोई हुई ताकत व जवानी दोबारा प्राप्त करें।**



**शराब छुड़ाएं**

शराबी को लाने/बताने की जरूरत नहीं
जर्दा, तम्बाकू, स्मैक, अफीम डोडे (पोस्त), नौरफीन, मौरफीन, प्रोक्सीवान, कौरेक्स, फेंसीडिल, हैरोइन, मैथाडोन व धुम्रपाल से पक्का छुटकारा



**अनचाहे बाल**
पहले थे समस्या और अब
**समाधान**






मिले: हर रोज

**शंकर दवाखाना**

(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड) नक्कालों से सावधान
गली पान, दाल मंडी, मुजफ्फरनगर। ☎0131-2432326, 9719442124

# शुकतीर्थ पुण्य भूमि है, इसी पावन धरा पर भागवत का उदगम हुआ थाः योगी

## संत रविदास के विचार आंतरिक पवित्रता व निर्मलता के प्रतीक हैं: मुख्यमंत्री









**मोरना**- शुकतीर्थ स्थित संत शिरोमणि सतगुरु रविदास सतगुरु समनदास आश्रम गुरु गद्दी में ब्रहमलीन संत सतगुरु ज्ञान भिक्षुकदास महाराज के 65वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बुधवार को पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत रविदास महाराज की जीवन से प्रेरणा लेने तथा शुकतीर्थ में सतगुरू रविदास व सतगुरू समनदास के नाम पर गंगा घाट का निर्माण, शुकतीर्थ के सौन्दर्यीकरण, मार्गों के चौडीकरण की घोषणा की तथा मंच से सनातन संस्कृति, संत परम्परा को लेकर सम्बोधन किया। साथ ही कैराना कांधला को लेकर पूर्व की सरकारों पर हमला बोला। सम्बोधन के पूर्व समनदास आश्रम में ज्ञान भिक्षुक महाराज को नमन किया व आश्रम के मुख्य द्वार का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान अभूतपूर्व सुरक्षा रही। भीषण गर्मी के बीच व्यवस्थाओं में जुटे प्रशासनिक अधिकारियों के पसीने छूटे।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी की बेडियों में जकडा हुआ था। विदेशी आक्रांताओं द्वारा धर्म संस्कृति पर प्रहार हो रहा था, तब रविदास जैसे संत का आदिर्भाव होता है, उनका आदिर्भाव एक ज्योति पुंज के समान रहा। संत रविदास प्रत्येक देशवासी व श्रद्धालु के लिए प्रेरणा का स्रोत व सच्चे मार्गदर्शक है। संत रविदास ने कर्म साधना पर बल देकर सामाजिक आडम्बर व कुरीतियों के प्रति समाज को जागरूक किया, उनके विचार कर्मप्रधान, आंतरिक पवित्रता व निर्मलता के प्रतीक हैं। संत रविदास सबके लिए समान अन्न की बात करते हैं, उनके विचारों से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत देश के 85 करोड लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया। संत रविदास के जन्मस्थान गोवर्धनपुर में भाजपा सरकार ने अनेक विकास कार्य कर स्मारक की स्थापना कराई। संविधान निर्माण बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को भाजपा सरकार ने सम्मान दिया। बाबा साहेब के नाम पर मध्यप्रदेश के मऊ में पंचतीर्थों का निर्माण किया गया। साथ ही लन्दन में भवन को खरीदकर बाबासाहेब के नाम पर एक स्मारक व छात्रावास का निर्माण किया गया तथा स्कॉलरशिप की व्यवस्था की गई। संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर के गौरव और गरिमा के अनुरूप उनका सम्मान होना चाहिए, जो पिछली सरकारों ने नहीं किया। बाबा साहेब के नाम पर 1949 से 2015 तक कोई समारोह नहीं होता था। भाजपा सरकार ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का काम किया है। बाबा साहेब के नाम पर नागपुर व मुंबई में विशाल प्रतिमा व स्मारक का निर्माण कराया जा चुका है। पांच हजार वर्ष पुरानी संस्कृति पर केवल आप ही गर्व कर सकते हैं। दुनिया के किसी भी मत व सम्प्रदाय को अवसर पर प्राप्त नहीं है। संत रविदास की प्रेरणा से कार्य अच्छे ही होते हैं। संतों की राह एकता की राह है, जो कैराना व कांधला जैसी घटनाएं नहीं होने देती। सम और विषम परिस्थितियों में लडने की क्षमता देती है। ज्ञान भिक्षुक महाराज दिव्य संत थे। शुकतीर्थ पुण्य भूमि है। इसी पावन धरा पर भागवत का उदगम हुआ था। मां गंगा भारत की अविरल धारा है। शुकतीर्थ में संत रविदास और समनदास महाराज की स्मृति में घाट का निर्माण कराया जाएगा तथा तीर्थनगरी में पार्किंग, सौन्दर्यीकरण, मार्गों का चौडीकरण तथा सत्संग सभागार का निर्माण कराया जाएगा।

स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुकतीर्थ के विकास के लिए सराहनीय कार्य किए हैं। संत रविदास महाराज की परम्परा को आगे बढाते हुए सतगुरू समनदास महाराज ने भी समाज में जागरूकता का कार्य किया तथा उचित खानपान व अनुशासित जीवन के लिए आमजन को प्रेरित किया।

दण्डी स्वामी महादेवाश्रम ने कहा कि मुजफ्फरनगर को इससे पहले क्राईम कैपिटल के रूप में जाना जाता था। योगी सरकार में जनपद ही नहीं पूरा प्रदेश अपराधमुक्त हो गया है। अब किसी की हिम्मत अपराध करने की नहीं होती। भाई भतीजावाद, जातिवाद का संरक्षण इस सरकार में नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री के द्वारा शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है। शुकतीर्थ में 84 करोड के विकास कार्य जारी है, जो ऐतिहासिक व अभूतपूर्व है। शुकतीर्थ का नामकरण करने का श्रेय भी योगीजी को ही जाता है। बिहारगढ, शुक्रतारी, फिरोजपुर, इलाहाबास व शुकतीर्थ में सनातन धर्म के ही लोग रहते हैं। इसलिए यह धर्म का केन्द्र है। योगी सरकार जनकल्याण के कार्य कर रही है। नेतागण अधिकारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें।

आश्रम के प्रबंधक महात्मा गोवर्धनदास महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से अभिभूत है। संत समागम के इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री का सम्मिलित होना गौरवशाली क्षण है। मुख्यमंत्री द्वारा संत रविदास व सतगुरू समनदास के नाम पर गंगा घाट के निर्माण, विशाल प्रतिमा व सत्संग सभागार का निर्माण करने सहित शुकतीर्थ में विकास कार्यों की घोषणा करने पर उनका आभार व्यक्त किया।

ये संत रहे मौजूद-महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, विज्ञानानन्द महाराज, स्वामी कृपालदास महाराज, सतीशदास महाराज, गुरदीप गिरि पठानकोट, निर्मलदास महाराज जालंधर, संदीपदास महाराज, ओमदत्त आर्य आदि मौजूद रहे।

**ये रहे मौजूद**- कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, मंत्री सोमेन्द्र तोमर, विधायक मिथलेशपाल, राजपाल बालियान, पूर्व केंद्रीय मन्त्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, जिलाध्यक्ष रालोद संदीप मलिक, पूर्व मंत्री अनुराधा चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रमोद ऊंटवाल, अशोक कंसल, विक्रम सैनी, डॉ. अमित ठाकरान, अमरीश गोयल, योगराज मन्त्री, एमएलसी वंदना वर्मा, रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, सुखविन्दर सोम, अखिलभारतीय ग्राहक पंचायत के पंतीय उपाध्यक्ष अमरीश गोयल, हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेन्द्र पंवार साधू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धनदास महाराज व संचालन पूनम शर्मा ने किया। कमिश्नर अटल कुमार रॉय, डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशबंधु, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसडीएम जयेन्द्र सिंह, संजय सिंह, निकिता शर्मा, सीओ डॉ. रवि शंकर मिश्रा, रामआशीष यादव, सूक्ष्मप्रकाश, रूपाली राव चौधरी आदि सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान लगते रहे जय भीम के नारे

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। तेज गर्मी के बीच लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का कार्यक्रम में भाग लेने का अनुमान था। अनुमान के अनुरूप श्रद्धालुओं की भारी संख्या में शोभायात्रा में पहुंची तथा सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब आश्रम में उमड आया। सुबह होते ही श्रद्धालुओं ने वापिस अपने गणतव्य को लौटना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं की वापसी देख आयोजकों के हाथ पांव फूल गये। किसी प्रकार भीड को रोकने का प्रयास किया गया। हजारों की संख्या में बैठे श्रद्धालु सरकारी व्यवस्थाओं से नाराज दिखे और बार बार मुख्यमंत्री के दौरान भी विरोध जताते रहे। जनता की ओर से जय भीम के नारे लगते रहे तथा नीले झंडे लहराते रहे। भीड की ओर से भारी हंगामे को देख प्रशासन के हाथ पांव फूल गये। प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस अधिकारी जनता को समझाते व शांत करते नजर आए। मुख्यमंत्री के सम्बोधन के दौरान एक व्यक्ति मंच की ओर दौडा, जिसको पुलिस अधिकारियों ने पकड लिया। श्रद्धालुओं के अनुसार सुबह सवेरे अनेक श्रद्धालु गुरू बंदगी के लिए आश्रम में जा रहे थे, जिन्हें पूजा करने से रोक दिया गया, जो धार्मिक आस्था के विरूद्ध है। अनेकों श्रद्धालु प्रशासन का भारी विरोध करत नजर आए। आमजन की मानें तो मुख्यमंत्री का कार्यक्रम पूर्णरूप से फ्लॉप कहा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के फ्लॉप होने के कारणों की लम्बी फहरिश्त है, जिसकी समीक्षा उच्चाधिकारी व भाजपा आलाकमान अवश्य ही करेगी।

कार्यक्रम में जहां अनेक कमियां उजागर हुई। वहीं बिजनौर सांसद चंदन चौहान के अनुपस्थित होने के बावजूद मुख्यमंत्री के द्वारा उनका नाम मंच से बोला गया। मुख्यमंत्री को दी गई नामों की लिस्ट में भारी चूक प्रबन्धन की लापरवाही को उजागर करती है।

# स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित सत्संग में बही भक्ति की बयार, उमड़ा जन सैलाब





**मोरना।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास सतगुरु समनदास मिशन के तत्वाधान में गुरु गद्दी शुकतीर्थ में स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास महाराज की पुण्यतिथि पर महान संत समागम व भंडारे का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ गुरुपूजा उपरांत महात्मा मोनूदास द्वारा आरती वंदना से किया गया। प्रवचन करते हुए व्यवस्थापक महात्मा गोरधन दास महाराज ने कहा कि मन बड़ा चंचल रहता है, जिससे मुक्ति पाने के लिए सत्संग ही एकमात्र इसका ठिकाना है क्योंकि सत्संग के अंदर गंदे विकारों का नाश व सदविचारों का प्रकाश होता है जिससे मानव जीवन में खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास महाराज सतगुरु स्वामी समनदास महाराज ने मानव को सत्संग बताया है, उन्होंने सभी से मांस शराब व अंडा जैसे गंदे खान-पान को छोड़कर शाकाहारी जीवन जीने की बात कही। महात्मा राजकुमार दास ब्रह्मचारी ने कहा कि गुरु के बिना जीवन अंधकारमय है, इसलिए सत्संग रूपी अमृतवर्षा जरूरी है, क्योंकि जिस इंसान को सत्संग अच्छा नहीं लगता वह इंसान कर्मों का मारा होता है। सत्संग में बोलते हुए भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह नौटियाल ने सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज के विचारों को आत्मसात करते हुए कहा कि समाज की प्रत्येक पीड़ा के साथ वह समय खड़े है और आज समाज तरक्की कर पा रहा है, तो कुछ मनुवादी ताकते हमें लगातार नीचा दिखाने के लिए कार्य करती है, जिससे मुक्ति पाने के लिए अपनी खुद की शासन सत्ता को स्थापित करना होगा। उन्होंने उपस्थित जन समूह से अपने मत का सदुपयोग कर समाज को हुक्मरान बनाने और युवाओं से नशे की आदत को छोड़ने की बात कही। झबरेडा विधायक वीरेंद्र कुमार जाती ने कहा कि जो गुरुमार्ग पर चलता है, उसके जीवन में तरक्की संभव है, क्योंकि अगर आज विधायक बने है तो उसका श्रेय सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज को जाता है। भारतीय शिक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ट समाजसेवी जयराम गौतम प्रधान ने कहा जब दूसरे मिशन के संतों पर सरकार तनख्वाह व सुरक्षा देने का कार्य करती है, तो गुरु रविदास मिशन के संतों के साथ ऐसा भेदभाव क्यों किया जाता है, उन्होंने सर्वसमाज से गुरु गद्दी शुक्रताल व ऊन के निर्माण कार्य में सहयोग करने की बात कही। राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार देशराज कर्णवाल चमार साहब ने कहा कि उन्हें अपनी बिरादरी पर गर्व है, क्योंकि जो शब्द चलन में आ जाता है, उसका हर जगह नाम होता है, इसलिए वह अपने नाम के आगे चमार शब्द को लगाते है। उन्होंने समाज से अपनी जाति न छुपाने की बात कहते हुए सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज के सानिध्य में बिताए पलों को याद किया। सत्संग में महात्मा मेघराज दास, सलाहकार पूर्व राष्ट्रपति जयविलास, महात्मा श्रद्धादास, बृजपाल दास व संदीप दास ने भी विचार रखे। संचालन अनिल कुमार ने किया। पूरे सत्संग समारोह के दौरान शिक्षा व समाज की बेहतरी पर फोकस किया गया।











# मुख्यमंत्री कार्यक्रम से लौटते समय श्रद्धालुओं का टेंपो पलटा, 15 घायल

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रताल दौरे से लौट रहे श्रद्धालुओं का टेंपो तीतावी थाना क्षेत्र में पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में करीब 15 श्रद्धालु, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस सेवा ने सभी घायलों को सीएचसी बघरा पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। गनीमत रही कि किसी की जान को गंभीर खतरा नहीं पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शी और घायल श्रद्धालु अशोक कुमार ने बताया कि वे सभी गांव सोहजनी जटान के निवासी हैं। सभी लोग एक टेंपो में सवार होकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और पलट गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में सहायता की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट, दोपहर में 3 घंटे सबसे ज्यादा खतरनाक, एडवाइजरी जारी

**मुजफ्फरनगर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन, बच्चों और पशु-पक्षियों की सुरक्षा के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि दोपहर 12 से 3 बजे तक का समय स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा हानिकारक है। इस दौरान घर से बाहर न निकलने और पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी के अनुसार दोपहर के तीन घंटे (12 से 3 बजे) खुले वातावरण में रहने से हीट स्ट्रोक और लू लगने का गंभीर खतरा हो सकता है। विशेष रूप से बच्चों और जानवरों को बंद गाड़ी में छोड़ना जानलेवा हो सकता है। बासी या संक्रमित भोजन से भी परहेज करने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने सभी सरकारी दफ्तरों को प्राथमिक चिकित्सा किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जहां किट नहीं मिलेगी, वहां संबंधित विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय की जाएगी।



गर्मी से बचाव के लिए जारी की गई मुख्य सलाहें-

हल्के और ढीले कपड़े पहनें।

अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थ पिएं।

ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी, छाछ, चावल का पानी आदि लें।

खुले में काम करने वालों को सिर, चेहरा और हाथ-पैर ढककर रखना चाहिए।

बाहर जाते समय छाते का प्रयोग करें।

घर की निचली मंजिल पर रहें, कमरे ठंडे रखें, परदे व दरवाजों का उपयोग करें।

बार-बार स्नान करें और गीले कपड़े का इस्तेमाल करें।

एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि गर्मी में लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। यदि किसी को चक्कर, सिरदर्द, पसीना न आना, उल्टी, कमजोरी जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। यात्रा के दौरान पीने का पानी साथ रखें और भीड़भाड़ व गर्म इलाकों से बचें।

एडवाइजरी में लोगों से अपील की गई है कि गर्मियों में केवल इंसान ही नहीं, पशु-पक्षी भी पानी की कमी से जूझते हैं। ऐसे में उनके लिए भी पानी की व्यवस्था जरूरी है। घर के बाहर, बालकनी या छांव में पानी से भरे बर्तन रखें और समय-समय पर पानी बदलते रहें। बर्तनों का आकार ऐसा हो कि जानवर व पक्षी आसानी से पानी पी सकें। यदि कोई जानवर सुस्त हो, खाना न खाए या उल्टी करे, तो तत्काल पशु चिकित्सक को दिखाएं। हीट स्ट्रोक जैसी परिस्थितियों से बचने के लिए सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस एडवाइजरी का पालन करें और अपने साथ-साथ पर्यावरण व जीवों की भी रक्षा करें।

## संपादकीय

# बदलेगी सियासत

जाति जनगणना की तारीखों का ऐलान कर सरकार ने यह संदेह दूर कर दिया कि वह इस मुद्दे को लटकाए रखना चाहती है। तय शेड्यूल के अनुसार, 1 मार्च 2027 की आधी रात को जनगणना खत्म होगी। अब अगला सवाल है कि इसके आंकड़े कितनी जल्दी सार्वजनिक होते हैं। वजह यह है कि लोकसभा परिसीमन और महिला आरक्षण का मामला भी इसी से जुड़ा हुआ है। सरकार ने 2011 की सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना में भी जाति के आंकड़े जुटाने की कोशिश की थी, लेकिन तब उसमें इतनी विसंगतियां पाई गईं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं, पिछले डेढ़ दशक में सामाजिक और राजनीतिक रूप से जातिगत जनगणना का दबाव बढ़ा है। हाल में बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों ने इस दिशा में अपनी तरफ से कोशिश भी की, जो विवादों में घिर गई। केंद्र सरकार को इस तरह के विवादों और पिछली गलतियों से बचना होगा।आजाद भारत में जातियों पर राजनीति हुई, लेकिन उनका हिसाब नहीं रखा गया। ऐसे में यह जातिगत जनगणना पूरे परिदृश्य को बदल कर रख देगी। इसका पहला असर होगा लोकसभा सीटों की संख्या पर, जिस पर कोई फैसला 5 दशकों से टलता आ रहा है। देश की बढ़ती आबादी को अब संसद में अपने ज्यादा प्रतिनिधि चाहिए, लेकिन उत्तर और दक्षिण के बीच जनसंख्या का अंतर बड़ी रुकावट है। दक्षिण के राज्यों ने अपनी आबादी पर उत्तर की तुलना में नियंत्रण किया हुआ है। उन्हें डर है कि परिसीमन से उनके यहां सीटें कम हो सकती हैं।1976 में इंदिरा गांधी और 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारों ने परिसीमन कराया था, लेकिन सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई। इंदिरा सरकार ने 25 साल के लिए सीटें बढ़ाने पर रोक लगा दी थी। वाजपेयी सरकार ने भी इसे बरकरार रखा। 2026 में यह मियाद खत्म हो रही है यानी अब जो जनगणना होने जा रही है, उसी के आधार पर सरकार को परिसीमन से जुड़ा अहम फैसला लेना होगा।जाति जनगणना के साथ जुड़ा एक और अहम सवाल आरक्षण का है। नए आंकड़ों के आधार पर आरक्षण में बदलाव की मांग उठेगी, लेकिन किसी भी तरह के बदलाव के रास्ते में जटिल राजनीतिक और कानूनी पेचीदगियां हैं। इन्हें सुलझाए बिना सरकार के लिए आगे बढ़ना मुश्किल होगा।जाति जनगणना से नए भारत के सामाजिक-आर्थिक समीकरणों को समझने में मदद मिलेगी, साथ में कुछ चुनौतियां भी होंगी। जनगणना के आंकड़े 2029 के पहले जारी हो पाते हैं या नहीं, यह सवाल अपनी जगह है, लेकिन इतना तय है कि इसका असर अगले लोकसभा चुनाव पर जरूर पड़ेगा।

**वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला और सेवा, सुशासन तथा गरीब कल्याण के साथ राष्ट्रहित में आगे बढ़ते हुए दोबारा कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा फिर चाहे कोविड जैसी महामारी आई हो या पड़ोसी देशों ने कुचक्र रचे हों। आज का भारत राष्ट्ररक्षा, राष्ट्रजीवन और राष्ट्रोत्थान के प्रत्येक पक्ष में, एक भारत श्रेष्ठ भारत के मूलमंत्र के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले इस समय को विकास का अमृतकाल कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने साहसिक निर्णयों से देश की राजनीति को सामान्य दलगत सत्ता की राजनीति से बदल कर जनहित और राष्ट्रहित के लिए सतत प्रयासशील राजनीति बनाने का सार्थक प्रयास किया है।**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्ष, विकसित व समृद्धशाली बनने की ओर अग्रसर नया भारत

**(मृत्युंजय दीक्षित )**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित अनुभव करता है क्योंकि वो देख रहा है कि भारत पड़ोसी के अपराध करने पर उसको घर में घुसकर मारता है, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में बड़े बदलाव किए हैं।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला और सेवा, सुशासन तथा गरीब कल्याण के साथ राष्ट्रहित में आगे बढ़ते हुए दोबारा कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा फिर चाहे कोविड जैसी महामारी आई हो या पड़ोसी देशों ने कुचक्र रचे हों। आज का भारत राष्ट्ररक्षा, राष्ट्रजीवन और राष्ट्रोत्थान के प्रत्येक पक्ष में, एक भारत श्रेष्ठ भारत के मूलमंत्र के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले इस समय को विकास का अमृतकाल कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने साहसिक निर्णयों से देश की राजनीति को सामान्य दलगत सत्ता की राजनीति से बदल कर जनहित और राष्ट्रहित के लिए सतत प्रयासशील राजनीति बनाने का सार्थक प्रयास किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित अनुभव करता है क्योंकि वो देख रहा है कि भारत पड़ोसी के अपराध करने पर उसको घर में घुसकर मारता है, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में बड़े बदलाव किए हैं। पूर्व में सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अपने ही पराक्रम को चुनौती देते हुए भारतीय सेना द्वारा इस बार जम्मूक्ककश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या की धृष्टता को ऑपरेशन सिन्दूर से दिए गए उत्तर का परिणाम पूरा विश्व देख रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव था अन्यथा मुंबई जैसे वीभत्स आतंकी हमले के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री डोजियर क्कडोजियर ही खेलते रहे थे।

ऐसा पहली बार हुआ, जब भारत सरकार ने पाकिस्तान की परमाणु हथियारों की गीदड़ भभकी के आगे झुकने से पूर्णतया इंकार कर दिया। कूटनीतिक स्तर पर सिंधु जल समझौता निलंबित करने का निर्णय हुआ जिसके बारे में पहले कभी सोचा भी नहीं गया था। पूरी स्पष्टता और सख्ती के साथ कह दिया गया कि अब पाकिस्तान से बात होगी तो केवल आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस करने पर ही होगी। आजादी के बाद पहली बार भारत सरकार ने पाकिस्तान व उसको सहयोग देने वालों के प्रति इतना कड़ा रुख अपनाया है। मोदी सरकार की नीति से स्पष्ट हो गया है कि अब अगर पाकिस्तान या उसके पोषित आतंकवादियों ने कोई भी गलती करी तो पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

मोदी सरकार के विगत ग्यारह वर्षों में चलाए गए आत्मनिर्भर भारत की धमक ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान पूरे विश्व ने अनुभव की जब भारत के स्वदेशी यंत्रों और आयुधों ने अमरीका, चीन और तुर्की जैसे देशों के हथियारों धूल चटा दी। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आयुधों तथा रक्षा प्रणालियों के क्रेता से विक्रेता बनने की यह यात्रा नए नरेन्द्र मोदी के भारत की पहचान है। केवल सीमापार ही नहीं वरन सीमाओं के भीतर बैठे लाल आतंकी भी डर में हैं और अपनी अंतिम साँसे गिन रहे हैं।



नक्सलवाद के सफाये का व्यापक संकल्पबद्ध अभियान चलाया जा रहा है और गृह मंत्रालय ने 2026 तक भारत को नक्सलवाद के आतंक से मुक्त कराने का बीड़ा उठाया है।

मोदी जी के दूसरे कार्यकाल के आरम्भ में ही 5 अगस्त 219 को जम्मू कश्मीर में अलगाववाद की पोषक धारा -370 इतिहास के पृष्ठों में चली गई और राज्य देश की मुख्य धारा से जोड़ा जा सका। जम्मू कश्मीर ने विकास की राह पकड़ी। प्रान्त में जी-20 (जो भारत की अध्यक्षता के बाद 21 हो चुका है) की बैठकें हुईं। पर्यटन बढ़ा, रोजगार आया, युवाओं के लिए नए अवसर खुले। शांतिपूर्ण चुनाव हुए। कुछ ही दिन पूर्व प्रांत में चंद्रभागा (चिनाब) नदी पर बना विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे ब्रिज प्रधानमंत्री ने देश को समर्पित किया। मोदी राज से पूर्व ये सब कुछ कल्पना मात्र था।

स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ, उज्जवला, मातृत्व वंदन, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण आवास, जन-धन, फ्री राशन जैसी योजनाओं से मोदी सरकार ने बड़ी जनसँख्या को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की है। विश्व बैंक की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मोदी सरकार के विभिन्न प्रयासों के चलते 27 करोड़ भारतीय घोर गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चुनौतियों व विपरीत परिस्थितियों के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था लंबी छलांग लगा रही है और भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। 2014 के पूर्व एक ऐसा समय भी था जब भारत को फ्रजाइल फाइव में से एक कहा गया। महिलाओं की चिंता करते करते हुए पहले मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति तथा फिर संसद व राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया। ड्रोन दीदी और लखपति दीदी अपने आप में सफलता की कहानियां हैं।

डिजिटल क्रांति को अपनाते हुए भ्रष्टाचारमुक्त और पारदर्शी शासन प्रणाली की स्थापना के प्रयास से आज एक तरफ राज्य की कल्याणकारी नीतियों का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुँच रहा है वहीं दूसरी और विश्व भर के निवेशक भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। डिजिटल इंडिया के कारण जनता का जीवन और व्यापार दोनों आसान हुए हैं। बैकिंग आसान हुई है तथा सरकार की जन -धन योजना ने बड़ी आबादी को देश की बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है जिससे सरकारी योजनाओं का वित्तीय लाभ सीधे जनता के बैंक एकाउंट में पहुंच रहा है। आधार आधारित प्रणाली योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्व में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए नोटबंदी का कड़ा निर्णय लिया, उस समय सभी समस्याएं उठाते हुए देश की जनता मोदी जी के साथ खड़ी रही यह उसके अपने प्रधानमंत्री पर अटल विश्वास का परिचायक था। 2017 में आया नया जीएसटी कानून भी कर व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव लेकर आया। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ऐसे सभी कार्य संपन्न हो रहे है जिनका पहले लोग केवल सपना देखते थे। अयोध्या में 500 वर्षों के अथक संघर्षों के बाद दिव्य, भव्य व नव्य राम मंदिर का निर्माण का संकल् अब पूर्णता की ओर है। 2014 के चुनाव प्रचार तक विपक्षी रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे किंतु तारीख नहीं बताएंगे' कहकर भाजपा का मखौल उड़ाते थे किंतु प्रभु बालक राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही विपक्ष स्वयं मखौल बनकर रह गया है। आज करोड़ों रामभक्त रामलला के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण काल चल रहा है। भारत भर के हिंदू सनातन संस्कृति के सभी प्रमुख केंद्रो का विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ-2025 का सफल व अभूतपूर्व आयोजन किया गया जिससे संपूर्ण विश्व में हिंदू एकजुटता का पवित्र संदेश गया। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर हजारों साल पुरानी चोरी हुई कलाकृतियां व मूर्तियां भारत को वापस मिल रही है। जिसमें वाराणसी में अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति अत्यंत महत्व की है। देश के सभी तीर्थस्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ देने के साथ साथ उन्हें रेल, सड़क व वायु पविहन के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

मोदी जी के द्वितीय कार्यकाल में कोविड जैसी महामारी का प्रकोप हुआ जिससे विश्व के बड़े बड़े देशों की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा गयीं। कई देशों में हड़तालें हुईं,दंगे हुए यहां तक कि सत्ता परिवर्तन तक हो गये किंतु भारत की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आम जनमानस के सहयोग से समस्या से निपटी और सफल हुई। भारत सरकार विदेशी वैक्सीन बेचने वाली शक्तियों के विरुद्ध भी डटकर खड़ी रही। भारत ने न केवल अपनी वैक्सीन बनायी वरन वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को धारण करते हुए विश्व के कई देशों को भी इसे उपलब्ध कराया। आमजन के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रधानमंत्री सदा चिंतित रहते हैं इसके लिए एक तरफ आयुष्मान भारत योजना लागू की गई और सस्ती दवाओं की उपलब्धता के लिए जनऔषधि केंद्र खोले गए वहीं स्वास्थ्य सेवाओं की अवस्थापना, चिकित्सा तथा उपचिकित्सा सेवा प्रदाताओं की संख्या बढ़ाने तथा टेली मेडिसिन पर तेजी से काम किया गया। योग के माध्यम से आरोग्य सुनिश्चित करने के लिए योग को बढ़ावा दिया जा रहा है, फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं, भोजन में श्री अन्न को स्थान दिलाने के प्रयत्न हो रहे हैं और अब प्रधानमंत्री जी ने नागरिकों से भोजन में वसा युक्त खाद्य पदार्थों की मात्रा कम करने का आह्वान किया है। मोदी जी के नेतृत्व में अंतरिक्ष, विज्ञान में भारत ने नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। चाहे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तिरंगा फहराना हो या या सूर्ययान आदित्य एल -01 की सफलता की कहानी हो इसरो का 100 अंतरिक्ष यान भेजने का कीर्तिमान, अब तो भारत गगयान का भी प्रक्षेपण करने जा रहा है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था को भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण तोहफे

**(प्रह्लाद सबनानी )**

भारतीय रिजर्व बैंक के उक्त महत्वपूर्ण दोनों निर्णयों से वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भारत में उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी क्योंकि बैंक अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ऋणराशि पर ब्याज दरों को कम करेंगे।

वैश्विक स्तर पर विश्व के कई देशों में आर्थिक गतिविधियों पर संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में तो श्री डॉनल्ड ट्रम्प के राष्टपति बनने के बाद से तेज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 6 जून 2025 को द्विमासिक मुद्रा नीति की घोषणा करते हुए, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से, दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक, रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6 प्रतिशत की दर से नीचे लाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है। केलेंडर वर्ष 2025 में रेपो दर में यह लगातार तीसरी कटौती की गई है एवं कुल मिलाकर रेपो दर में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा चुकी है। फरवरी 2025 एवं




नित नई घोषणाएं की जा रही है। कभी टैरिफ को बढ़ाया जा रहा है तो कभी टैरिफ को लागू करने की तारीखों में परिवर्तन किया जा रहा है तो कभी टैरिफ को कम किया जा रहा है। कुल मिलाकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। अभी हाल ही में अमेरिकी राष्टपति श्री ट्रम्प एवं अमेरिका के एक महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली मंत्री श्री एलान मस्क के बीच युद्ध छिड़ गया है एवं अब वे एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था का इन सब बातों से बहुत नुक्सान होता हुआ दिखाई दे रहा है। बेरोजगारी भत्ता लेने वाले नागरिकों की संख्या में वृद्धि हो रही है, अमेरिकी कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छंटनी पर विचार किया जा रहा है एवं आर्थिक विकास दर कम हो रही है। दूसरी ओर, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होने के आसार अभी भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक तरह से इजराईल, हम्मास के बीच युद्ध अभी भी जारी ही है। चीन एवं अमेरिका के बीच में आई खटास भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। वैश्विक स्तर पर इन समस्त घटनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था नित नई ऊंचाईयों को छूने की ओर अग्रसर है। भारत में नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रति कटिबद्ध हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों के उपक्रम एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियां देश के आर्थिक विकास को गति देने में अपने प्रयास लगातार अप्रेल 2025 घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से रेपो दर में दोनों बार 25 आधार बिंदुओं की कमी की गई थी। रेपो दर उस दर को कहते हैं, जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों को आवश्यकता पड़ने पर ऋण उपलब्ध कराता है एवं विभिन्न बैंक रेपो दर को आधार दर बनाते हुए इस दर पर कुछ आधार बिंदु (जमाराशि की लागत एवं लाभ की राशि का समायोजन करते हुए) जोड़ते हुए, ब्याज की दर पर, अपने ग्राहकों को ऋणराशि उपलब्ध कराते हैं।

दूसरे, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात में सीधे ही 100 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4 प्रतिशत की दर से घटाकर 3 प्रतिशत की दर पर ला दिया है। इससे, भारत में बैंकों के पास 2.5 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से उपलब्ध हो जाएगी एवं सिस्टम में तरलता बढ़ जाएगी। नकद आरक्षित अनुपात उस अनुपात को कहते हैं, जिस पर विभिन्न बैंकों को अपने मांग एवं जमा देयताओं की राशि पर इस अनुपात की दर से नकदी राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा करानी होती है। अतः यह राशि इन बैंकों की पहुंच से बाहर हो जाती है एवं ऋण के रूप में इसे बैंक के ग्राहकों को उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। यदि नकद आरक्षित अनुपात को कम कर दिया जाता है तो बैंकों के पास यह राशि ऋण के रूप में प्रदान करने के लिए उपलब्ध हो जाती है।

# डिजिटल क्रांति की कथा सुनाने लगे गांव

**यह बदलाव अचानक नहीं आया है, यह उस संकल्प की परिणति है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में 'लास्ट माइल कनेक्टिविटी' के रूप में लिया था। बीते 11 वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों ने एक नई डिजिटल क्रांति को जन्म दिया, जो न केवल शहरों को, बल्कि गांवों, सीमाओं व जंगलों को भी जोड़ रही है। आज, जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, तो इस यात्रा में मजबूत दूरसंचार तंत्र व भरोसेमंद इंटरनेट कनेक्टिविटी एक सशक्त उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने सिर्फ तकनीकी विकास नहीं, बल्कि तकनीक के माध्यम से जन-सशक्तीकरण का नया अध्याय रचा है।**

**(ज्योतिरादित्य सिंधिया)**

भारत के दूरसंचार और इंटरनेट उपयोग में पिछले 11 वर्षों में आई क्रांति का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रति उपयोगकर्ता डाटा खपत 2014 में जहां 61 एमबी हुआ करती थी, आज 2025 में 21.5 जीबी हो चुकी है।

आज गलवान और सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों में तैनात हमारे सैनिक इंटरनेट की तेज स्पीड के साथ पूरी दुनिया से जुड़ रहे हैं। जो कभी बर्फीली खामोशियों में रहते थे, वे अब हाई-स्पीड इंटरनेट से संवाद कर रहे हैं। देश के पूर्वोत्तर का व्यापारी वैश्विक बाजार तक पहुंच रहा है, तो छत्तीसगढ़ के जंगलों में रहने वाले छात्र ऑनलाइन पढ़ाई से अपने सपनों को ऊंची उड़ान दे रहे हैं। यह सिर्फ कनेक्टिविटी नहीं, मनोबल बढ़ाने वाली क्रांति है।

यह बदलाव अचानक नहीं आया है, यह उस संकल्प की परिणति है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में 'लास्ट माइल कनेक्टिविटी' के रूप में लिया था। बीते 11 वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों ने एक नई डिजिटल क्रांति को जन्म दिया, जो न केवल शहरों को, बल्कि गांवों, सीमाओं व जंगलों को भी जोड़ रही है। आज, जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, तो इस यात्रा में मजबूत दूरसंचार तंत्र व भरोसेमंद इंटरनेट कनेक्टिविटी एक सशक्त उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने सिर्फ तकनीकी विकास नहीं, बल्कि तकनीक के माध्यम से जन-सशक्तीकरण का नया अध्याय रचा है।

भारत के दूरसंचार और इंटरनेट उपयोग में पिछले 11 वर्षों में आई क्रांति का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रति उपयोगकर्ता डाटा खपत 2014 में जहां 61 एमबी हुआ करती थी, आज 2025 में 21.5 जीबी हो चुकी है। मेगाबाइट से गीगाबाइट तक की यह वृद्धि 'डिजिटल इंडिया' की नींव बन रही है। मात्र 11 साल में ब्रॉडबैंड कनेक्शन में 1,449 फीसदी की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई, जिसकी संख्या आज 95 करोड़ है। मार्च 2014 से मार्च 2025 तक भारत में टेलीफोन कनेक्शन की संख्या 93.3 करोड़ से बढ़कर 120.167 करोड़ हो गई है, जिसमें मोबाइल उपयोगकर्ताओं की संख्या 115.786 करोड़ है। आज भारत, विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बन चुका है। यहां बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल देश में ही बनते हैं। एक समय था, जब एक जीबी डाटा के लिए उपभोक्ताओं को 268.97 रुपये चुकाने पड़ते थे, लेकिन आज वह मात्र 9.34 रुपये में उपलब्ध है, यानी 96 प्रतिशत की अभूतपूर्व गिरावट हमारे 'सर्वव्यापी कनेक्टिविटी' को शक्ति दे रही है।

ग्यारह साल पहले प्रधानमंत्री मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली, तब भारत के लाखों गांव इंटरनेट कनेक्टिविटी से अछूते थे। प्रधानमंत्री जानते थे कि यदि भारत को 21वीं सदी में वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभानी है, तो प्रत्येक गांव, पंचायत और कस्बे को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना होगा। इसी दृष्टि से 'भारत नेट परियोजना' शुरू की गई, जो विश्व की सबसे बड़ी ग्रामीण टेलीकॉम कनेक्टिविटी परियोजना है। इसके पहले चरण में 2.14 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ा जा चुका है, अगले चरण में और 2.64 लाख ग्राम पंचायतों को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य है। इन उपलब्धियों से भारत में एक विशाल डिजिटल हाईवे का निर्माण हुआ है, जिसके लाभ आज देश के हर कोने में महसूस किए जा रहे हैं। दूरसंचार का महत्व केवल फोन, टीवी या कंप्यूटर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवर्तन का एक सशक्त उपकरण बन चुका है। जन-धन, आधार और मोबाइल (जैम) ट्रिनिटी ने डिजिटल वित्तीय समावेशन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। आज इसी डिजिटल हाईवे के माध्यम से भारत वैश्विक डिजिटल पेमेंट्स में 46 प्रतिशत योगदान दे रहा है, जो देश की तकनीकी क्षमताओं और जन-सहभागिता का सशक्त प्रमाण है।

ट्रैफिक के बढ़ते दबाव के अनुरूप इस सरकार ने लगातार तकनीकी नवाचार करते हुए देश की इंटरनेट कनेक्टिविटी को आधुनिक व सक्षम बनाए रखा है। इस प्रयास के केंद्र में है हमारा स्वदेशी संचार नायक-बीएसएनएल। 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत सरकार द्वारा किए गए ठोस प्रयासों के फलस्वरूप यह एक बार फिर मजबूती से उभर रहा है। 17 वर्षों में पहली बार इसने लगातार दो वित्तीय तिमाही में शुद्ध लाभ दर्ज किया है। देश भर में 93,000 से अधिक 4जी टावर की स्थापना के साथ बीएसएनएल अपने उपयोगकर्ताओं को सुलभ और निर्बाध 4जी कनेक्टिविटी उपलब्ध करा रहा है, वह भी पूर्ण स्वदेशी तकनीक के माध्यम से।

बीएसएनएल ने महज 22 महीनों में देश का पहला पूर्ण स्वदेशी 4जी स्टैक विकसित किया, जिससे भारत उन पांच देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो यह तकनीकी आत्मनिर्भरता प्राप्त कर चुके हैं। जनता के इस भरोसे और समर्थन ने बीएसएनएल को यह ऐतिहासिक सफलता दिलाई है, जो 'डिजिटल इंडिया' के आत्मनिर्भर संचार तंत्र की एक बड़ी उपलब्धि है। इसी संचार क्रांति की अगली कड़ी में अब डाक विभाग भी तकनीक और सेवा के क्षेत्र में एक नई भूमिका निभा रहा है। एक समय था, जब डाक विभाग को केवल पत्र लाने-ले जाने तक सीमित माना जाता था, पर आज यह विभाग ग्रामीण भारत की जीवन-रेखा के रूप में उभर रहा है। 1.6 लाख से अधिक डाकघरों के व्यापक नेटवर्क के साथ इसे एक सशक्त लॉजिस्टिक्स और सेवा प्रदाता संगठन के रूप में बदला जा रहा है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं अब देश के कोने-कोने तक पहुंच चुकी हैं। यह बदलाव इतना व्यापक है कि अब 'डाकिया डाक लाया' की पारंपरिक छवि की जगह 'डाकिया बैंक लाया' की नई पहचान ने ले ली है। यह परिवर्तन सिर्फ सेवा का नहीं, बल्कि सशक्तीकरण का माध्यम बन गया है, जहां ग्रामीण भारत को अब शहरों की ओर देखने की जरूरत नहीं, बल्कि गांव अब डिजिटल भारत की गति को संबल दे रहे हैं। सरकार डाक विभाग को देश की आर्थिक आधारशिला का हिस्सा बनाते हुए इसे एक वित्तीय महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

ग्रामीण विकास के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का ही यह परिणाम है कि गांव में बैठे-बैठे आम जनता सुविधाजनक तरीके से न सिर्फ सरकारी सुविधाओं का लाभ ले पा रही है, बल्कि राष्ट्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए अब बड़े शहरों पर आश्रित नहीं होना पड़ता, क्योंकि उनके गांव में सुलभ मजबूत कनेक्टिविटी और ऑनलाइन कक्षाएं उनके लिए नित नए द्वार खोल रही हैं। व्यापारियों को अब बैंकों के चक्कर नहीं काटने पड़ते, क्योंकि इंटरनेट के माध्यम से सभी लेन-देन और हिसाब ऑनलाइन ही हो जाता है।

## पशु क्रूरता करने वाला आरोपी हस्तिनापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया



मेरठ। मेरठ के थाना हस्तिनापुर पुलिस ने पशु क्रूरता करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। चन्दन पुत्र रामनवल निवासी ग्राम संजीवन ड-ाकखाना मीता तहसील व थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर हाल पता दैनिक श्रमिक डेरी फार्म कस्वा व थाना हस्तिनापुर मेरठ, द्वारा गाय का बच्चा उम्र करीब 27 दिन को दूध पीते समय गुस्से में आकर जमीन पर पटक दिया गया था। जिससे गाय के बच्चे के सिर मे चोट आने पर उसकी मौत हो गई थी। इस संबंध में अर्जुन पुत्र रामभरोस निवासी बनपुरवा थाना नूरपुर कटका जनपद अम्बेडकरनगर हाल तैनाती प्रक्षेत्र प्रबन्धक राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्र हस्तिनापुर मेरठ की तहरीर के आधार पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नामजद अभियुक्त चन्दन पुत्र रामनवल को डेरी फार्म हस्तिनापुर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

## पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल, जानवर काटने का उपकरण और तमंचे बरामद



मेरठ। थाना लोहियानगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए हैं। दोनों बदमाशों के पास से जानवर काटने के उपकरण, अवैध तमंचे कारतूस और बाइक बरामद हुई है। चौकी प्रभारी फफूंडा मय पुलिस फोर्स के अल्लीपुर मोड चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बिना नम्बर की प्लेटीना बाइक पर तीन अज्ञात युवक आते दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस द्वारा रोकने का इशारा किया गया जो नहीं रूके तथा पुलिस को देखकर तेजी से मोटरसाईकिल काली नदी की तरफ भगाने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा मोटरसाईकिल का पीछा किया गया। जो फिसलकर गिर गये तथा खुद को घिरता देख बाइक सवार युवको ने काली नदी के पास पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ बदमाशों के ऊपर फायर किया गया। जिसमें दो बदमाश शाहरुख पुत्र इस्लाम निवासी शौकीन गार्डन थाना लिसाड़ीगेट मेरठ (अभियुक्त शाहरुख उपरोक्त थाना सरधना से गोकश एव एनएसए है जिसके बाये पैर में गोली लगी है) और लियाकत पुत्र लालू निवासी ग्राम पीपलीखेड़ा ताना लोहियानगर मेरठ (दाहिने पैर में गोली लगी है)। जिन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। इनका एक साथी इरफान पुत्र अली जान निवासी पीपली खेड़ा थाना लोहिया नगर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया है। घायलो से पूछताछ की गयी तो बताया कि हम गोकशी करने जा रहे थे, बरामद मो0सा0 के बारे में बताया कि मेरठ शहर से चुरायी थी। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से एक प्लैटिना मोटरसाइकिल, दो तमंचे 315 बोर मय दो जिंदा व दो खोखा कारतूस व जानवर काटने के औजार बरामद हुए हैं। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## मेरठ का रहने वाला परिवार सोसायटी की लिफ्ट में फंसा, पुलिस ने की मदद

नोएडा। आजकल बड़ी-बड़ी सोसाइटीज में लोगों के लिफ्ट में फंसने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ये दुर्घटना जानलेवा भी हो सकती है। ऐसा ही एक मामला ग्रेटर नोएडा के बीटा-दो कोतवाली क्षेत्र स्थित सीनियर सिटिजन सोसायटी का सामने आया है। यहां की लिफ्ट करीब एक घंटे तक मेरठ में रहने वाला एक ही परिवार के 6 लोग अंदर फंसे रहे। परिवार के लोगों की जान आफत में फंसी रही। 112 नंबर पर कॉल कर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लिफ्ट में फंसे परिवार को दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। पीड़ित परिवार ने मदद करने वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा कर आभार जताया है।
डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव ने बताया कि मेरठ के रहने वाले मुकेश शर्मा परिवार के साथ मथुरा वृंदावन दर्शन के लिए गए थे। रात को वापस लौटते समय वह ग्रेटर नोएडा की सीनियर सिटीजन सोसायटी में रहने वाले अपने भतीजे के फ्लैट पर आकर रुक गए। इसके बाद वह कल को वह अपने घर जाने के लिए सोसायटी से निकल रहे थे। सोसाइटी की लिफ्ट में मुकेश के परिवार के छह सदस्य फंस गए।

# योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे कुछ अधिकारी



मेरठ। शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर एवं पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने आज मेरठ में हिंदुत्वनिष्ठ कार्यकर्ता सचिन सिरोही से उनके आवास पर मुलाकात की। महामंडलेश्वर ने सचिन सिरोही की गिरफ्तारी को "असंवैधानिक" करार देते हुए कहा कि उन्होंने पहली बार ऐसा देखा है जब किसी कार्यकर्ता को एक अवैध ढांचे के शांतिपूर्ण विरोध या पुतला दहन जैसी लोकतांत्रिक गतिविधियों के लिए जेल भेजा गया हो। उन्होंने यह सवाल उठाया कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े एक निष्ठावान कार्यकर्ता को भी इस प्रकार निशाना बनाया जा सकता है, तो आम कार्यकर्ता की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहां है? उन्होंने आशंका जताई कि कुछ प्रशासनिक अधिकारी योगी आदित्यनाथ जी की छवि को धूमिल करने और उनके राजनीतिक समर्थन को कमजोर करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। हिन्दू हितों की बात यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि ऐसे वातावरण में हिन्दू समाज के जागरूक लोगों को एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीकों से आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने अपील की कि समाज को सचिन सिरोही जैसे कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी हिन्दू हितों की बात करने से डरे नहीं। इस दौरान यति अभयानंद गिरी, पंडित बालकिशन राय, दिवेश वर्मा, रिंकल चाहन सिंह, डॉ. योगेंद्र योगी सहित कई प्रमुख सामाजिक और धार्मिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ईदगाह के पास पड़ा मिला शव, फोरेंसिक टीम मौके पर



मेरठ। थाना दौराला के समौली गांव स्थित ईदगाह के पास सुबह एक शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।
किसान खेतों पर कार्य करने सुबह जब जा रहे थे। इस दौरान किसानों ने ईदगाह के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा और सूचना पुलिस को दी। शव की शिनाख्त गांव निवासी सतीश के रूप में हुई। मृतक के भाई, बेटा मौके पर पहुंचे बेटे अरविंद के अनुसार, मृतक की पत्नी सीमा, बेटी अंजली, खुशी, बेटा काले, वंश मुजफ्फरनगर के जानसठ में रहते हैं। मृतक चिनाई मिस्त्री का काम करता था और समौली गांव में रहता था। बताया कि वह शराब पीने का आदी था। मृतक देर रात तक घर नहीं पहुंचा था। सतीश का शव मिलने पर परिजनों में मातम पसर गया।
सीओ दौराला प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया शराब पीने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। गर्मी और धूप के चलते शव की खाल झुलस गई थी। फोरेंसिक टीम की जांच के बाद सतीश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## मेरठ के देवीनगर में पशुओं के अवशेष मिलने से हंगामा



मेरठ। मेरठ के थाना नौचंदी क्षेत्र के देवी नगर में संरक्षित पशुओं के अवशेष मिलने पर भाजपा नेताओं ने हंगामा कर दिया। सूचना पर सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कार्यकताओं को शांत कराया। नगर निगम की टीम ने जांच के लिए सेंपल लैब भेज दिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। रेल, खेल और उड्डयन मंत्रालय के सदस्य अंकित चौधरी को सूचना मिली कि देवी नगर में हिंदू आबादी में आठ कट्टे सड़क पर पड़े हुए हैं। जिसमें मीट और संरक्षित पशुओं के अवशेष हैं। वह कार्यकताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। सूचना पर सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी नौचंदी और सिविल लाइन पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। अंकित चौधरी ने सीओ से कहा कि हिंदू आबादी में जिस तरह से अवशेष फेंके गए हैं, इससे एक समुदाय के लोग माहौल खराब करना चाहते हैं। लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। इस मामले में संबंधित चौकी प्रभारी और फैंटम पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। उनके क्षेत्र में खुलेआम सड़क पर अवशेष फेंके गए हैं, उस वक्त पुलिस कहां थी। इस पर सीओ सिविल लाइन ने नौचंदी पुलिस को मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी खंगालकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके बाद ही मामला शांत हुआ। नगर निगम की टीम जांच के लिए सेंपल ले गई।

## नोएडा में युवती को दोस्ती करनी पड़ी मंहगी, युवक ने अश्लील वीडियो किया वायरल

नोएडा। थाना सेक्टर-63 में एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक युवक से उसकी दोस्ती हुई। उसने उसकी अतरंग समय की अश्लील वीडियो बना ली, तथा उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस घटना के बाद भी युवक उसे धमकी दे रहा है। वहीं थाना जेवर में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक व्यक्ति उसे रोज नए-नए नंबरों से फोन करके तंग कर रहा है। जान से मारने की धमकी दे रहा है, और गाली-गलौज कर रहा है। दोनों मामलों की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।
थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि एक युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 वर्ष पूर्व उसकी दोस्ती जनपद प्रतापगढ़ के रहने वाले अभय प्रताप सिंह से हुई थी। वह युवती के काफी नजदीक आया। इसी दौरान उसने युवती की अश्लील फोटो खींच ली। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने उसकी फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया तथा उससे लगातार जबरन शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बना रहा है। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज की। पीड़िता के अनुसार जब वह आरोपी से बात करने गई तो उसने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी। युवती के अनुसार वह उसे बदनाम करने की धमकी दे रहा है। युवती के अनुसार आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया है। उसने उसकी बड़ी बहन के बारे में भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मैसेज लिखा है। थाना प्रभारी ने बताया की युवती की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।
दूसरी घटना के बारे में थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि जेवर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अरुण नाम का एक लड़का कुछ दिनों से उसे लगातार फोन कर रहा है। वह नए-नए नंबरों से उल्टी सीधी बातें लिखकर उसे मैसेज के साथ फोन करता है। गाली-गलौज करता है, तथा उसके बच्चों को मारने की धमकी दे रहा है। महिला के अनुसार उसने उसके व्हाट्सएप डीपी से उसका फोटो चोरी करके अपने साथ फोटो बना लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक महिला से एक तरफा प्रेम करता है। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रालोद के राष्ट्रीय महासचिव पर लगे गंभीर आरोप, शीर्ष नेतृत्व ने साधी चुप्पी



मेरठ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के भीतर घमासान मचा हुआ है। इस बार मामला पार्टी के भीतर अनुसूचित जाति से जुड़े नेताओं को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी का है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उन्होंने एक बैठक के दौरान अनुसूचित जाति के नेताओं के प्रति आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। बताया जाता है कि त्रिलोक त्यागी, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी का नाम लेते हुए कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इससे पार्टी के भीतर नाराजगी का माहौल बना हुआ है। सबसे बड़ा झटका पार्टी को तब लगा जब खुद रालोद के राष्ट्रीय महासचिव केपी चौधरी ने त्यागी के खिलाफ सार्वजनिक मोर्चा खोल दिया। चौधरी ने एक सात पन्नों का कड़ा पत्र लिखकर आरोप लगाया कि त्यागी की भाषा न केवल असंवैधानिक थी बल्कि उससे पार्टी के दलित वर्ग के नेताओं की गरिमा को ठेस पहुंची है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि पार्टी नेतृत्व ने सात दिन के भीतर कोई कड़ा कदम नहीं उठाया तो वह इस पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तक लेकर जाएंगे और कानूनी रास्ता अपनाएंगे। इस पत्र ने अब रालोद की अंदरूनी राजनीति को गरमा चुका है। पार्टी के कार्यकर्ता असमंजस में हैं और दलित वर्ग से जुड़े नेता खासे नाराज बताए जा रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व अभी तक चुप्पी साधे है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो यह विवाद रालोद को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नुकसान पहुंचा सकता है, खासकर उस समय जब पार्टी आगामी स्थानीय चुनावों की तैयारी में जुटी है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पार्टी नेतृत्व त्रिलोक त्यागी पर कार्रवाई करता है या यह मामला और लंबा खिंचता है।

## मुस्लिम युवक ने पहचान बदलकर की हिंदू युवती से शादी, धर्म परिवर्तन का डाला दबाव




मेरठ। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक युवक को झूठी पहचान के जरिए शादी कर युवती पर धर्म परिवर्तन का दबाव डालने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मुब्स्सिर पुत्र जाहिद, निवासी फतेउल्लापुर रोड, लोहिया नगर, मेरठ को 9 जून को पिलोखड़ी पुल के पास से गिरफ्तार किया। पीड़िता के अनुसार, युवक ने गलत नाम और धर्म बताकर उससे मंदिर में शादी की। बाद में जब उसकी असली पहचान सामने आई, तो उसने युवती के साथ गाली-गलौज और मारपीट की, साथ ही पांच लाख रुपये की मांग करते हुए जबरन धर्म बदलवाने का दबाव भी बनाया। शिकायत पर लिसाड़ी गेट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें भारतीय दंड संहिता की और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 5(3) के तहत केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी अशोक कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक नितिन कुमार और कांस्टेबल अरुण वर्मा शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच तेजी से की जा रही है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## आज का इतिहास

नयी दिल्ली 12 जून (वार्ता) भारतीय एवं विश्व इतिहास में 12 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है।
1849: गैस मास्क के लिए लुई हैस्लेटो को पेटेंट मिला।
1897: असम में भूकंप से करीब 1500 लोगों की मौत हुई।
1929: दूसरे विश्व युद्ध के दौरान नाजियों के जुल्म का शिकार बनी यहूदी लड़की एनी फ्रेंक का जन्म। नाजियों की कैद के दौरान लिखी गई एनी की डायरी को बाद में किताब के रूप में छापा गया।
1962: अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को की खाड़ी में स्थित कड़ी सुरक्षा वाले कारागार एलकटराज से तीन कैदी भाग निकले। इस जेल को सुरक्षा के हिसाब से अकाट्य माना जाता था और यहां सबसे गंभीर अपराधों वाले कैदियों को रखा जाता था।
1964: अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई करने वाले अश्वेत नेता नेल्सन मंडेला को सरकार के खिलाफ साजिश का दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा।
1972: महात्मा गांधी के जीवन पर आठ खंड का ग्रंथ लिखने वाले डी.जी. तेंदुलकर का निधन
1975: इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनाव में सरकारी मशीनरी के गलत इस्तेमाल का दोषी पाया और उनके निर्वाचन को अमान्य करार दिया।
1990: इंडियन नेशनल सैटेलाइट (इनसैट-1डी) को लॉन्च किया गया।
1994: बोइंग-777 ने अपनी पहली उड़ान भरी। उस समय इस विमान में दुनिया का सबसे बड़ा ट्विन जेट इंजन लगाया गया था।
1998: भारत और पाकिस्तान को परमाणु परीक्षण के कारण जी-8 के देशों द्वारा ऋण नहीं देने का निर्णय।
2005: फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन दोहराया।
2007: ऑस्ट्रेलिया के स्कूलों में सिख छात्रों को धार्मिक प्रतीक कृपाण रखने की इजाजत मिली।
2013: भारत में 163 साल से चली आ रही टेलीग्राम सेवा को बंद करने की घोषणा की गई। 15 जुलाई 2013 के दिन देश में आखिरी टेलीग्राम भेजा गया।

## मेरठ में चचेरे भाई ने पहले दी जान से मारने की धमकी फिर छुरी से वार करके की युवक की हत्या



मेरठ। मेरठ में चचेरे भाई ने पहले जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद छुरी से वार करके युवक की हत्या कर दी। हत्यारोपी इस्माइल ने मृतक युवक मारूफ को खेतों में काम करते समय जान से मारने की धमकी दी थी। युवक मारूफ ने चचेरे भाई की धमकी को गंभीरता से नहीं लिया था। गांव आते ही इस्माइल ने मारूफ की हत्या कर दी। पुलिस हत्यारोपी की तलाश कर रही है। जानी खुर्द के गांव नंगला कुंभा में देर रात युवक मारूफ की चचेरे भाई इस्माइल ने छुरी से वार कर हत्या कर दी। दोनों के बीच शाम को खेत से मिट्टी उठाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस्माइल ने मारूफ को गांव पहुंचने पर हत्या करने की धमकी दी थी। पुलिस ने हत्यारोपी के पिता को हिरासत में ले लिया है। वारदात को अंजाम देकर भागे हत्यारोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। दोनों पक्षों में तनाव के कारण गांव में पुलिस तैनात की गई है। पुलिस के मुताबिक, नंगला कुंभा निवासी रागिब का पुत्र मारूफ मंगलवार रात करीब नौ बजे खाना खाने के बाद अपने घर के बाहर घूम रहा था। इस दौरान उसका चचेरा भाई इस्माइल वहां आया। इसके बाद इस्माइल ने मारूफ पर छुरी से वार कर दिए। करीब आधा दर्जन वार कर इस्माइल मौके से भाग गया। छुरी के वार से गंभीर घायल अवस्था में मारूफ जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। चीख सुनकर परिजन बाहर आए। परिजन घायल मारूफ को उपचार के लिए मेरठ के एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। अस्पताल में कुछ देर में ही उपचार के दौरान मारूफ की मौत हो गई। मारूफ के परिजनों के अनुसार, मंगलवार शाम घटना का आरोपी इस्माइल अपने खेत से भैंसा-बुग्गी से मिट्टी उठा रहा था। बराबर के खेत में काम कर रहे मारूफ ने इस्माइल को खेत से मिट्टी उठाने के लिए मना किया था। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी। इस्माइल ने मारूफ को गांव चलने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इस बात को मारूफ ने गंभीरता से नहीं लिया। गांव आने पर इस्माइल ने अपनी धमकी मारूफ की जान लेकर पूरी कर दी।
एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक पक्ष ने इस्माइल का नाम बताया है। उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

## रंग संसार

### वॉर 2 से पहले जूनियर एनटीआर के हाथ लगी माइथोलॉजिकल फिल्म, पर्दे पर निभाएंगे भगवान का किरदार



नई दिल्ली। निर्देशक अयान मुखर्जी की आने वाली स्पाई थ्रिलर फिल्म वॉर 2 को लेकर साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर का नाम लगातार सुर्खियां बटोर है। ऋतिक रोशन स्टारर इस मूवी में वह नेगेटिव रोल प्ले करते दिखेंगे। वॉर 2 की रिलीज से पहले एनटीआर की अगली फिल्म को लेकर लेटेस्ट अपडेट सामने आया है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है।
अपकमिंग मूवी में जूनियर एनटीआर पर्दे पर भगवान का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। आइए एक नजर अभिनेता की इस आने वाली फिल्म के बारे में डिटेल्स में जानते हैं।
जूनियर एनटीआर की नई फिल्म का एलान
फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने जूनियर एनटीआर की आने वाली नई फिल्म को लेकर अपने ऑफिशिय इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। तरण के पोस्ट के अनुसार एनटीआर की अगली फिल्म माइथोलॉजिकल ड्रामा होगी। जिसका निर्देशन साउथ सिनेमा के दिग्गज निर्देशक त्रिविक्रम करेंगे। इस मूवी में जूनियर एनटीआर भगवान कुमारास्वामी की भूमिका निभाते दिखेंगे।
इस अनाउंसमेंट के बाद से साउथ सुपरस्टार के फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है। स्क्रीन पर लॉर्ड के रोल में एनटीआर अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ते हुए नजर आएंगे। वॉर 2 से पहले ये उनके लिए एक बड़ा ब्रेकथ्रू माना जा रहा है। बता दें कि इससे पहले भी जूनियर एनटीआर पर्दे पर डिवाइन कैरेक्टर्स को प्ले कर चुके हैं, बचपन में वह एक साउथ मूवी भगवान श्रीराम भी बने थे।गौर करने वाली बात ये है एक मौजूदा समय में एक्शन थ्रिलर मूवीज का बोलबाला देखने को मिल रहा है। ऐसे में जूनियर एनटीआर का माइथोलॉजिकल ड्रामा की तरफ झुकाव का फैसला कितना सफल साबित होता है या नहीं तो आने वाला वक्त बताएगा। फिलहाल उनकी इस अपकमिंग मूवी की अनाउंसमेंट से मनोरंजन जगत में हलचल शुरू हो गई है। एंटी हीरो के किरदार जूनियर एनटीआर वॉर के सीक्वल में धमाल मचाते हुए नजर आएंगे।

## राज काज

### क्या ट्रंप और मस्क के बीच हो गया 'पेचअप', एलन मस्क अब जता रहे अफसोस, बोले- 'मुझे पछतावा है




नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ पिछले सप्ताह की गई अपनी कुछ सोशल मीडिया पोस्ट पर खेद व्यक्त किया और कहा कि उनकी पोस्ट " बात बहुत आगे बढ़ गई" ।एलन मस्क ने लिखा, "मुझे पिछले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बारे में लिखी गई अपनी कुछ पोस्टों पर खेद है। बात बहुत आगे निकल गई।"कैसे शुरू हुई थी तकरार?
हाल के दिनों में एलन मस्क और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच एक खुलेआम और बहुत ही सार्वजनिक विवाद ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं।ट्रम्प और मस्क के बीच पिछले सप्ताह अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल शुरू हो गया था, जिसमें टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने राष्ट्रपति के स्वीपिंग टैक्स और स्पेंडिंग बिल को नफरती कदम बताया था।
हालांकि मस्क ने विवाद को कुछ हद तक शांत कर दिया है और डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपने कुछ भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं, लेकिन राष्ट्रपति अभी भी सुलह के मूड में नहीं दिख रहे हैं और उन्होंने मस्क को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने 2026 के मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेट्स का समर्थन किया तो उन्हें "बहुत गंभीर परिणाम" भुगतने होंगे।

## दैनिक राशिफल..... 12 जून, 2025, गुरूवार


**मेष** – योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मङ्कचतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा।


**वृष** – व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।


**मिथुन** – लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।


**कर्क** – सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।


**सिंह** –अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।


**कन्या** – आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है।


**तुला** – कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।


**वृश्चिक** – नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।


**धनु** –कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा।


**मकर** – भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।


**कुम्भ** – जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे।


**मीन** – मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

## दैनिक पंचांग

**12 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.30 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कर्क | 07.43 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 10.00 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.11 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.22 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.37 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.58 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.44 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मीन | 00.17 बजे से |
| | | मेष | 01.48 बजे से |
| | | वृष | 03.28 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 163 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** प्रतिपदा 14.28 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 21.57 बजे को समाप्त।
**योग** शुभ 14.05 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 14.28 बजे तदनन्तर तैतिल 02.57 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 09'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872373
**जूलियन दिन** 2460838.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 15

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व एक दिवसीय योग शिविर लगाया गया

**शामली।** बुधवार को शहर के नगर पालिका परिसर में दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट शामली के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व एक दिवसीय योग शिविर प्रातः 5 बजे से साढे 6 बजे तक लगाया गया। योग प्रशिक्षक राजकुमार व संस्थान के जितेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रोटोकॉल जिसमें स्कंद चालान, ग्रीवा चालान, वृक्ष आसान, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शशांक आसन, मर्कटासन, सेतुबंध आसान के साथ-साथ प्राणायाम और ध्यान की भी साधना कराई गई। संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि योग को ईश्वरीय सेवा मानकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। 15 जून से 20 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह संयुक्त रूप से नगर पालिका शामली व दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट द्वारा नगर पालिका प्रांगण में मनाया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में आम जन भाग लेकर स्वस्थ लाभ प्राप्त करे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ऋषिपाल गोयल, अजय शर्मा, सरवन संगल, रमेश बजाज, रमेश बजाज, अशोक वशिष्ठ, राजेश गुलाटी, शिक्षा शर्मा, अरविंद मलिक, दीपक रोहिल्ला, जयपाल इंसा, अरविंद मलिक, अरविंद पांचाल, हरपाल सिंह, देवेंद्र मलिक आदि मौजूद रहे।



# शहर में बार-बार विद्युत फाल्ट होने से नागरिक परेशान

**शामली।** नगर पालिका के सभासद रोबिन गर्ग ने शामली शहर में बार-बार विद्युत फाल्ट होने से नागरिकों को हो रही परेशानियों को देखते हुए अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। बुधवार को दिए ज्ञापन में सभासद रोबिन गर्ग ने कहा कि क्षेत्र शामली में बिजली की स्थिति अत्यंत दयनीय होती जा रही है। विशेष रूप से गर्मियों में बार-बार बिजली जाने की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज आंधी, तूफान, हवा या थोड़े से लोड पर भी ये तार फुंक जाते हैं या शॉर्ट सर्किट हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप पूरे क्षेत्र की बिजली बाधित हो जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष परेशानी होती है। इसके अतिरिक्त बड़ा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, गंगा मंदिर वाली गली, मुरारी वाला कुआं, पुरानी शिव मूर्ति, हलवाई हट्टा आदि क्षेत्र में तारों की स्थिति काफी जर्जर हालत में है। उन्होने कहा कि बार-बार आने वाले फॉल्ट की स्थायी मरम्मत कराई जाए ताकि बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो सके। इसके अतिरिक्त ट्रांसफार्मर एवं अन्य उपकरणों की भी जांच की जाए।



# एनसीसी के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ

**शामली।** शहर के मदरलैंड स्कूल में चल रहे एनसीसी के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। कैंप में दसों दिन कैडटों का विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल मनीष सिन्हा ने अपने संबोधन में कैडेट से कहा कि जो भी कैंप में सीखा है उसे अपने जीवन में उतार ले और देश की सेवा में सदैव तत्पर रहे हैं। कैंप समापन की पूर्व संध्या पर कैंप में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट्स ने गीत एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन थर्ड ऑफिसर लक्ष्मी गर्ग ने किया। कैंप के दौरान वॉलीबॉल प्रतियोगिता, ड्रिल कंपटीशन, खो-खो प्रतियोगिता, डिबेट कंपटीशन आदि के विजेताओं को ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया। मदरलैंड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य को कैंप के संचालन तथा व्यवस्थाओं में सहयोग करने पर कैंप कमांडेंट का मनीष सिन्हा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैंप के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सीपी भदौला, सूबेदार मेजर सुनील कुमार, सूबेदार राघवेंद्र सिंह, लेफ्टिनेंट आशीष, लेफ्टिनेंट विपिन कुमार, चीफ ऑफीसर अशोक कुमार, चीफ ऑफिसर नीरज कुमार, लेफ्टिनेंट शिवकुमार, सीटीओ प्रियंका, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



# घर में घुसकर मारपीट, दो घायल

**कैराना।** कस्बा के मोहल्ला आर्यपुरी में बुधवार सुबह एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित अब्बास पुत्र हबीब ने थाने में तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सुबह लगभग 9 बजे की है जब अब्बास अपने घर पर परिवार सहित मौजूद था। तभी मोहल्ले के कुछ लोग-हाजी इमरान, साहिल, सादिक (सभी निवासी आर्यपुरी) तथा आमिर (निवासी अकबरपुर सुनहेटी) घर में घुस आए। आरोप है कि उनके पास लाठी-डंडे व लोहे की रॉड आदि थे और उन्होंने गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना में अब्बास के घुटने में फावड़े से चोट आई, वहीं उसके पुत्र आसिफ को लाठी लगने से हाथ में चोट लगी है। इस दौरान अब्बास की पत्नी की नाक की लॉग भी निकाल ली गई। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जाते समय आरोपितों ने धमकी दी कि यदि उनके खिलाफ रिपोर्ट की गई तो झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कबीर साहेब प्रकट दिवस का तीसरे दिन समापन

**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के गांव वेदखेडी में चल रहे कबीर साहेब प्रकट दिवस के उपलक्ष में विशाल भंडारे का समापन हो गया। बुधवार को क्षेत्र के वेदखेड़ी में स्थित सतलोक आश्रम शामली में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में हो रहे कबीर साहेब प्रकट दिवस के अवसर पर अखंड पाठ व भंडारे का आज तीसरे दिन समापन हो गया है। जिसमें तीनों दिनों से उत्तर प्रदेश के 75 जिलों से लगातार आ रहे लाखों श्रद्धालुओं ने आकर भंडारा व प्रसाद ग्रहण किया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना और इतनी भयंकर गर्मी मे भी संत रामपाल महाराज के आशीर्वाद से सभी व्यवस्थाएं सुचारु रुप से चलती रही। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन पानी की व्यवस्था की गई। इस भव्य समागम में संत गरीब दास महाराज की अमृतवाणी का तीनों दिन अखंड पाठ चला।

इस महा समागम में विशाल भंडारा, दहेज मुक्त विवाह, रक्तदान शिविर, देह दान आदि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आश्रम के प्रवेश द्वार पर एक भव्य आध्यात्मिक प्रदर्शिनी भी लगाई गई, जिसमें प्रमाण के लिए सभी पवित्र सद्ग्रंथों को रखा गया था। उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑर्डिनेटर भगत हरदेश दास ने बताया कि नशा, चोरी, ठगी, रिश्वतखोरी आदि सभी बुराईयों को छोड़कर 4500 लोगों ने सतगुरु रामपाल महाराज से निशुल्क नाम दीक्षा प्राप्त की।



# विद्युत ट्रासफार्मर में फाल्ट आने से लोगों को भीषण गर्मी में परेशान होना पडा

**शामली।** शहर के मौहल्ला काकानगर में रखे विद्युत ट्रासफार्मर में देर रात्रि अचानक फाल्ट आने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पडा। बुधवार को विद्युत विभाग की टीम ने ट्रांसफार्मर को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन ठीक न होने पर विद्युत विभाग ने ट्राली ट्रासफार्मर रखवाकर समुचित व्यावस्था की है। मंगलवार देर रात्रि भीषण गर्मी में काकानगर के लोगों को उस समय परेशानियों का सामना करना पडा, जब मौहल्ले के बाहर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक खराबी आ गई। सूचना पाकर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन रात में समस्या का समाधान नही हो सका। बुधवार सवेरे विद्युत विभाग की टीम ने जांच की तो पता चला कि ट्रांसफार्मर पर लोड अधिक होने के कारण ट्रासफार्मर खराब हो गया है। दोपहर तक भी ट्रासफार्मर ठीक न होने पर विद्युत विभाग की टीम ने ट्राली ट्रांसफार्मर रखवाकर अस्थानीय व्यवस्था की है, जिसके बाद काकानगर सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। भीषण गर्मी में लगातार ट्रांसफार्मरों पर लोड बढने से विद्युत विभाग को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।



# थानाभवन के राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भविष्य लटका अधर में, अन्य किसी महाविद्यालय में प्रवेश लेने से किया इंकार

**थानाभवन।** थानाभवन के राजकीय महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को इस सत्र में दाखिला न मिलने से इनका शैक्षिक भविष्य अधर में लटक गया है। अपनी समस्या के निदान के लिए छात्र छात्राएं जहाँ जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे है। वहीं आज 12 जून को छात्र-छात्राएं कुलपति के समक्ष अपनी समस्या रखेंगे, लेकिन लाख टके का सवाल है क्या इन पीड़ित बच्चों को न्याय मिलेगा?

कस्बा थानाभवन में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा के प्रयासों से लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज के पास राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हुई थी। नगर व क्षेत्र की जनता ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मंत्री सुरेश राणा का आभार भी प्रकट किया था। युवाओं को भी आस जगी थी कि वे कंही दूर न जाकर थानाभवन में ही स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर सके। पिछले वर्ष कुल 147 बच्चों ने बीए, बीकॉम व बीएससी में महाविद्यालय में प्रवेश लिया था। कुल दो सेमेस्टर की पढ़ाई की थी। छात्रों को विश्वास था कि इस साल भी वे अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे, लेकिन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर निशांत सैनी की तरफ से सभी छात्र-छात्राओं को मेसज प्राप्त हुआ कि एनओसी व टीसी प्राप्त कर अन्य किसी कॉलेज में दाखिला ले लें। नए सत्र में केवल नए छात्रों के दाखिले होंगे। मेसज पढ़कर छात्र सदमे में आ गए। नाराजगी के चलते छात्रों ने हंगामा भी किया। छात्रों की मांग थी कि उनके शिक्षा सत्र को बिना अवरोध के पूरा कराया जाए। हतास निरास छात्र निशांत सैनी, दीपांशु सैनी, अजय कुमार, कुलदीप, वैभव राणा, शिवम, शुभम राणा, वंश पुंडीर आदि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा व चेयरमैन पति हाजी राव जमशेद से मिले।

मंत्री ने आश्वासन दिया कि समस्या के निराकरण के लिए वे कुलपति से वार्ता करेंगे। हाजी राव जमशेद ने कहा कि वे हर तरीके से छात्रों के साथ है। छात्रों को पूरा सहयोग किया जाएगा। छात्रों के अनुरोध पर चेयरमैन पति हाजी राव जमशेद ने कुलपति से मिलने के लिए बस की व्यवस्था अपने निजी खर्च से कर दी। इधर क्षेत्रीय विधायक अशरफ अली खां ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अन्य कॉलेजों में एडमिशन लेने में भारी परेशानी होगी। वह निजी स्तर पर प्रयास करेंगे कि महाविद्यालय इस गंभीर समस्या पर विचार करे। ताकि छात्र यही से अपनी पढ़ाई जारी रख सके। छात्र संघ के विशु मलिक ने बताया कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई स्थायी रूप से राजकीय महाविद्यालय से ही कराई जाए। उन्होंने कहा कि जब छात्र कहीं भी एडमिशन लेता है तो वो अपनी परस्थितियों के आधार पर लेता है। सरकार की मंशा क्या है ये पता नहीं चल रहा है। क्या सरकार ये ही चाहती है कि लडकियां 12 कक्षा के बाद नहीं पढ़े, क्योंकि अधिकतर लड़कियों के परिजन ये नहीं चाहते के उनकी लड़की बहुत दूर जाकर शिक्षा ग्रहण करें। इधर छात्रों ने घोषणा की वे अपनी मांग पुरजोर तरीके से आज 12 जून को माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर कुलपति के सामने रखेंगे।



# हाईवे पर ट्राले की चपेट में आकर किसान व भैंस की हुई मौत

**कैराना।** हाईवे पर तेजराफ्तर ट्राले की चपेट में आकर बुजुर्ग किसान व भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद भीड़ एकत्रित हो गई। जिसके बाद चालक ट्राले को हाईवे किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गया।

नेशनल हाईवे पर स्थित रामडा मार्ग के निकट नगर के मुहल्ले अफगानान पैसठ वर्षीय किसान शौकत पुत्र मसीता अपने खेत से भैंस को लेकर नगर में लौट रहा था। जब वह भैंस के साथ हाईवे पर पहुंचा तभी पानीपत की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्राले ने उन्हें टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने के बाद बुजुर्ग किसान व भैंस दोनों दूर जाकर गिरे। हादसे की आवाज सुनकर मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं बुजुर्ग किसान व भैंस दोनों को मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ दूरी पर चालक ट्राला को रोक कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पुलिसमौके पर पहुंची।

एम्बुलेंस को बुलवाकर पंचनामा आदि कार्रवाई के लिए शव को सीएचसी भिजवाया गया। वहीं बुजुर्ग मृतक किसान के चार बिटिया व एक बेटा बताया गया हैं। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक किसान के स्वजन बिना किसी कार्रवाई के शव को साथ ले गए।



# शामली रेलवे स्टेशन पर पैंसेंजर ट्रेन देरी से चलने से यात्रियों की भारी भीड़

**शामली।** दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर चलने वाली पैंसेंजर ट्रेनों के निर्धारित समय से करीब एक घंटे की देरी से चलने के कारण बुधवार को शामली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भीषण गर्मी में ट्रेनों के देरी से चलने से यात्री परेशान रहे। बुधवार को दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग में चलने वाली पैसेंजर रेलगाडियों अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटा देरी से चली। भीषण गर्मी में ट्रेनों के देरी से चलने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। यात्रियों ने बताया कि ट्रेनों के देर से आने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्टेशन पर न तो कोई पूछताछ केंद्र सक्रिय था और न ही यात्रियों को समयबद्ध जानकारी देने की कोई व्यवस्था दिखी। स्थानीय यात्रियों पंकज कुमार, राजीव जैन, सलमान अहमद ने रेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि न समय पर ट्रेनें आ रही हैं और न ही ठहराव के दौरान मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। गर्मी और भीड़ के चलते बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों दिनेश कुमार, अनवर, आसिफ, अमित कुमार ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन पैंसेंजर ट्रेनों का संचालन समय पर सुनिश्चित करे और स्टेशन पर सूचना व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए ताकि यात्रियों को समय रहते आवश्यक जानकारी मिल सके।



# समर कैम्प में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की बच्चों को करायी तैयारी



**शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज शामली में चल रहे समर कैम्प में बुधवार को बच्चों को योगासन, बैडमिन्टन, फुटबॉल, क्रियात्मक क्रियाकलाप और गीत संगीत आदि का प्रशिक्षण लिया। कॉलेज के हॉल में प्रोजेक्टर के द्वारा सभी बच्चों को जंगल बुक मूवी दिखायी गयी। सिनेमा हॉल जैसा वातावरण बनाने के लिये टिकट विंडों की भी व्यवस्था की गयी थी जहां से सभी ने पंक्तिबद्ध होकर निशुल्क टिकट लिये। कॉलेज के प्रबन्धक राजीव संगल ने भी पंक्ति में लगकर टिकट लिया। मध्यावकाश में सभी ने पॉपकार्न खाने का भी आनन्द लिया। इसके साथ-साथ सभी बच्चों को ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की भी तैयारी करायी गयी। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि इस बार पूरे विश्व में ग्यारहवां योग दिवस मनाया जायेगा। यह विश्व को भारत की ओर से एक विशेष उपहार है, जिससे पूरा विश्व लाभान्वित हो रहा है। हम सब 21 जून 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनायेंगें, जिसके लिये आज आपको विशेष तैयारी करायी जा रही है। समर कैम्प संचालिका छवि शर्मा ने सभी बच्चों को, प्रशिक्षकों को और अन्य अध्यापकों को योग दिवस की तैयारी में लगने को कहा तथा 21 जून को पूरे उत्साह और उमंग के साथ कॉलेज में योग दिवस मनाने के लिये उपस्थित रहने को कहा।

# घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** ग्रामीण ने घर में घुसकर मारपीट व पत्नी के साथ में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए सगे भाइयों व युवतियों समेत आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने आरोपियों पर उसकी पत्नी के गले से सोने व चांदी की हसली भी उतारकर ले जाने का आरोप लगाया है।

गांव गोगवान निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि विगत रविवार रात्रि करीब 11 बजे वह अपने बीवी-बच्चों के साथ में घर के अंदर मौजूद था। इसी दौरान निजी गली में लगाये गए दरवाजे की पुरानी रंजिश के चलते गांव का ही खालिद, उस्मान, नौशीदा, सुहानी, भूरी, राशिद, कय्यूम, व मुंशाद लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने आते ही उसके साथ में गाली-गलौच शुरू कर दी, जब उसने गाली-गलौच करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

शोर सुनकर उसकी पत्नी उसे छुड़ाने आई तो आरोपी उसके साथ भी मारपीट करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी उस्मान ने बुरी नीयत से उसकी पत्नी को पकड़ लिया तथा कपड़े फाड़कर उसे अर्धनग्न कर दिया।

शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है कि आरोपी जाते वक्त उसकी पत्नी के गले से सोने व चांदी की हसली भी उतारकर ले गए है। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गर्मी का सितम जारी 41 डिग्री सैल्सियस पहुंचा तापमान

**शामली।** उसम भरी गर्मी ने बुधवार को लोगों को बेहाल किए रखा। सवेरे धूप निकलने के साथ ही गर्म हवाओं का दौर शुरू हो गया था। लोग गर्मी से निजात पाने के लिए जहां घरों में दुबके रहे वही भारी मात्रा में लोग हरिद्वार, स्विमिंग पूल व हिल स्टेशनों की ओर रवाना हुए। भीषण गर्मी में बिजली कटौती और लो वोल्टेज ने भी लोगों को खासा परेशान कर रखा है।

बुधवार को मौसम का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सैल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान अब तक का सबसे अधिक तापमान रहा। गर्मी और उमस इतनी ज्यादा बढ गई है कि रात्रि में भी लोगों को सकून नहीं मिल पा रहा है।





बुधवार सवेरे जैसे ही तेज धूप निकली तो गर्म हवाओं का दौर शुरू हो गया। लू के थपेडों के कारण लोगों को जीना मुहाल रहा। सडकों पर निकलने से लोगों को शरीर गर्म हवाओं के झोंकों से झुलस रहा था। धूप की तपिश इतनी भीषण थी कि सडकों पर निकलना मुश्किल रहा, जिस कारण लोग घरों में दुबके रहे। वैसे तो बाजारों में चहल पहल रहती है, लेकिन गर्मी की अधिकता को देखते हुए बाजारों, सडकों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग हरिद्वार, स्विमिंग पूल, हिल स्टेशनों की ओर रवाना हुए।

टयूबैलों, नदियों और तालाबों में युवाओं ने भीषण गर्मी से बचने के लिए जमकर गोते लगाये। उसम भरी गर्मी में बिजली कटौती भी लोगों को खासा परेशान कर रही है। लो वोल्टेज के कारण एसी, कूलर, पंखे फेल रहे।

# किसान की हत्या के दो नामजद आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश

**कैराना।** दो दिन पूर्व खेत पर हुई किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। जबकि नामजद दो अन्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। विगत सोमवार रात्रि करीब साढ़े नौ बजे कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी किसान देवेंद्र उर्फ देवी की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब वह अपने खेत में चारपाई पर बैठा था। मामले की सूचना पर एएसपी संतोष कुमार सिंह ने भी कैराना पहुंचकर घटना की जानकारी ली थी। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर हत्याकांड से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। घटना के खुलासे को एसओजी व सर्विलांस समेत पुलिस की चार टीमें लगाई गई थी। मृतक के पुत्र सुनील ने यूसुफ निवासी मोहल्ला रोड की जोहड़ी शामली, तनवीर निवासी मोहल्ला अंसारियान, मोहम्मद मौमीन निवासी मोहल्ला आलकलां व भूरा निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द कस्बा कैराना के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना में नामजद कराया गया हत्यारोपी तनवीर कुरैशी कस्बे के कांधला रोड पर संचालित मीट प्लांट का प्रबंधक है। बुधवार को पुलिस ने घटना में नामजद कराए गए मौमीन व भूरा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जबकि दो नामजद आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रोपर्टी विवाद के चलते किसान की हत्या की गई है। घटना में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।



# 11 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया

**शामली।** क्रीड़ा भारती द्वारा शामली राइफल क्लब पर आयोजित 11 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ पूजा मलिक ने किया। उन्होंने कहा कि हमारा खान पान, स्नान और ध्यान का अनुशासन व्यक्तित्व विकास में चमत्कारी सिद्ध होता है, एक निर्धारित भू भाग में निवास करने वाले सभी व्यक्ति लगभग एक सा ही आहार ग्रहण करते है फिर भी अपनी दिनचर्या एवं खाद्य सामग्री संबंधी जागरूकता के कारण हम सभी के स्वास्थ्य में बहुत सी विषमताएं पाई जाती है। डा. पूजा मलिक ने बताया कि हमें स्नान की शुरुआत नाभि पर पानी डालने से करनी चाहिए जहां से पूरे शरीर की ऊष्मा नियंत्रित होती है, हमें दिन में एक बार नंगे पैर घास या कच्ची जमीन पर अवश्य चलना चाहिए। जिससे हमारे शरीर की नकारात्मक ऊर्जा निकल जाती है तथा हमें लंबी गहरी सांस लेने का अभ्यास करना चाहिए। जिससे हमारी आत्मिक शक्ति मजबूत होती है। योग प्रशिक्षक मनोज शर्मा ने साधकों को सूक्ष्म यौगिक क्रियाएं एवं प्राणायाम का अभ्यास कराने के साथ ही ताड़ासन का अभ्यास कराया। बताया कि ताड़ासन एक ऐसा आसन है जो शरीर को लंबा और मजबूत बनाता है और कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रमुख मुकेश चौधरी, नितिन वर्मा, डा. राजेंद्र स्वामी, एडवोकेट कमलवीर सिंह, मुन्ना टिटौली, उमेश भार्गव, सर्वेंद्र सिंह, अभयदीप राणा, एडवोकेट अनुभव स्वामी, अंशु चौधरी, सीमा चौधरी, कनिका वर्मा आदि उपस्थित रहे।



# स्टेट बैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में मेरठ के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**मेरठ।** अयोध्या में चल रहे अंडर-13 योनेक्स सनराइज उत्तर प्रदेश स्टेट बैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में मेरठ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने एकल और युगल जोड़ी में पदक जीते। शिव पंवार व गर्विता त्रिपाठी ने अपनी स्पर्धा में पदक जीते। बालिका युगल की जोड़ी में गर्विता व वान्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रितिका चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिव पंवार व गाजियाबाद के समर्थ अग्रवाल की जोड़ी ने अंडर-13 बालक युगल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गर्विता ने अंडर-13 गर्ल्स एकल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेरठ के सचिव राजेश चौधरी ने बच्चों को बधाई दी।

# व्यापारी नवीन मित्तल की हत्या का खुलासा, दो लाख रुपये के लेन-देन में गई जान

**मुजफ्फरनगर।** थाना नई मंडी पुलिस ने व्यापारी नवीन मित्तल की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या का कारण दो लाख रुपये का बकाया लेनदेन था। आरोप है कि आरोपी नमन जिंदल ने अपने मित्र आतिश के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपी नमन जिंदल पर मृतक नवीन मित्तल के दो लाख से अधिक रुपये बकाया थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रकम चुकाने में असमर्थ थे, इसलिए उन्होंने यह गंभीर कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, आरोपी नमन ने नवीन मित्तल को अपनी



गाड़ी में बैठाकर पहले उन्हें शराब पिलाई, फिर सीट बेल्ट की मदद से गला कसकर उनकी जान ले ली। इसके बाद शव को भोपा गंग नहर में फेंक दिया गया। थाना नई मंडी पुलिस ने नमन जिंदल की निशानदेही पर नवीन मित्तल का शव बरामद कर लिया है। साथ ही मृतक की सोने की चेन, अंगूठी, स्कूटी, रू 5००० नकद और वारदात में प्रयुक्त टाटा पंच कार भी जब्त की गई है। नमन जिंदल के साथ इस वारदात में शामिल आतिश को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। घटना ने व्यापारिक समुदाय में शोक और चिंता का माहौल बना दिया है।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे, भाजपा ने मुजफ्फरनगर में किया प्रबुद्ध समागम प्रोफेशनल मीट का आयोजन




**मुजफ्फरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुजफ्फरनगर में लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका सभागार में प्रबुद्ध समागम प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री और जनपद प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद डॉ. संजीव बालियान सहित भाजपा के कई प्रमुख नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया, इसमें विशेष रूप से धारा 37० की समाप्ति, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, गरीब कल्याण योजनाएं और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुझे 1० वर्षों तक कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। धारा 37० की समाप्ति और राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक निर्णयों का मैं साक्षी रहा। मेरी व्यक्तिगत प्राथमिकता जनसंख्या नियंत्रण कानून थी, और मैं मानता हूं कि यह देश के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा ने समाज के प्रबुद्ध वर्ग से संवाद कर सरकार की उपलब्धियों को साझा किया और आगामी योजनाओं को लेकर समर्थन मांगा।

# पुरकाजी थाने में , एसी का कंप्रेसर फटने से लगी भीषण आग

**मुजफ्फरनगर।** जनपद स्थित पुरकाजी थाना परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब थाने के अंदर स्थित सिपाहियों की बैरक के पास लगे एयर कंडीशनर का कंप्रेसर फट गया। बताया जा रहा है कि धमाके के साथ एसी में आग लग गई, जिससे देखते ही देखते आग ने बैरक और भोजनालय के पास के हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय पुलिसकर्मियों और मौजूद स्टाफ ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर टेंडर मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हालांकि, आगजनी की इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन थाने में रखा सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस विभाग द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है और प्रारंभिक कारण एसी का ओवरहीट होना बताया जा रहा है।

# पुलिस ने मुठभेड़ में बस यात्रियों का सामान चुराने वाले गैंग का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**मुज़फ्फरनगर।** मुज़फ्फरनगर के थाना छपार क्षेत्र में पुलिस ने बस यात्रियों का बैग और कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश कमल कुमार (निवासी फरीदाबाद, हरियाणा) को गोली मारकर गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी सुमित (निवासी दिल्ली) को कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पकड़ा गया। पुलिस को बदमाशों के पास से 3 कैमरे, 4 लेंस, 3 लैपटॉप, एक पासपोर्ट और संबंधित एसेसरीज बरामद हुई हैं। इसके अलावा एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, 2०० रुपए का कारतूस, तीन बैग और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि दोनों आरोपियों पर पहले से ही पाँच आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इस मामले में और भी खुलासे कर सकती है।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शाहजूद्दी गांव में चौधरी विजेंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

**शाहपुर।** लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गत देर रात्रि शाहपुर क्षेत्र के गांव शाहजूद्दी पहुंचकर गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह के चाचा चौधरी विजेंद्र सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की सांत्वना दी। विधायक ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि सभी को अपने मत का प्रयोग देशहित और सनातन धर्म की रक्षा के लिए करना चाहिए। विधायक ने कहा कि एक मजबूत




सरकार ही देश को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना सकती है। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाए जाने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति की सराहना की। विधायक ने शाहजूड्डी गांव के नजदीक स्थित सोरम गांव का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यहां सर्व खाप पंचायत का मुख्यालय है। उन्होंने कहा कि सोरम की सर्व खाप मुख्यालय ने हमेशा समाजहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं और मुगलों से लेकर अंग्रेजों तक सभी ने इसकी वीरता का लोहा माना है।

उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली परंपरा आज भी समाज को सही मार्गदर्शन देती है। इस मौके पर चौधरी आत्माराम, सुरेश गुर्जर, अमित कुमार, रवि गुर्जर, चौधरी जयकरण सिंह, रामकुमार गुर्जर, अंकुश कुमार, श्रीपाल सिंह, हिम्मत सिंह, जगपाल सिंह, जयनारायण गुर्जर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अमरनायक स्वामी राहुल सिंह राष्ट्रीय इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति निर्विरोध निर्वाचित, सत्येंद्र बालियान बने पुन: अध्यक्ष

**शाहपुर।** कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अमरनायक स्वामी राहुल सिंह राष्ट्रीय इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। इस चुनाव में समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी कैप्टन डॉ. प्रवीण चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी पद के लिए अन्य उम्मीदवारों द्वारा नामांकन न भरने के कारण समिति निर्विरोध चयनित की गई। प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद पर सत्येंद्र बालियान को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है, वहीं उपाध्यक्ष के रूप में विनोद कुमार, प्रबंधक के रूप में चमन सिंह, उप प्रबंधक के पद पर वेदपाल सिंह मलिक और कोषाध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र सिंह को निर्विरोध चुना गया, इसके अतिरिक्त सदस्य पदों पर विनीत



कुमार, संजय कुमार, सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह, शिवदत्त त्यागी, धर्मवीर और प्रीति को निर्विरोध चुना गया।चुनाव प्रक्रिया के दौरान नामांकन की अंतिम तिथि तक घोषित प्रत्याशियों के अलावा किसी अन्य अभ्यर्थी द्वारा नामांकन नहीं किया गया, जिससे यह समिति निर्विरोध निर्वाचित हो गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. त्रिवेंद्र कुमार, समस्त स्टाफ और क्षेत्रीय लोगों ने सभी निर्वाचित सदस्यों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। अमरनायक स्वामी राहुल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात निर्वाचित अध्यक्ष सत्येंद्र बालियान ने कहा कि वे दिवंगत बड़े भाई स्वामी राहुल सिंह के शिक्षा मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका लक्ष्य न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाना है, बल्कि खेलों और संस्कारों को भी समान रूप से प्राथमिकता देना है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में शिक्षा के साथ-साथ खेलो इंडिया सेंटर भी संचालित है, जिसमें सैकड़ों खिलाड़ी अपने उज्ज्वल भविष्य की तैयारी कर रहे हैं। सत्येंद्र बालियान ने कहा कि समिति का प्रयास रहेगा कि कॉलेज को जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर एक नई पहचान दिलाई जाए। उन्होंने क्षेत्रवासियों द्वारा उन पर जताए गए विश्वास और समर्थन के लिए हृदय से आभार प्रकट किया।

# पेड़ से लटका मिला 6० वर्षीय व्यक्ति का शव, इलाके में फैली सनसनी

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के दुधाहेड़ी गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर एक पेड़ से 6० वर्षीय व्यक्ति का शव लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान समंदर सैनी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश है। गांव में चर्चा का विषय बना यह मामला स्थानीय लोगों में दहशत और चिंता का कारण बन गया है।



# विद्युत विभाग का बड़ा छापा, 16 के खिलाफ मुकदमा, बिजली चोरों हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** बिजली चोरी और बकाया वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने जिले के सधावली क्षेत्र में कड़ा एक्शन लिया है। एक्सईएन गुलशन गोयल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने सधावली और नरा गांवों में छापेमारी कर बिजली चोरी करने वालों और बकायेदारों पर शिकंजा कसा। इस दौरान कुल 16 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है, जिससे इलाके में खलबली मच गई है। इस अभियान के तहत विभाग ने 1० लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इन सभी के खिलाफ संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बिजली चोरी में गयूर अली (पुत्र रखमूउद्दीन), अकील (पुत्र सफी), मुस्तकीम (पुत्र एजाज अली), निर्मल (पुत्र आशाराम), मो. राजा (पुत्र रहमत), नवाजिश (पुत्र भूरा), अनीस (पुत्र वजीर), कल्लू अब्बासी (पुत्र शरीफ), गुलशेर (पुत्र नसीम), मोनू (पुत्र विजयपाल), लोगों के नाम सामने आए हैं, वे हैं, वहीं विभाग ने बिजली का भारी बकाया न चुकाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की है। जिन बकायेदारों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है, वे हैं, जबिद अहमद (पुत्र नूर अहमद), सलीम (पुत्र गबरुद्दीन), मोहसिन (पुत्र तरावुद्दीन), मुस्तकिम (पुत्र नसीर), नसीम (पुत्र नासिर), मुसलिम (पुत्र सुक्कड़) है। कार्रवाई के दौरान एक्सईएन गुलशन गोयल के साथ जूनियर इंजीनियर नीरज यादव, लाइनमैन पप्पू, असलम और आतिश भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बिजली चोरी पर लगाम लगाकर राजस्व की भरपाई करना है और आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बाइक सवार घायल

**मीरापुर।** दिल्ली-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम शिवपुरी के निकट एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। गणेशपुर थाना मवाना निवासी अमित कुमार पुत्र किशनलाल अपनी बाइक से बिजनौर की ओर जा रहा था, जब वह दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर ग्राम शिवपुरी के समीप पहुंचा, तो उसने तेज गति में एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान वह बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रही एक कार से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी, कि अमित कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं उसकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को उठाकर नजदीकी चिकित्सक के पास पहुंचाया।

# छबील लगाकर ठंडे-मीठे शरबत का वितरण किया

**खतौली।** भीषण गर्मी में राहगीरों और तहसील में आने वाले वादकारियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अधिवक्ताओं ने छबील लगाकर ठंडे मीठे शरबत का वितरण किया। छबील का उद्घाटन करते हुए तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह ने कहा कि सभी धर्म के शास्त्रों ने नर सेवा को ही सच्ची नारायण सेवा बताया है। भीषण गर्मी के प्रकोप के दौरान राहगीरों को शीतल जल का वितरण करना बड़े परोपकार का कार्य है। सेवा कार्यों में भाग लेने से मन प्रसन्न और आत्मा संतुष्ट होती है। अधिवक्ता राजबीर सिंह ने दिन ब दिन गहराते जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समय रहते हम जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत ना हुए तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में पड़ जाएगा। अधिवक्ता राजबीर सिंह ने धरती पर जीवन को बचाने के लिए जल की बर्बादी को रोकने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान इस अवसर पर किया। छबील लगाकर ठंडे मीठे शरबत का वितरण करने वालों में जितेंद्र त्यागी, सुभाष चंद्र, सुलेमान खान, राजगृही यादव, दिनेश कौशिक, अमित त्यागी, रोशनी सैनी, सीता राम, राम रोशन दास, विकास कुमार, अभिषेक गोयल, अनुज जैन, अंकुश गुर्जर, अंकित भारद्वाज, निलोफर आदि अधिवक्ता शामिल रहे।



# जुआ खेलते चार युवको को दबोचा

**मीरापुर।** थाना मीरापुर पुलिस ने एसडी कॉलेज के निकट स्थित एक बाग में जुआ खेलते हुए चार लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई। रात्रि गश्त और शांति व्यवस्था ड्यूटी में लगे उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल कालूराम, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र और कांस्टेबल सचिन कुमार भूम्मा अड्डा क्षेत्र में मौजूद थे तभी उन्हें सूचना मिली कि एसडी कॉलेज के सामने एक बाग में कुछ लोग टॉर्च की रोशनी में ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर चार लोगों को ताश के पत्तों और पैसों के साथ जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम कुलदीप पुत्र विक्रम सिंह पल्लवपुरम थाना कंकरखेड़ा, सुशील पुत्र ओमप्रकाश कासमपुर थाना कंकरखेड़ा, महेश कुमार पुत्र मूलचंद गंगानगर थाना गंगानगर और सुभाष राणा पुत्र रमेश कुमार मवई थाना दौराला बताए गए हैं। चारों आरोपियों के पास से कुल 97० रुपये नकद, ताश के पत्ते आदि बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

# पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर जेल किया रवाना

**खतौली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा शातिर अपराधियो के विरुद्ध धरपकड अभियान चलाए जाने का आदेश दिए जाने के क्रम में कोतवाली पुलिस ने थाने में दुराचार की धारा 64(1)/74/351(2) बीएनएस मे दर्ज मुकदमे के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल रवाना किया है। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि अभियुक्त जीशान पुत्र सिराजुद्दीन निवासी ग्राम भंगेला थाना खतौली के विरुद्ध बीते दिनों संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त जीशान की पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी। बुधवार को अभियुक्त जीशान के एक बन्द पड़े होटल में छिपे होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना का तत्काल संज्ञान लेकर की गई कार्यवाही में अभियुक्त जीशान को बन्द पड़े होटल से गिरफ्तार कर लिया गया। कागज़ी लिखा पढ़ी के पश्चात पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त जीशान को जेल भेज दिया। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुड़वर्क करने वाली टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा, कांस्टेबल अंकित शर्मा शामिल रहे।



# भावलिंगी संत आचार्य श्री 1०8 विमर्श सागर मुनिराज ससंघ का नगर मंगल प्रवेश होगा आज



**खतौली।** जैन समाज के पूजनीय भावलिंगी संत आचार्य श्री 1०8 विमर्श सागर जी मुनिराज ससंघ का नगर मंगल प्रवेश गुरुवार आज प्रात 7 बजे होगा। अतुल कुमार जैन सर्राफ के घंटाघर स्थित आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में सकल जैन समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष रामकुमार जैन व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि परम पूज्य भावलिंगी संत आचार्य श्री 1०8 विमर्श सागर जी मुनिराज संसंघ का मंगल विहार सहारनपुर की और हो रहा है। इसी क्रम में गुरुवार आज प्रात: आचार्य श्री 1०8 विमर्श सागर महाराज का मंगल विहार श्री 1००8 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सलावा से श्री 1००8 चन्द्रपभ दिगम्बर जैन मंदिर पिसनोपडा खतौली के लिए होगा। सकल जैन समाज द्वारा मुनि संघ की अगवानी जी टी रोड स्थित जैन कीर्ति स्तंभ पर की जाएगी। तत्पश्चात बैंड बाजों के साथ जानसठ तिराहा, घंटाघर वाली गली, बड़ा बाजार से होते हुए मुनि संघ चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर पीसनोपाड़ा पहुंचेंगे। श्री 1००8 चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि संघ का प्रवास चार दिन तक रहेगा। इस दौरान आचार्य श्री 1०8 विमर्श सागर महाराज के प्रवचन के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आचार्य श्री 1०8 विमर्श सागर महाराज के साथ 24 आर्यिका माता तथा 9 मुनिराज का नगर मंगल विहार होगा। कार्यवाहक अध्यक्ष रामकुमार जैन तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन ने सभी धर्मावलंबियों से धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर धर्म लाभ उठाने का आव्हान किया है। प्रेसवार्ता के दौरान कुलदीप जैन, प्रमोद कुमार जैन, अतुल कुमार जैन, प्रवीण कुमार जैन, सिद्धार्थ जैन आदि उपस्थित रहे।

# राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि दी

**खतौली।** 11 जून रा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व राजेश पायलट की 25 वीं पुण्य तिथि पर कांग्रेसियों ने इनका स्मरण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। खतौली तहसील परिसर स्थित कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश खारी के चेंबर पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्व पायलट देश में संचार क्रांति के जनक थे। केंद्रीय संचार मंत्री रहने के दौरान स्व राजेश पायलट ने पूरे देश में मोबाइल फोन नेटवर्क का जाल बिछवाया। ताकि देश का हर गरीब किसान अपने घर बैठे मंडी का भाव जानकर अपनी फसल को उचित दाम पर बेच सके। बताया स्व पायलट ने अपने पूरे जीवन अन्नदाताओ के अधिकारों की लड़ाई लड़कर इनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने का कार्य किया। स्व राजेश पायलट की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था। गरीबों, मजदूरों, किसानों सहित समाज के शोषित वंचित समाज का दर्द स्व राजेश पायलट के दिल में बसता था। जिसके चलते स्व राजेश पायलट सरकारी योजनाओं का लाभ इस वर्ग को प्राथमिकता से दिलाते थे। सभा में मौजूद कांग्रेसियों ने स्व राजेश पायलट को श्रद्धांजलि अर्पित करके उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। स्व राजेश पायलट को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश खारी, प्रहलाद राणा, शराफत अली भलवा, जफर महमूद, दिलशाद, नवाब सिंह एडवोकेट, नितिन बड़सू, राजेन्द्र सैनी, सैय्यद शहजाद कामिल, स मंजीत सिंह, स पीतम सिंह सन्धू, गुरजीत सिंह बिट्टू नरेन्द्र, अरूण सैनी, मेहराज आदि कांग्रेसी शामिल रहे।



# वॉटर मैनेजमेंट में अपना करियर बना सकते हैं युवा

**जल** संरक्षण व प्रबंधन पर अब सरकारें और औद्योगिक प्रतिष्ठान भी ज्यादा जोर दे रहे हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए वॉटर मैनेजमेंट के प्रोफेशनल्स की जरूरत बढ़ रही है। ये ऐसे प्रशिक्षित लोग होते हैं, जिन्हें वॉटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट तथा वॉटर रिसाइक्लिंग की अच्छी समझ होती है। उधर, भूजल के स्तर को सुधारने के लिए आधुनिक तकनीकों की भी मांग बढ़ रही है। केंद्रीय जल संसाधन विभाग की ओर से जारी राष्ट्रीय जल नीति में भी पानी के कुप्रबंधन पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक प्लानिंग पर जोर देने की बात कही गई है। जाहिर-सी बात है कि दिनो-दिन बढ़ते जल संकट को दूर करने के लिए वॉटर साइंटिस्ट, एन्वायर्नमेंट इंजीनियर, ट्रेंड वॉटर कंजर्वेशनिस्ट या कहें विभिन्न प्रकार के वॉटर मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की मांग बनी रहेगी। ग्रीन जॉब्स मार्केट में आकर्षक जॉब्स के अवसर बहुत हैं। वॉटर मैनेजमेंट में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जल प्रबंधन से जुड़े सरकारी विभागों में तथा वॉटर प्रोजेक्ट्स में खूब मांग है। निजी क्षेत्र में भी पेयजल आपूर्ति तथा वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्यों के लिए प्रशिक्षित लोगों को ही हायरिंग में तवज्जो दी जा रही है। बड़े-बड़े उद्योग, रियल एस्टेट सेक्टर और एनजीओ भी वॉटर हार्वेस्टिंग डिजाइनिंग तथा जल संचयन के लिए वॉटर मैनेजमेंट की पृष्ठभूमि वाले प्रोफेशनल्स की सेवाएं ले रहे हैं। आप चाहें, तो कंसल्टेंट बनकर भी करियर बना सकते हैं क्योंकि ऐसे लोगों की वॉटर ट्रीटमेंट सिस्टम्स के संचालन और देखरेख के लिए मांग लगातार बढ़ रही है।

## क्वॉलिफिकेशन

जल प्रबंधन और संरक्षण पर आधारित कई तरह के कोर्स देश के विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में संचालित हो रहे हैं। युवा वॉटर साइंस, वॉटर कंजर्वेशन, वॉटर मैनेजमेंट, वॉटर हार्वेस्टिंग, वॉटर ट्रीटमेंट तथा वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट जैसी किसी भी स्ट्रीम में कोर्स करके अपना करियर बना सकते हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में वॉटर हार्वेस्टिंग एंड मैनेजमेंट नाम से ऐसा ही एक सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हो रहा है। 10वीं पास युवा यह कोर्स कर सकते हैं। अगर आप बायोलॉजी विषय में 12वीं पास हैं, तो एक्वा साइंस या वॉटर साइंस में बीएससी और एमएससी भी कर सकते हैं। एग्रीकल्चर/ सिविल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, जियोलॉजी, एन्वायर्नमेंटल स्टडीज या बायोलॉजी में बैचलर्स की पढ़ाई करके वॉटर साइंटिस्ट, एन्वायर्नमेंट इंजीनियर, बायोलॉजिस्ट, हाइड्रो जियोलॉजिस्ट या जियोलॉजिस्ट बन सकते हैं।

## सैलरी कितनी?

वॉटर मैनेजमेंट में डिप्लोमाधारी युवा शुरूआत में आसानी से 15 से 25 हजार रुपए प्रति माह सैलरी पा सकते हैं। वहीं, वॉटर साइंटिस्ट या इंजीनियर को भी 30 से 40 हजार रुपए प्रति माह की सैलरी मिल जाती है।

## क्या है वॉटर मैनेजमेंट?

देश-दुनिया में वॉटर कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट की कोशिश कई स्तरों पर चल रही है ताकि दिनो-दिन गहराते जल संकट से पार पाया जा सके। इसके लिए नदियों और भूजल में बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने से लेकर भूजल स्तर सुधारने, परंपरागत जल स्रोतों को सुरक्षित रखने तथा आधुनिक तकनीकों के सहारे वॉटर हार्वेस्टिंग की विधियां विकसित करने व वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट जैसे अनेक उपायों पर जोर दिया जा रहा है। कम पानी से कृषि की उत्पादकता बनाए रखने का प्रयास भी इसी मुहिम का हिस्सा है।





# ऑनलाइन टीचिंग में चुन सकते हैं पार्ट टाइम या फुल टाइम कॅरियर

एजुकेशन एक्सपर्ट कहते हैं कि ऑनलाइन ट्यूशन वास्तव में होम ट्यूशन का ही एक एडवांस मैथड है। इसमें ई-ट्यूटरिंग के जरिए बच्चों को पढ़ाया जाता है। ऑनलाइन ट्यूटरिंग का मूल लाभ यह है कि ट्यूटर छात्र को किसी भी स्थान से, यहां तक कि वह अपने घर पर रहकर भी टीचिंग कर सकता है। ऑनलाइन टीचिंग के दौरान समय को पहले से ही सुनिश्चित किया जाता है और फिर ऑनलाइन क्लासरूम में छात्र व टीचर मिलते हैं और पढ़ते व पढ़ाते हैं। इस नौकरी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि इसे आप अपने समय के अनुसार, पार्ट टाइम या फुल टाइम कॅरियर चुन सकते हैं। इसके अलावा यह आय का एक अच्छा स्रोत प्रदान करता है।

## योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो एक ऑनलाइन ट्यूटर के पास विशेषज्ञता के आधार पर योग्यता होनी आवश्यक है। मसलन, आप किसी विशेष भाषा के ऑनलाइन ट्यूटर बनना चाहते हैं तो आपको उस भाषा से संबंधित कम से कम सर्टिफिकेट कोर्स अवश्य करना चाहिए। इसके अलावा, बीएड, एमएड या नेट, आदि के बाद भी आप शिक्षण के क्षेत्र को चुन सकते हैं।

एक ऑनलाइन ट्यूटर बनने के लिए सबसे जरूरी स्किल है पढ़ाई के प्रति जुनून। अर्थात ना सिर्फ आपको दूसरों को पढ़ाना पसंद होना चाहिए, बल्कि खुद भी हमेशा कुछ ना कुछ नया सीखने की चाहत होनी चाहिए। चूंकि आप ऑनलाइन टीचिंग कर रहे हैं, इसलिए आपमें तकनीकी गुण भी होने चाहिए। मसलन, कंप्यूटर व इंटरनेट के इस्तेमाल के साथ-साथ बच्चों के लिए प्रेजेंटेशन आदि भी बनाने आने चाहिए। इसके अलावा, ऑनलाइन टीचिंग के दौरान आपके कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अहम् हैं। याद रखें कि दूसरों को पढ़ाना एक बेहद सीरियस काम है और इसके लिए कमिटमेंट की जरूरत होती है।

ऑनलाइन ट्यूटर बनने के लिए आपको बहुत अधिक मेहनत करने की आवश्यकता नहीं है। अगर आप अब तक ट्यूशन पढ़ाते आए हैं तो अब आप उन्हीं बच्चों को ऑनलाइन ट्यूशन पढ़ाने की शुरूआत कर सकते हैं। इसके अलावा, ऐसी कई कंपनियां व वेबसाइट हैं, जो टीचर्स को हायर करके ऑनलाइन पढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे में आपको ऑनलाइन छात्र ढूंढने की भी जरूरत नहीं है। बस इन कंपनियों के साथ जुड़कर आप एक अच्छा करियर बना सकते हैं।

## आमदनी

ऑनलाइन ट्यूशन एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर अनुभवी टीचर्स काफी अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। शुरूआत में एक टीचर करीबन 200 रूपए प्रति घंटा चार्ज कर सकते हैं। वहीं कुछ समय के अनुभव, बाद आप 500 रूपए प्रति घंटा प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप इस क्षेत्र में अपनी क्वालिटी को साबित करते हैं और छात्रों को आपके पढ़ाने का तरीका पसंद आता है, तब आपकी कमाई की कोई सीमा नहीं है।



# विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारते हैं बी-स्कूल

इसमें कोई शक नहीं कि बिजनेसमैन की वर्तमान पीढ़ी उच्च शिक्षित है और इनमें से अधिकांश के पास टेक्निकल व मैनेजमेंट डिग्रियां हैं। यदि हम भारत के सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट संस्थानों के करिकुलम को देखें, तो पाएंगे कि इनमें फोकस केवल किताबी ज्ञान पर नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारने पर भी होता है।

इस बात पर बहस लंबे समय से चल रही है कि देश के सर्वश्रेष्ठ बिजनेस स्कूल्स से ली गई मैनेजमेंट की डिग्री सफल एंटरप्रेन्योर बनने में कितनी और कैसे काम आती है। इस मुद्दे के पक्ष और विपक्ष दोनों ही में तर्क दिए जाते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि बिजनेसमैन की वर्तमान पीढ़ी उच्च शिक्षित है और इनमें से अधिकांश के पास टेक्निकल व मैनेजमेंट डिग्रियां हैं। ऐसा कहा जाता है कि क्लास में पढ़ाई जानी वाली थ्योरी कभी भी काम करते हुए हासिल किए गए व्यवहारिक ज्ञान की जगह नहीं ले सकती। मगर यदि हम भारत के सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट संस्थानों के करिकुलम को देखें, तो पाएंगे कि इनमें फोकस केवल किताबी ज्ञान पर नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारने पर भी होता है। तो चलिए, इस बात पर बिंदुवार नजर डालते हैं कि किसी टॉप बिजनेस स्कूल में पढ़ने पर आपको क्या मिलता है। बिजनेस स्टडीज एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम्स आपको मौजूदा बिजनेस शैलियों, मार्केट रिसर्च डेटा, रियल टाइम तथा तथ्यात्मक केस स्टडीज का एक्सपोजर देते हैं, जो बेहद मूल्यवान साबित होता है। इन मॉडल्स और ट्रैंड्स के बारे में अच्छी तरह जानकर आप इन्हें अपने बिजनेस पर लागू कर सकते हैं। एक प्रकार से यह दूसरों की गलतियों से सीखने के समान होगा। किसी टॉप बिजनेस संस्थानके विद्यार्थी होने के नाते आपका एक्सपोजर देश तक सीमित भी नहीं रहेगा।

## टेक्नोलॉजी

हम बेहद तेज रफ्तार दुनिया में जी रहे हैं और जहां तक बात नई व इनोवेटिव टेक्नोलॉजी की है, तो हम चल ही नहीं रहे, बल्कि दौड़ रहे हैं। किसी टॉप बिजनेस स्कूल के विद्यार्थी होने के नाते आपको विभिन्ना नए टूल्स व टेक्नोलॉजीस को समझने और उनके साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। ऐसे सॉफ्टवेयर, जो मैथमेटिकल मॉडलिंग को सरल बना दें और स्मार्ट प्रेजेंटेशन को वास्तविकता में बदल दें, आपको अपना बिजनेस शुरू करने में काफी मदद कर सकते हैं। ऐसी छोटी-छोटी बातों से आपके कामकाज को एक प्रोफेशनल टच मिल जाता है।

## स्किल्स

किसी टॉप बिजनेस स्कूल में जाने से यह भी सुनिश्चित हो जाता है कि आपकी सॉफ्ट स्किल्स में निखार आएगा, जैसे पब्लिक स्पीकिंग, इंटर-पर्सनल कम्युनिकेशन, क्रिएटिविटी, लीडरशिप आदि। ये स्किल्स उन लोगों के लिए बहुत मायने रखती हैं, जो अपना बिजनेस चलाते हैं और रोजाना कई लोगों से डील करते हैं, फिर चाहे वे कर्मचारी हों, क्लाइंट हों या वेंडर आदि हों।

## सही लोगों से मुलाकात

किसी अच्छे इंस्टीट्यूट में पढ़ते हुए आपको कई प्रसिद्ध हस्तियों से मिलने का मौका मिलता है। ये हस्तियां विजिटिंग फैकल्टी या गेस्ट प्रेजेंटर के तौर पर वहां आ सकती हैं। फिर, यह भी संभव है कि आपको अपने सहपाठियों में से ही कोई भावी बिजनेस पार्टनर मिल जाए! सर्वश्रेष्ठ एमबीए कॉलेज देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को आकर्षित करते हैं। इसलिए यहां आपकी जान-पहचान ऐसे प्रतिभाशाली लोगों से होने की संभावना काफी अधिक रहती है। यह जान पहचान किसी-न-किसी रूप में काम ही आती है।

## साख मायने रखती है

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी टॉप बिजनेस स्कूल से डिग्री लेकर जब आप सबको उस बिजनेस स्कूल का नाम बताएंगे, तो एंटरप्रेन्योर के तौर पर आपकी प्रामाणिकता भी बढ़ जाएगी। इससे आपके साथ डील करने वाली पार्टियों का आपके प्रति विश्वास बढ़ेगा। कुल मिलाकर, देश के किसी दिग्गज बिजनेस स्कूल से मैनेजमेंट की डिग्री लेना फायदे का ही सौदा होता है क्योंकि यहां आपको केवल किताबी ज्ञान ही नहीं मिलता, बल्कि इससे कहीं अधिक लाभ प्राप्त होता है।

# पुनः दस्तक देता कोरोना: सबक भूले तो संकट फिर सामने

साथियों, महामारी का वह भयावह दौर जब याद आता है, तो रूह कांप जाती है। 2020 की वह सुबहें और शामें, जब पूरे विश्व में सन्नाटा पसरा था, मानवता सांस रोककर जी रही थी।

जब कोरोना ने दस्तक दी, तब केवल भारत ही नहीं अमेरिका, इटली, ब्राजील, स्पेन, चीन, रूस जैसे विकसित और विकासशील देश भी घुटनों पर आ गए। स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई, अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं और इंसान की जिंदगी ठहर सी गई थी। लाखों लोग इस अदृश्य दुश्मन के शिकार बने।

कोई देश नहीं बचा इस संकट से चाहे अमेरिका की उन्नत चिकित्सा हो या इटली की अनुशासित व्यवस्था, ब्राजील का खुलापन हो या भारत की विविधता सब कुछ इस अदृश्य राक्षस के आगे निष्क्रिय हो गया। अस्पतालों में बिस्तर नहीं थे, श्मशानों में लकड़ियां कम पड़ गईं, और दिलों में उम्मीदें सूखती चली गईं।

यह सिर्फ वायरस नहीं था यह एक वैश्विक चेतावनी थी। इस त्रासदी के बीच कई कहानियां अनकही रह गईं, कुछ बेहद निजी तो कुछ बेहद जनसामान्य। मेरे मित्र राजेन्द्र वर्मा खुबड़ू, एक संवेदनशील कार्टूनिस्ट, भी इस पीड़ा से गुज़रे। उनकी पत्नी कोरोना पीड़ित नहीं थीं, लेकिन देशभर में मेडिकल संसाधनों की अफरातफरी और असंवेदनशील व्यवस्था के कारण उन्हें उचित इलाज नहीं मिल पाया। उन्हें देखना पड़ा अपनी जीवन संगिनी को अस्पताल की बेरुखी के बीच दम तोड़ते हुए। यह उनकी नहीं, हजारों-लाखों की कहानी है, जो आंसुओं से नहीं, आंकड़ों में दर्ज की गई।

**पर क्या हमने इन आंकड़ों से सबक लिया? शायद नहीं:** आज, पांच साल बाद, कोरोना फिर लौट आया है नए वेरिएंट, नए लक्षण और फिर वही पुरानी लापरवाहियां। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि यह वेरिएंट तेज़ी से फैलता है, लक्षण कुछ अलग हैं, पर खतरा अब भी मौजूद है। मीडिया में 'डरने की जरूरत नहीं' के सुकून भरे वाक्य गूंज रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि सतर्कता की जरूरत अब और भी ज्यादा है।

हम भूल गए हैं कि यह सिर्फ एक बीमारी नहीं, संपूर्ण जीवनशैली की परीक्षा है। पिछली बार इसने दुनिया की आर्थिक नब्ज पर प्रहार किया था। लाखों नौकरियां गईं, मानसिक स्वास्थ्य संकट में आ गया, बच्चे स्कूल से दूर हुए और माता-पिता मोबाइल की स्क्रीन में बच्चों का भविष्य पढते रह गए। शरीर ही नहीं, समाज भी बीमार पड़ा था।

आज फिर वही द्वार खुल रहा है। पर इस बार हमारे पास अनुभव है, विज्ञान की समझ है, और सबसे बढ़कर, विकल्प हैं। मास्क पहनना, हाथ धोना, भीड़ से बचना, स्वास्थ्य जांच कराना यह सब दिखावे की नहीं, जीवन की ज़रूरतें हैं। हमारे विभागों की आदत है बाढ़ आने के बाद नावों की मरम्मत करना। पर हमें यह आदत नहीं अपनानी।



# सभी बैंकर्स सकारात्मक सोच के साथ सरकार की योजनाओं में ऋण स्वीकृत करने की करें करवाई: डीएम



**गौतमबुद्धनगर।** जनपद की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं भारत सरकार व प्रदेश सरकार के सौजन्य से संचालित की जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से आज कलैक्ट्रेट के सभागार में माननीय विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैंकर्स के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

विधायक ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकर्स से कहा कि जनपद की आर्थिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में बैंकर्स की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है और आप सब इसकी महत्ता को ध्यान में रखते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही ऋण योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स बैंकों में आने वाले व्यक्तियों के साथ मधुर व्यवहार करते हुए उनके काम करें, उनको अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि सभी बैंकों द्वारा प्रत्येक माह वृद्ध जनों की केवाईसी हेतु ग्राम प्रधानों से समन्वय बनाते हुए गांव में शिविर लगाकर केवाईसी करने का काम किया जाए।

विधायक जी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकर्स से कहा कि वह अपने बैंकों की मासिक रिपोर्ट अग्रणी जिला कार्यालय को भेजें कि उनके ऋण योजनाओं के कितने आवेदन प्राप्त हुए एवं उनके सापेक्ष कितनों का निस्तारण किया गया। उन्होंने साथ ही कहा कि बैंकों के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी जागरूक किया जाए एवं उनके आवेदनों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करते हुए उनको लाभान्वित करने का काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत बैंकों में जो भी आवेदन ऋण हेतु आ रहे हैं, उनका निस्तारण यथा शीघ्र करते हुए जरूरतमंदों तक योजना का लाभ पहुंचाने का काम करें। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि ऋण योजनाओं को लेकर जनपद में सोशल मीडिया आदि का सहयोग लेते हुए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित कराया जाए।

जिलाधिकारी में सभी बैंकर्स से कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के सौजन्य से संचालित की जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि जनपद गौतम बुद्ध नगर की आर्थिक व्यवस्था तेजी से आगे बढ़ सके।

जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स से कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना माननीय मुख्यमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है और समय-समय पर इसकी मुख्यमंत्री जी द्वारा समीक्षा की जा रही है, इसलिए सभी बैंकर्स इस योजना की महत्ता को समझते हुए शीर्ष प्राथमिकता पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लंबित आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए आवेदकों को ऋण उपलब्ध कराने का काम करें। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उन्हें जो आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं, उनमें तत्परता के साथ निर्णय लेते हुए पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराएं ताकि सभी पात्र लाभार्थी जनपद की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकें और सरकार की मंशा के अनुरूप उन्हें ऋण प्राप्त हो सके। जिला अधिकारी ने समीक्षा करते हुए पाया कि जनपद का सीडी रेशों गत तिमाही 60.74 प्रतिशत रहा, जिसके लिए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि कई बैंक ब्रान्चों का सीडी रेशों बहुत कम आ रहा है। इस संबंध में उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं कि जिन बैंकर्स का सीडी रेशों कम है उनके संबंध में उनके रीजनल मैनेजर को जिला प्रशासन की ओर से पत्र भेजा जाए। साथ ही बैंकर्स को निर्देशित किया कि सभी बैंकर्स सीडी रेशों में वृद्धि करने को लेकर अपने विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश भी दिए और कहा कि बैंकों में आने वाले किसानों को फसल बीमा योजना के संबंध में जानकारी देते हुए, उनको इस योजना का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने ओडीओपी योजना में भी सभी बैंकर्स के द्वारा लंबित प्रकरणों को तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिकतम लाभ जन सामान्य को प्राप्त हो सके। साथ ही वित्तीय समावेश से संबंधित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के संबंध में बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिए कि बैंकों में आने वाले ग्राहकों को उपरोक्त योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए योजनाओं के लाभ से उनको लाभान्वित किया जाए एवं बैंकों में उपरोक्त योजनाओं को लेकर होर्डिंग बैनर के माध्यम से भी प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

# नोएडा में युवक की गोली मारकर हत्या

**नोएडा।** सेक्टर 24 कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दिनदहाड़े मर्डर की घटना सामने आई है। स्कूटी पर सवार होकर आए बदमाशों ने युवक ओमपाल सिंह के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए। भागते दौरान बदमाश हड़बड़ी में स्कूटी को मौके पर ही छोड़ गए। जब गोली की आवाज आई तो लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इस जल्दबाजी में बदमाश स्कूटी लेकर नहीं भाग पाए। घटना की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया गया है की हत्या की वारदात सेक्टर 12 में हरि दर्शन चौकी के समीप की है। बुधवार को दोपहर के समय स्कूटी पर सवार होकर दो बदमाश आए। उन्होंने सेक्टर में ही किराए पर कमरा लिया था। 4 बजे के आसपास वह साफ सफाई कर रहे थे तभी उनका एक अन्य साथी आया उसे कुछ विवाद हुआ और बदमाशों ने युवक के सिर में गोली मार दी और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने सेक्टर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। रिहायशी इलाके में हुई ऐसी वारदात के बाद घटना का पर्दाफाश करना पुलिस के लिए चुनौती है। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के पर्दाफाश में पुलिस की तीन टीमें लगाई गई है।

**हाल ही में हुआ था थार कांड:** सेक्टर 24 कोतवाली क्षेत्र में ही हाल ही में थार कांड सामने आया था, जिसमें थार से एक युवक को ऐसी टक्कर मारी गई थी कि वह नाली में गिर पड़ा था। गनीमत रही थी कि उसकी जान नहीं गई थी। वीडियो सोशल मीडिया पर इतनी तेजी से वायरल हुआ था कि मामले में स॥ह और चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया था।

**घटना के पर्दाफाश में जुटी पुलिस:** डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि जैसे ही घटना की सूचना मिली। पुलिस की टीम में मौके पर पहुंच गई। प्रथम दृष्टया जांच के दौरान कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। घटना के पर्दाफाश में पुलिस के तीन टीम लगाई गई हैं। जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को धर दबोचा जाएगा।

# महीने भर चली कार्रवाई, नही दिखा ओवरलोड वाहनों पर असर

**नोएडा।** परिवहन विभाग ने अप्रैल माह से ओवरलोड वाहनों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया था। परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल की टीम ने पिछले दो महीने में कुल 266 ऐसे ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की थी। लेकिन इस कार्रवाई के बाद भी ओवरलोड वाहनों पर कोई असर देखने को नही मिला। बुधवार को अमर उजाला की पड़ताल में नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से लेकर सेक्टर 62 गोलचक्कर के पास तक ऐसे ओवरलोड वाहन बेखौफ चलते नजर आए। खासतौर पर माल ढोने वाले डंपर भी मानक से ज्यादा माल लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक दौड़ते दिखाई दिए।

**नोएडा एक्सप्रेसवे पर ओवरलोड बसों की कई बार हुई शिकायत:** शहरवासी आम तौर पर जागरूकता दिखाते हुए कई बार ऐसे ओवरलोड वाहनों के नोएडा ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर फर्राटा भरते हुए के फोटो वीडियो पोस्ट कर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए चालान व सीज तक की कार्रवाई भी की है, फिर भी ओवरलोड बसों का फर्राटा भरना जारी है।

**परिवहन विभाग ने की ओवरलोड वाहन न चलाने की अपील:** परिवहन विभाग ने शहर में ओवरलोड वाहन को न चलाने की अपील भी की है। साथ ही उन्होंने ओवरलोड वाहनों के सड़क पर चलने से होने वाली परेशानियों और उसके दुष्परिणाम भी बताए। साथ ही आगाह भी किया है कि यदि कोई ओवर लोड वाहन संज्ञान में आते हैं तो उन्हें भारी भरकम चालान का भी सामना करना पड़ सकता है।

# निरस्त भूखंड पर निर्माण कर रहे बिल्डर के खिलाफ केस

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर निरस्त भूखंड पर अवैध ढंग से निर्माण कर रहे बिल्डर के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक रामकिशन ने सूरजपुर कोतवाली में शिकायत दी कि सेक्टर ईटा वन में बिल्डर को भूखंड आवंटित किया गया था। बिल्डर ने नियम और शर्तों का पालन नहीं किया। इसके चलते प्राधिकरण ने भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया। प्राधिकरण ने भूखंड को सील भी कर दिया। आरोप है कि अब निरस्त भूखंड पर किसी दूसरे बिल्डर द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण को इसकी शिकायत मिली थी, जिसकी जांच करवाई गई। जांच में तथ्य सही पाए गए।

# कैप्टन विकास गुप्ता के जन्म दिन पर लगा रहा बधाई देने वालों का तांता

**नोएडा।** कैप्टन विकास गुप्ता अध्यक्ष उप्र कृषि अनुसंधान परिषद (दर्जा राज्य मंत्री) का जन्म दिवस आज 11 जून को उनके नोएडा आवास पर धूमधाम से मनाया गया।





उनके आवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। राजनैतिक दलों के लोगों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं और आम जन मानस ने भी उन्हें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु होने की कामना की। शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व मंत्री व सांसद डा. महेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, पूर्व मंत्री नबाब सिंह नागर, पूर्व विधायक व महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा विमला बाथम, श्री राम मित्र मंडल के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, मंत्री प्रतिनिधि विपुल अग्रवाल, अरुण गुप्ता रेलवे कांट्रेक्टर, अरविन्द गुप्ता पत्रकार, राकेश काका, रामकुमार गुप्ता, भाजपा नेता महेश अवाना, योगेन्द्र चौधरी, सचिन गुप्ता, भाजपा नेता सचिन अम्बावता, अंकुर सिंघल, अंकित गुप्ता, राम मोहन गुप्ता, विपिन भारद्वाज, भाजपा नेता पंकज भारद्वाज, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, प्रवीन भाटी पार्षद, अशोक योगी, मनीष भार्गव, विकास चुघ, दीपक गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष वैश्य समाज सेवा समिति, राजीव पौरवाल संस्थापक जय वैश्य समाज, नोएडा के प्रमुख समाजसेवी राधाकृष्ण गर्ग, सुधीर पौरवाल, नवीन पौरवाल, मनोज गुप्ता, डा. शैलेन्द्र पौरवाल, सुरेन्द्र गर्ग, दिल्ली प्रदेश भाजपा के नेता ओमप्रकाश गुप्ता, अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार गोयल, सुरेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी तुषार गोयल, हर्ष गोयल, व्यापार मंडल गाजियाबाद के अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, मनोज गुप्ता, अतुल आनंद गुप्ता, ममता गुप्ता, नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, महासचिव जेपी सिंह, अरुण सिन्हा व जगदीश शर्मा आदि शामिल रहे।

# डीएम ने लिफ्ट पंजीकरण को लेकर आरडब्ल्यूए व सोसाइटी प्रतिनिधियों संग की समीक्षा बैठक



**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश लिफ्ट एवं एस्केलेटर अधिनियम-2024 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (ऋ्ब्रु) और हाउसिंग सोसाइटी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी लिफ्ट एवं एस्केलेटर का अधिनियम 2024 के तहत पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन संचालकों या संस्थाओं द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर अभी तक पंजीकरण नहीं कराया गया है, उनके विरुद्ध जुर्माना और विधिक कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम में लापरवाही या देरी की स्थिति में विलंब शुल्क वसूले जाने का भी प्रावधान है।

डीएम ने कहा कि यह अधिनियम जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है। लिफ्टों के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन के लिए सभी स्वामियों को उत्तर प्रदेश लिफ्ट एवं एस्केलेटर नियमावली-2024 के अंतर्गत पंजीकरण कराना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिनियम की जानकारी अपने परिसर में रहने वाले नागरिकों को दें और लिफ्टों की नियमित जांच एवं रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने भी उपस्थित प्रतिनिधियों को अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, प्रक्रिया और तकनीकी मानकों के अनुपालन को लेकर सभी संचालकों को जागरूक किया गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन लिफ्ट संचालकों द्वारा अभी तक पंजीकरण नहीं कराया गया है, उनके विरुद्ध प्रशासनिक एवं विधिक कार्रवाई जल्द शुरू की जाएगी।

सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा ने बताया कि उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर अधिनियम 2024 तथा उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर नियमावली 2024 के प्राविधानों के तहत नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट किसी भी समय सीमा का उल्लंघन करने पर स्वामी के विरूद्ध विलंब शुल्क प्रभारित किया जायेगा, जिसमें यदि विलंब 07 दिन या उससे कम है, तो 100 रूपये प्रतिदिन का विलंब शुल्क प्रभारित किया जायेगा। यदि विलंब 07 दिन से अधिक और 15 दिन तक होता है, तो संपूर्ण अवधि के लिए 200 रूपये प्रति दिन का विलंब शुल्क प्रभारित किया जायेगा। यदि विलंब 15 दिन से अधिक और 30 दिन तक है, तो सम्पूर्ण अवधि के लिए 500 रूपये प्रति दिन का विलंब शुल्क प्रभारित किया जायेगा एवं यदि विलंब 30 दिन से अधिक है, तो लिफ्ट या एस्केलेटर का संचालन तत्काल बंद कर दिया जायेगा और 10000/- रूपये के विलंब शुल्क के साथ उपबन्ध के अनुपालन के पश्चात ही इसे पुनः शुरू किया जायेगा। आयोजित बैठक में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा रमेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अग्रवाल मित्र मंडल ने कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**नोएडा।** अग्रवाल मित्र मंडल नोएडा द्वारा बुधवार को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता को उनके आवास पर उनके जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार गोयल, राधा कृष्ण गर्ग, सुरेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी तुषार गोयल, हर्ष गोयल, सुरेंद्र गर्ग, सुधीर पोरवाल, नवीन पोरवाल, एडवोकेट मनोज गोयल इत्यादि सम्मिलित हुए।

# श्रमिकों को हीटवेव से बचाव हेतु कार्यस्थल पर सभी व्यवस्थाएं रखें सुदृढ़

**गौतमबुद्धनगर।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अपर श्रम आयुक्त गौतम बुद्ध नगर सरजू राम द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर में विभिन्न औद्योगिक/व्यावसायिक / निर्माण प्रतिष्ठानों एवं ईंट भट्ठों के संचालकों को कार्यरत कार्मिकों के लिए भीषण लू/तापघात के महीनों में लू/तापघात (हीट वेव) से बचाव हेतु निम्न मार्गदर्शी दिशा निर्देश जारी किए हैं।

1. क्षेत्रीय/जनपदीय कार्यालयों में संचालित कारखाना/प्रतिष्ठानों / कोल्ड स्टोरेज के सेवायोजकों एवं श्रमिक पक्ष से समय-समय पर बैठक आयोजित कर उनके द्वारा अपने कारखानों / प्रतिष्ठानों में लू से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी, समीक्षा, समस्या एवं समाधान पर विचार विमर्श व निर्णय लिए जाने एवं लू-प्रकोप से बचने के लिए यथासम्भव आवश्यक सहयोग लेने एवं जागरूकता कैम्प का आयोजन किये जाने हेतु प्रेरित किया जाए।

2. सहायक श्रमायुक्त / श्रम प्रवर्तन अधिकारियों के माध्यम से उपरोक्त इकाईयों के नियोक्ताओं से अनुरोध किए जाने तथा श्रमिकों द्वारा किसी भी समय गर्मी से परेशानी बचायी जाये तो यथासम्भव वेतन सहित अवकाश प्रदान किए जाने एवं उन्हें चिकित्सीय सलाह एवं चिकित्सा उपलब्ध कराये जाने एवं मुख्य चिकित्साधिकारी इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (आई0आई0ए0) तथा एसोसिएट चौम्बर्स ऑफ कार्मस तथा इण्डस्ट्री ऑफ इण्डिया (एसौचौंग), व्यापार मण्डल, ईट भट्ठा एसोसिएशन, फैडरेशन एवं श्रमिक संघ कार्यदायी संस्थाओं एवं ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष/मंत्री से भी अनुरोध किए जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये है।

3. औद्योगिक इकाइयों, ईंट भट्ठों, क्रेशर एवं निर्माण कार्यों जहाँ वाहय एवं खुले परिसर में श्रमिकों से कार्य कराया जाता है, के सेवायोजकों को हीट वैव से बचाव हेतु श्रमिकों के कार्य हेतु पर्याप्त छाया की व्यवस्था के प्रयास किए जायें एवं श्रमिकों को बचाव हेतु जागरूक किए जाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाए।

4. दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत प्रतिष्ठानों तथा स्थानीय व्यापार मण्डल के माध्यम से निर्माण इकाईयों पर कार्यरत कर्मचारियों को हीट वेव से बचाने के लिए नियोजक को निर्देशित करते हुए श्रमिकों को हीट वेव से बचाव किया जायेगा।

5. निर्माण प्रतिष्ठानों एवं ईंट भट्ठों में कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों के कार्य के घण्टों में उ0 प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम 2009 के नियम 37 के अनुसार कार्य के घण्टों में स्प्रेड ओवर करते हुये इस प्रकार समायोजन किया जाय कि भीषण लू/तापघात के घण्टों अर्थात मध्यान्ह 12.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्य न कराकर आराम हेतु मध्यावकाश दिया जाये

6. दुकानों, वाणिज्यिक अधिष्ठानों एवं कारखानों में कार्यरत वाह्य श्रमिकों से भीषण लू/तापघात के घण्टों अर्थात मध्यान्ह 12.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक या तो उनसे कार्य न कराकर आराम हेतु मध्यावकाश दिया जाय अथवा आंतरिक कार्य कराया जाय ताकि उनका भीषण लू/तापघात के घण्टों में लू की चपेट में आने से बचाव हो सके।

# बिस्मिल का बलिदान युवाओं को सदैव प्रेरणा देता रहेगा: अनिल आर्य




**गाजियाबाद।** बुधवार को केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल के 128 वें जन्मोत्सव पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि पं. रामप्रसाद बिस्मिल क्रांतिकारियों के सिरमौर रहे,उनसे प्रेरणा पाकर अनेकों नोजवान स्वतंत्रता-आंदोलन में कूद पड़े।अशफाक उल्ला खाँ और बिस्मिल की दोस्ती जगजाहिर थी एक कट्टर आर्य समाजी और एक कट्टर मुस्लिम,लेकिन राष्ट्र की बलिवेदी पर दोनों इकट्ठे फांसी पर झूल गए इससे बड़ा सामाजिक समरसता का कोई ओर उदाहरण नहीं हो सकता।बिस्मिल ने देश की आजादी के लिए घर,परिवार सब छोड़ कर राष्ट्र के लिए सब कुछ होम कर दिया।

आचार्य महेन्द्र भाई ने कहा कि बिस्मिल की जीवनी पढ़ कर रोंगटे खड़े हो जाते है,वास्तव मे उनके जीवन चरित्र को पाठ्यक्रम में पढ़ाने की आवश्यकता है जिससे नयी पीढ़ी उनके बलिदान से परिचित हो सके।

प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने कहा कि बिस्मिल के जीवन का कण कण राष्ट्र के लिए समर्पित था,उनका जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रकाश पुंज का कार्य करेगा।देश का दुर्भाग्य है कि बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों को इतिहास से विस्मृत करने का षडयंत्र किया गया और एक ही परिवार की पूजा अर्चना की गई, ÷उनकी तुर्बत पे नहीं एक भी दिया,जिनके खून से जले थे चिरागे वतन।आज महकते हैं मकबरे उनके जिन्होंने बेचे थे शहीदों के कफन इस अमर बलिदानी का जन्म 11 जून सन् 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर जिले में हुआ था।

सुप्रसिद्ध गायिका प्रवीन आर्या के ओजस्वी गीतों ने सभी मे उत्साह पैदा कर दिया। प्रमुख रूप से रामकुमार सिंह ,सौरभ गुप्ता,धर्मपाल आर्य,कमल आर्य आस्था आर्या,अरुण आर्य आदि उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने रॉयल बुलेटिन को मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6, नोएडा- 201301 से मुद्रित कराकर 318-द्वितीय तल, जयपुरिया प्लाजा, डीपीएस के सामने, सैक्टर-26, नोएडा (गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादक: अनिल रॉयल

फोन: (0120) 4545477
मो. 9910779911
e-mail Address :
royalnoida@gmail.com

# चोरी की कार, अवैध शराब व असलहा के साथ 7 शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने चोरी की कार, अवैध रूप से शराब बेचने तथा विभिन्न अपराधों में शामिल 7 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार, भारी मात्रा में शराब व असलहा बरामद किया है।

थाना दादरी के प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि थाना पुलिस ने आज एक सूचना पर वाहन चोर सौरभ मावी पुत्र कृष्ण मावी को कोट नहर के बराबर वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। उन्होने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार व अवैध तंमचा बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि अभियुक्त व उसके साथी ने मिलकर यह स्विफ्ट डिजायर टैक्सी बीते दिनों लुहारली टोल के पास से चोरी की थी।



थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक सुशील कुमार ने एक सूचना के आधार पर तरुण राजपूत पुत्र राम अवतार को निराला स्टेट के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि यह एक स्कूल के सामने खाली पड़े प्लाट में खड़ा होकर अवैध रूप से मदिरा बेच रहा था। इसके पास से पुलिस ने 28 पाउच देशी शराब बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने शमसुद्दीन पुत्र असगर अली को गिरफ्तार कर 22 पव्वा देसी शराब बरामद किया है।

थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक प्रियम ने आशीष पुत्र दर्शन को गिरफ्तार कर 30 पाउच देशी शराब बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक विशाल कुमार ने भूपेंद्र राघव को गिरफ्तार कर एक अवैध पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी गंदे नाले के पास से हुई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह अवैध पिस्तौल लेकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की नीयत से घूम रहा था।

वहीं थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि कालू पुत्र रतन पाल को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह लूटपाट करने की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहा था।इसके अलावा थाना रबूपुरा के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि उप निरीक्षक जितेंद्र गुप्ता ने एक सूचना के आधार पर सोनू पुत्र मुरारी लाल को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर इसके पास से पुलिस को 104 पव्वा देसी शराब मिली है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी शराब का ठेका बंद होने के बाद अवैध रूप से मदिरा बेचता है।

# अस्तौली व बादलपुर में 32 करोड़ की लागत से बनेगा 33 केवी का बिजली घर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अस्तौली व बादलपुर में 33/11केवी के बिजलीघर बनाने का निर्णय लिया है। इन दो बिजलीघरों को बनाने और लाइन बिछाने में करीब 32 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके साथ ही जलपुरा गौशाला में विद्युतीकरण व हाईमास्ट लाइट और ईकोटेक-3 के उद्योग केंद्र-1, रिजर्व पुलिस लाइन, ट्वॉय सिटी, महिला उद्यमी पार्क पार्ट-1 व टू में हाईमास्ट लाइटें व स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी।

एक समीक्षा बैठक के दौरान प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने ओएसडी अभिषेक पाठक के साथ ग्रेटर नोएडा में चल रहे विद्युत कार्यों की समीक्षा की। प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से बताया गया कि अस्तौली व बादलपुर में 33/11केवी के बिजली घर का बनाने के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दोनों ही सब-स्टेशनों के निर्माण के लिए टेंडर निकाल दिए गए हैं। इसी माह के अंत तक टेंडर खुल जाएंगे। दोनों सब स्टेशनों के निर्माण



और लाइन बिछाने के कार्यें पर लगभग 32 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन बिजलीघरों के निर्माण में लगभग एक साल लग जाएंगे। इन दोनों बिजली घरों के बनने से न सिर्फ अस्तौली और बादलपुर बल्कि आसपास के एरिया में भी बिजली आपूर्ति और बेहतर हो जाएगी।

समीक्षा बैठक में एसीईओ प्रेरणा सिंह ने तय समयसीमा में कार्य शुरू कराने और पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जलपुरा गौशाला का विद्युतीकरण व हाईमास्ट लाइट और इकोटेक-3 के उद्योग केंद्र-1, रिजर्व पुलिस लाइन, ट्वॉय सिटी, महिला उद्यमी पार्क पार्ट-1 व टू में हाईमास्ट लाइटें व स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएंगी। इन दोनों कार्यों पर लगभग 3.91 करोड रुपए खर्च होने का अनुमान है। एसीईओ ने इन कार्यों को भी तय समय में ही पूरा करने को कहा है। उन्होंने विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से किए जा रहे अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। समीक्षा बैठक में तकनीकी कंसल्टेंट आरके जायसवाल, वरिष्ठ प्रबंधक रामचरण, सौरभ भारद्वाज और अश्विनी चतुर्वेदी, मैनेजर निखिल गुप्ता, अजीत भाई पटेल, विपिन बिहारी राय सहित अन्य मौजूद रहे।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निवासियों में दहशत, इस सोसायटी के पाथवे में आई दरार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट से ऐसी खबर सामने आई है जिसने निवासियों के माथे पर बल कर दिया है। सुपरटेक ईकाविलेज एक सोसायटी के बी 14 टावर के सामने पाथवे पर दरार आ गई है। इससे निवासियों में दहशत का माहौल है। जमीन में दरार आने पर सोसायटी के मेंटेनेंस की तरफ से एहतियात के तौर पर टावर के सामने वाहनों के आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिविल इंजीनियरों की टीम मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है।

सोसायटी में बेसमेंट पार्किंग बनी हुई। यह पार्किंग हर टावर में है। बी 14 टावर के सामने पाथवे में दरार निवासियों ने देखा। सोसायटी के लोग पिछले लंबे समय से निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवार उठा चुके है। कई बार स्ट्रक्चरल आडिट की मांग भी उठी, लेकिन वह आज तक पूरी नहीं हो सकी। अब पाथवे में दरार आने से सोसायटी के ग्रुप के अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट के वाट्सएप ग्रुप पर यह मुद्दा फिर से उठने लगा है। सोसायटी के बी 14 टावर में रहने वाले लोगों ने बताया कि टावर में जो रिसेप्शन बना है उसके सामने पाथवे से गाड़ियों का आना जाना होता है। मंगलवार को अचानक यहां पर कंपन सा होने लगा। इससे पूर्व ऐसा कभी नहीं हुआ था। ध्यान में देखने पर पता चला कि पाथवे में दरार पड़ गई है। जब भी कोई गाड़ी वहां से गुजर रही थी तो डर महसूस कराने वाला कंपन हो रहा था। एहतियात के तौर पर वाहनों को अब उस एरिया से नहीं निकाला जा रहा है। मेंटेनेंस टीम कारण जानने के प्रयास में जुटी है कि आखिर दरार कैसे आई और यह कब तक ठीक होगा।

**ईकोविलेज 2 में भी उठी थी मांग:** सुपरटेक ईकोविलेज 2 सोसायटी में भी आठ मई को एक कार पर प्लास्टर का बड़ा टुकड़ा गिर गया था। घटना के बाद सोसायटी के लोगों ने आईआरपी को लेटर लिखकर स्ट्रक्चर आडिट की मांग की थी। अब यही समस्या ईकोविलेज 1 सोसायटी में सामने आई है। दोनों सोसायटी के लोगों की मांग है कि सोसायटी में स्ट्रक्चरल आडिट किया जाए जिससे कि कमी का पता चल सके।

# बदलती जीवनशैली, व्यायाम की अनदेखी और फास्टफूड से कम हो रही शारीरिक और मानसिक क्षमता

**नोएडा।** पुरुष अक्सर सामाजिक कारणों से अपनी सेहत पर ध्यान नहीं देते हैं। यही कारण है कि कई पुरुष अपनी असल उम्र से ज्यादा के दिखाई देते हैं। जबकि थोड़ी सी जागरुकता और सावधानी से न सिर्फ वह स्वस्थ जीवन जी सकते हैं बल्कि अपनी आयु को भी बढ़ा सकते हैं। इसके लिए समय पर जांच, संतुलित जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। फेलिक्स अस्पताल के डॉ सलिल मलिक ने बताया कि हर साल जून के दूसरे सप्ताह में मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय पुरुष स्वास्थ्य सप्ताह इस वर्ष 9 से 15 जून 2025 तक मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य दुनियाभर में पुरुषों और लड़कों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना, समय रहते बीमारी की पहचान कराना और नियमित जांच की अहमियत को पहचानना है। पिछले दो दशकों से अधिक समय से यह



अभियान पुरुषों की उपेक्षित सेहत को मुख्यधारा में लाने की कोशिश कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार पुरुषों की औसत आयु महिलाओं से कम है। वर्ष 2015 में पुरुषों की वैश्विक औसत आयु 69.1 वर्ष थी। जबकि महिलाओं की 73.8 वर्ष। बुजुर्ग पुरुषों को हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा अधिक रहता है। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी पुरुष ज्यादा प्रभावित होते हैं। खासकर बुजुर्ग पुरुष जो सामाजिक अलगाव के शिकार हो जाते हैं।

पुरुषों के लिए आयु अनुसार स्वास्थ्य जांच की सिफारिशें:

1. आयु 20 वर्ष पार होने पर हर साल सामान्य शारीरिक जांच के साथ रक्तचाप, वजन, ऊंचाई की माप के अलावा एसटीडी, एचआईवी, त्वचा कैंसर की जांच कराएं।

2. हर 5 वर्ष पर कोलेस्ट्रॉल जांच, आंख, दांत, यकृत की स्क्रीनिंग कराएं।

3. आयु 30 वर्ष पार होने पर अगर फॅमिली हिस्ट्री हो तो हृदय रोग की जांच के साथ मधुमेह और थायरॉयड की स्क्रीनिंग कराएं।

4. आयु 40 वर्ष पार होने पर से लिवर, एनीमिया, प्रोस्टेट कैंसर की जांच कैंसर मार्कर की जांच कराएं।

50 वर्ष पार होने पर कोलन कैंसर, फेफड़ों के कैंसर की जांच कराने के साथ टाइप-2 डायबिटीज, लिपिड प्रोफाइल की जांच कराएं।

5. आयु 60 वर्ष पार होने पर अल्जाइमर, डिमेंशिया, बोन डेंसिटी की जांच के अलावा कैरोटिड अल्ट्रासाउंड, डिप्रेशन स्कैन जांच कराए।

6. आयु 70 वर्ष पार करने के बाद हर 6 माह में नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। यदि पहले से कोई बीमारी है, तो और भी अधिक सतर्कता और निगरानी जरूरी है।

# संक्षिप्त समाचार

## कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य, सी बॉक्स पोर्टल पर करें डाटा अपडेट

**गौतमबुद्धनगर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनोज कुमार पुष्कर ने बताया कि कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध व परितोष) अधिनियम 2013 के अंतर्गत प्रत्येक कार्यालय / संस्थान / कंपनी (सरकारी/अर्ध सरकारी) में आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। अतः जनपद गौतमबुद्धनगर के समस्त कार्यालय / संस्थान / कंपनी (सरकारी/अर्ध सरकारी) में आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर अध्यक्ष / सदस्य का विवरण, वार्षिक रिपोर्ट पुरानी कोर्ट, जिला प्रोबेशन कार्यालय, फेस-2, नोएडा, गौतमबुद्धनगर में उपलब्ध कराने के साथ सी बॉक्स पोर्टल पर डाटा अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

## सपा नोएडा व्यापार सभा ने सेक्टर 33 अग्रसेन भवन में किया मासिक बैठक का आयोजन

**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर व्यापार सभा के द्वारा सेक्टर 33 स्थित अग्रसेन भवन में मासिक बैठक का आयोजन सपा नोएडा व्यापार सभा के अध्यक्ष बाबूलाल बंसल की अध्यक्षता में किया गया। महानगर अध्यक्ष बाबूलाल बंसल ने कहा कि आज छोटे व्यापारी वर्ग आशा के साथ समाजवादी पार्टी की ओर देख रहे हैं। वर्तमान सरकार में छोटे व्यापारियों का बहुत ही बुरा हाल है। आज व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है तमाम तरीके के टैक्स लगाकर उनका मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है कौन-कौन से टैक्स व्यापारियों पर लगे हैं बहुतों को पता तक नहीं है।

बैठक में उपस्थित मुख्य लोगों में बाबूलाल बंसल , रामवीर यादव, मनोज गोयल,शिवकुमार यादव, मनीष गोयल, जाहिद, सरफराज अहमद,अरमान ,मोहन कुमार,उमेश सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## क्लियो काउंटी सोसायटी के फ्लैट में मूर्छित अवस्था में मिले मां-बेटे, पुलिस जांच में जुटी

**नोएडा।** थाना फेस-तीन क्षेत्र के सेक्टर-121 में स्थित क्लियो काउंटी सोसायटी में रहने वाली मां और बेटे ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उनके परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उनके फ्लैट से बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रदीप नामक शख्स ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बहन सीमा व भांजा सिद्धार्थ जो की क्लियो काउंटी सोसाइटी में रहते हैं, उनसे फोन पर संपर्क नहीं हो रहा है। पीड़ित ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त की। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर थाना फेस-तीन पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय व्यक्तियों के साथ फ्लैट का दरवाजा खुलवाकर मौके की वीडियोग्राफी करते हुए फ्लैट के अंदर प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि फ्लैट के अंदर एक महिला जिसकी उम्र 55 वर्ष तथा उनका बेटा जिसकी उम्र 25 वर्ष है, दोनों मूर्छित अवस्था में पड़े मिले। उन्होंने बताया कि उन्हें तत्काल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। मां और बेटे दोनों उपचाराधीन है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दोनों ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। वहीं उनका उपचार कर रहे डॉक्टरों का मानना है कि दोनों ने शुगर कम करने के लिए इंसुलिन लिया तथा उसके बाद ओआरएस घोल पी लिया। डॉक्टरों के अनुसार इंसुलिन लेने के बाद ओआरएस घोल पीने से शरीर में विषाक्त पदार्थ बन जाता है, जिसकी वजह से व्यक्ति की जान जा सकती है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## नोएडा में कोरोना के 16 नए मरीज

**नोएडा।** नोएडा में कोरोना की रफ्तार तेज हो गई है। बीते 24 घंटे में 16 कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि की। छह मरीजों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अन्य का होम आइसोलेशन में शुरू कर दिया गया है।

इन मरीजों में सर्दी-जुकाम और बुखार के लक्षण थे। जिले में कोरोना संक्रमित कुल मरीजों की संख्या अब 290 हो गई है। अस्पताल और होम आइसोलेशन से 166 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। अब भी 124 मरीजों का इलाज चल रहा है। जिले की संक्रमण दर 15 प्रतिशत है। एक ही मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के जिला निगरानी अधिकारी डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि एक्टिव मरीजों में 153 महिलाएं और 137 पुरुष है। सभी में कोरोना संक्रमण के सामान्य लक्षण हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों से प्रत्येक दिन बातचीत की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन को भी ऐसे मरीजों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।कोरोना संक्रमण से घबराने की जरूरत नहीं है। इलाज और सावधानी बरतने की जरूरत है। जिला अस्पताल में निशुल्क जांच की सुविधा है। साथ ही, मरीजों में सामान्य लक्षण दिख रहे हैं। जो एक हफ्ते में खत्म हो जा रहे हैं। कोरोना संक्रमण की पुष्टि पर जिला अस्पताल में इलाज की सुविधा है। यहां अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। वहीं पर मरीजों को भर्ती किया जाएगा। वहीं निजी अस्पतालों को भी अलर्ट किया गया है।

## शांति भंग की आशंका पर 12 लोगों को नोटिस

**नोएडा।** अजनारा होम्स सोसाइटी के 12 लोगों पर शांति भंग करने की आशंका जताते हुए नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी होने पर निवासियों की ओर से विरोध जताया जा रहा है। निवासियों का आरोप है कि पुलिस लोगों की मदद करने की वजह उन्हीं के ऊपर कार्रवाई कर रही है। साथ ही, इन सभी लोगों पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन (एओए) के अध्यक्ष चंदन सिन्हा ने बताया कि बिल्डर प्रबंधन द्वारा सोसाइटी के रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है, जिसको लेकर सभी लोग लगातार आवाज उठाते हैं। सोसाइटी के बेसमेंट की हालत खराब है। कई बार प्लास्टर नीचे गिरने से लोगों के वाहनों को भी नुकसान हो चुका है। सोसाइटी में लिफ्ट आए दिन खराब रहती है। इसके साथ ही लावारिस कुत्तों के आतंक से निवासी परेशान हैं। बिजली की समस्या गर्मियों में अधिक बढ़ जाती है, इन सभी को लेकर निवासी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनको लेकर पुलिस से भी शिकायत की गई है। उनका आरोप है कि पुलिस द्वारा उनकी मदद करने की वजह बिल्डर प्रबंधन का साथ दिया जा रहा है। पुलिस द्वारा सोसाइटी के 12 लोगों को एक नोटिस जारी किया गया है। पुलिस का कहना है कि इन लोगों द्वारा आगे चलकर सोसाइटी में अशांति फैलाई जा सकती है, जिसको देखते हुए यह नोटिस जारी किया गया है।

# राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ 20 दिवसीय समर कैंप का धूमधाम से समापन





**नोएडा।** सेक्टर 12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में 20 दिवसीय समर कैंप का मंगलवार को धूमधाम से रंगारंग समापन हो गया। राजकीय इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉक्टर ऋतु सिंह ने बताया कि समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं ने जो भी कौशल सीखा और बनाया उसकी प्रदर्शनी छात्रों द्वारा आयोजित की गई। आर्ट एंड क्राफ्ट में लिपिन आर्ट, सिरेमिक वर्क, खाली बोतल से बहुत ही सुंदर मॉडल जहां एक ओर मन को मोह रहे थे वहीं थिएटर आर्टिस्ट रवि के द्वारा सिखाए गए कौशल थिएटर आर्ट का प्रदर्शन जो कि अर्थ सेव प्लांट्स था का सफल मंचन छात्रों द्वारा किया गया। वहीं दूसरी ओर मोनो एक्ट ब्रेन वर्सिज इविल स्पिरिट का बेहद सुंदर प्रदर्शन छात्रों के द्वारा किया गया। इस्कॉन टीम के द्वारा प्रशिक्षित छात्रों ने वेब डेवलपमेंट, वेब डिजाइन, डाटा एनालिसिस पर आधारित पीपीटी को प्रदर्शित किया।

छात्रों ने पूरे समर कैंप के दौरान जो वीडियो शूट किए थे उनका भी प्रदर्शन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर रितु सिंह की ये अनोखी पहल थी जिसमें छात्रों ने अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न कलाएं एवं तकनीकी की बारीकियां सीखीं की। बाद में इस्कॉन टीम के प्रभु चिन्मयानंद तथा जीवा गोस्वामी जो आईआईटी दिल्ली से हैं के द्वारा कीर्तन का आयोजन छात्र-छात्राओं के मन में स्फूर्ति का संचार कर दिया तथा प्रसाद ग्रहण कर छात्र-छात्राओं ने समर कैंप के आयोजन को सुखद अनुभूति बताया तथा प्रशिक्षकों ने उत्तम व्यवस्था की भूरि भूरि प्रशंसा की।

डॉक्टर रितु सिंह ने सभी अतिथियों जिला समन्वयक गौरव त्यागी, श्रीमती पियाली राय एवं इस्कॉन से आए हुए अतिथि जिनमें अधिकतर आईआईटी से पढ़े हुए हैं और कारपोरेट जगत के जाने-माने नाम हैं। सभी ने अपने अनुभव को साझा किया। कुल मिलाकर समर कैंप छात्रों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## यमुना सिटी में फिल्म सिटी का निर्माण जल्द

**नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। यमुना प्राधिकरण ने 16 जून से निर्माण कार्य शुरू करने की योजना बनाई है। इस संबंध में बोनी कपूर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी समय मांगा गया है।

बोनी कपूर की कंपनी और भूटानी ग्रुप मिलकर इस प्रोजेक्ट को विकसित करेंगे। पहले चरण में 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण होगा। इस पर लगभग 1600 करोड़ रुपए की लागत आएगी। कंपनी ने यमुना प्राधिकरण में नक्शा जमा कर दिया है। प्राधिकरण ने इसे मंजूरी भी दे दी है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ के अनुसार, फिल्म सिटी के निर्माण की समय सीमा शुरू हो चुकी है। 8 जून से गिनती शुरू हो गई है। कंपनी को 18 महीने के भीतर निर्माण कार्य शुरू करना होगा। इस अवधि में काम शुरू न होने पर कंपनी को प्रतिदिन 10 लाख रुपए का जुर्माना देना होगा।

## सोसायटी में मां-बेटे ने खाया जहर, आर्थिकी स्थिति बिगड़ने पर उठाया खतरनाक कदम

**नोएडा।** सेक्टर 121 स्थित क्लियो काउंटी सोसायटी से हैरान करने वाली घटना सामने आई है। आर्थिक स्थिति बिगड़ने पर यहां मां-बेटे ने जहर खा लिया। दोनों कों गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के भाई की सूचना पर फेज 3 कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मां-बेटे को बचाया। हालांकि दोनों की हालत अभी नाजुक है।

सोसायटी में सीमा गर्ग अपने बेटे सिद्धार्थ गर्ग के साथ सोसायटी में रहती है। सीमा के पति की कुछ दिनों पहले मौत हो चुकी है। परिवार के मुखिया की मौत के बाद आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती गई। मंगलवार रात सीमा के भाई प्रदीप ने कई बार बहन को फोन किया। फोन नहीं उठने पर उन्होंने फेज 3 कोतवाली जाकर सूचना दी कि उनकी बहन व भांजा दोनों फोन नहीं उठा रहे है। पुलिस ने देरी किए बगैर तत्काल सोसायटी में सूचना दी और मौके पर पहुंची। रात के समय ही पुलिस ने सजगता दिखाते हुए सोसायटी में मेंटेनेंस स्टॉफ के साथ मिस्त्री को बुलवाया और दरवाजा खुलवाया। अंदर जाने पर देखा कि सीमा व उसका बेटा सिद्धार्थ दोनों बेसुध होकर बेड पर पड़े है। दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था। दोनों को अस्पताल ले जाया गया तब पता चला कि दोनों ने जहर खाया है। गंभीर स्थिति देखते हुए दोनों को दिल्ली रेफर कर दिया गया है।

**दो महीने पहले हुई सुधीर की मौत:** सीमा के पति कारोबारी थे। दो महीने पहले पति सुधीर गर्ग की मौत हो गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई कि किराया भी नहीं दिया था। आर्थिक स्थिति खराब होने से मां-बेटे मानसिक रूप से परेशान हो गए थे। आशंका है कि इसी के चलते दोनों ने मौत जैसा खतरनाक कदम उठाया। हालांकि दोनों का उपचार अभी जारी है।

**क्या बोली पुलिस:** डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि मां-बेटे का इलाज चल रहा है। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तुरंत टीम ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू कर दोनों को फ्लैट से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# राजेश पायलट जी हमेशा हमारे दिलो में जिन्दा रहेंगे: रामकुमार तंवर

**नोएडा।** हर वर्ष की भाती आज दिनाक 11/6/25 को राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार श्री सचिन पायलट जी अपने पिता जी स्वर्गीय श्री राजेश पायलट जी की 25 वी पुण्यतिथि के अवसर पर अपने पेत्रिक ग्राम वैद्पुरा पहुँचे जहां उन्होंने स्वर्गीय राजेश पायलट जी की समाधी पर पुष्पर्पित कर उन्हें नमन किया व श्रद्धांजलि अर्पित की।इससे पहले नोएडा महानगर पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने श्री सचिन पायलट जी का स्वागत महामाया फ्लाइओवर फूल माला व पुष्प गूछ देकर किया।इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने कहाँ कि राजेश पायलट जैसे जमीनी नेता मुश्किल से सदियों में जन्म लेते हैं। देश और समाज के लिए राजेश पायलट का संघर्ष कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसीलिए स्व श्री राजेश पायलट जी को इस देश का हर जाति, वर्ग और संप्रदाय का व्यक्ति आज भी अपने दिलों में संजोए हुए है। अपनी मेहनत के बल पर वह कांग्रेस के उन अग्रणीय नेताओं में



शुमार थे जिन्हें देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी भी उन अनसुलझे मसलों को सुलझाने के लिए उपयोग किया करती थीं जिनका समाधान असंभव प्रतीत होता था।

श्री राजेश पायलट जी के भाषणों में आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले यह अंश प्रत्येक के जेहन में आज भी समाए हुए हैं कि जब तक गरीब किसानों के बेटे पढ़ लिख कर उस कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जहां से देश की नीतियां बनती है तब तक इस देश का विकास संभव नहीं होगा।

राजनीतिक दलों के द्वारा उनके इस भाषण को जब तक आत्मसात नहीं किया जाएगा तब तक इस देश का गरीब किसान मजदूर अपने हकों के लिए ऐसा ही संघर्ष करते नजर आएगा जैसा कि आजकल आप देख रहे हैं।

समाज और देश की राजनीति में अपना अहम स्थान बनाने वाले स्व श्री राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए हम शत-शत नमन करते हैं।इस अवसर पर नोएडा महानगर पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तंवर,एआईसीसी सदस्य श्री बबली नागर,पीसीसी सदस्य देवेंद्र भाटी,ज़िला अध्यक्ष दीपक भाटी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री अजय चौधरी,कांग्रेसी नेता गौतम अवना,महेश प्रधान,जितेंद्र चौहान,प्रेम चौहान, अवनीश तंवर, हरेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र चौधरी,शाहिद सिद्दीक़ी, सचिन तंवर,रोहित नागर,संदीप सिंह,आदि छेत्रवाशी मोजूद रहे।

## कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार पर क्यों उठाए सवाल सीएम रेखा गुप्ता के 100 दिन के कार्यकाल की गिनाई खामियां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार राजधानी में सुरक्षा, महंगाई, बेरोजगारी जैसे हर मोर्चे पर 100 दिनों के शासन में विफल रही है। वहीं दिल्ली के प्रति गंदगी और प्रदूषण से निजात दिलाने और स्वच्छ जल उपलब्ध कराने जैसी नैतिक जिम्मेदारी को निभाने में भी पूरी तरह फेल साबित हुई है। दिल्ली में लगातार बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण पाने में भाजपा नेता बयानबाजी कर रहे है जबकि महिलाओं और छोटी लड़कियों का राजधानी में रहना दूभर हो गया है। पुलिस खुलेआम जघन्य अपराधों, दर्दनाक घटनाओं को रोकने में भी नाकाम साबित हो रही है। यादव के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी की सभी 14 जिला कमेटियों की कार्यकारिणी बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया और जिला के क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बैठकों में चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक में हिस्सा लेते हुए जिला कांग्रेस कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। वेबसाइट पर संगठन की सभी गतिविधियों का विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। यादव ने बाबरपुर जिला कांग्रेस के तहत आने वाले राम नगर ब्लाक और नंद नगरी ब्लाक कांग्रेस कमेटी दोनों के ब्लाक अध्यक्ष कर्ण धीगिंया व कुलदीप भाटी के कार्यालयों का उद्घाटन भी किया। कार्यकारिणी की बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने प्रदेश अध्यक्ष को संविधान की कापी भी भेंट की। यादव ने सभी जिला एवं ब्लाक अध्यक्ष सहित लोक सभा तथा जिला आब्जर्वर को हिदायत देते हुए कहा कि ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी और मंडलम-सेक्टर बनाकर अगले दो दिनों में प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे रोजगार मेले में दिल्ली भर के बेरोजगार युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभाएं। जिला बैठकों में पूर्व मंत्री डा नरेंद्र नाथ, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, विरेन्द्र कसाना, इंद्रजीत सिंह और दिनेश कुमार एडवोकेट सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

## अब दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से उड़ती धूल होगी गायब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सड़कों के धूल प्रदूषण से निपटने की दिशा में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने करार किया है। सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन साइन किया है। इसका उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में धूल प्रदूषण को कम करने के लिए शहरी सड़कों के पुनर्विकास के लिए मानकों के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान केंद्रित करना है। इन मानकों में मुख्य रूप से रास्तों और फुटपाथों को पक्का करना करना है, इसके साथ ही ग्रीनरी करने और उसे बढ़ाना है। त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सीएक्यूएम में एक परियोजना निगरानी प्रकोष्ठ बनाना और उसे चलाने के लिए सुविधा देना है। पीएमसी सड़कों के प्रभावी विकास और पुनर्विकास के लिए एनसीआर राज्यों में मानक इंफ्रास्ट्रक्चर को चरणबद्ध तरीके से लागू करने देखरेख करेगा, इसमे सहयोग भी करेगा। पहले चरण में, आयोग ने दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, भिवाड़ी और नीमराना को चुना है। समझौता ज्ञापन के तहत, सीएसआईआर-सीआरआरआई और एसपीए सीएक्यूएम में स्थापित किए जा रहे पीएमसी को संस्थागत सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मानक ढांचे पर सड़कों के विकास और पुनर्विकास की निगरानी में काम पर रखे गए संसाधनों का मार्गदर्शन करने में सीएक्यूएम का समर्थन करेंगे। वैज्ञानिक डिजाइन, टिकाऊ हरियाली और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से शहरी सड़कों को बदलना सड़कों से धूल प्रदूषण को कम करने और क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रमुख दीर्घकालिक समाधानों में से एक है।

# दुनिया में सबसे अधिक रफ्तार से बढ़ी मुस्लिमों की आबादी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बीते एक दशक में दुनिया में सबसे अधिक मुस्लिमों की आबादी बढ़ी है जबकि भारत सहित कई देशों में हिंदुओं की आबादी कम हुई है। प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की आबादी 34.7 करोड़ का इजाफा हुआ है। यह किसी भी अन्य धर्म की आबादी में बढ़ोत्तरी से अधिक है। भारत में मुस्लिमों की आबादी 3.56 करोड़ की वृद्धि हुई है।

प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार आबादी की गणना के लिए 2700 से अधिक जनगणना और सर्वेक्षणों के विश्लेषण किया है। दुनिया के हर धार्मिक समूह में आबादी बढ़ी है।

रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में मुसलमानों की आबादी करीब 2 अरब हो गई है। दुनिया की आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.8 अंक बढ़कर 25.6प्रतिशत हो गई। वहीं किसी भी धर्म को न मानने वाले लोगों की संख्या दुनिया की आबादी का 24.2प्रतिशत हो गई। बौद्ध एकमात्र ऐसा धार्मिक समूह है, जिसकी जनसंख्या 2020 में एक दशक पहले की तुलना में कम हो गई।

भारत में हिंदू आबादी 2010 में 80प्रतिशत थी जो कि घटकर 2020 में 79.4प्रतिशत हो गई है। मुस्लिमों की आहादी 2010 में 14.3प्रतिशत थी, जो कि 2020 में बढ़कर 15.2प्रतिशत हो गई है। क्रिश्चियन की संख्या में भी थोड़ी कमी आई है। 2010 में 2.3प्रतिशत की तुलना में 2.2प्रतिशत हो गई। अन्य दूसरे धर्मों की बात करें तो 2.7प्रतिशत से घटकर 2.5प्रतिशत हो गई है।

भारत की आबादी साल के अंत तक 1.46 अरब पहुंचने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र की जनसांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार भारत जनसंख्या के मामले में पहले स्थान पर



बना रहेगा लेकिन प्रजनन क्षमता दर रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भारत को मध्यम आय वाले देशों के समूह में रखा गया है।

**भारत सहित कई देशों में हिंदु आबादी कम हुई:** 2010 से 2020 तक दुनिया भर में हिंदुओं की संख्या में 12प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह 1.1 अरब से बढ़कर 1.2 अरब हो गई है। चूंकि गैर-हिंदुओं की संख्या लगभग उसी दर से बढ़ी, इसलिए वैश्विक आबादी के प्रतिशत या हिस्से के रूप में हिंदुओं की संख्या स्थिर रही। दक्षिण एशियाई देशों भारत, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी में कमी आई है लेकिन इनमें से कोई भी बदलाव 5 प्वाइंट तक नहीं है। भारत में क्रिश्चियन तथा अन्य धर्मों को माननेवालों की जनसंख्या भी कम हुई है।

## हिंदू महिला से शादी करने के लिए जेल में नहीं रख सकते, सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम युवक को दी जमानत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में हिंदू लड़की से पहचान छिपाकर शादी करने के आरोपी मुस्लिम युवक को जमानत दे दी है। इस दौरान कोर्ट ने अहम टिप्पणियां की हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि दो वयस्कों के आपसी सहमति से साथ रहने पर सिर्फ इसलिए आपत्ति नहीं जताई जा सकती कि वे अलग-अलग धर्मों के हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान हिंदू महिला से शादी करने के बाद लगभग छह महीने से जेल में बंद मुस्लिम युवक की बेल की मंजूरी दे दी।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने शख्स द्वारा दायर अपील के बाद अपना फैसला सुनाया। फरवरी 2025 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शख्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था। इससे पहले उसे उत्तराखंड फ्रीडम ऑफ रिलीजन 2018 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के तहत अपनी धार्मिक पहचान छिपाने और हिंदू महिला से धोखे से शादी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा:** अपने आदेश सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य को



अपीलकर्ता और उसकी पत्नी के साथ रहने परकोई आपत्ति नहीं हो सकती है। वह भी तब जब उनकी शादी उनके माता-पिता और परिवारों की इच्छा के अनुसार हुई है। पीठ ने आगे यह भी कहा कि आगे की कार्यवाही उनके साथ रहने की राह में बाधा नहीं बनेगी। कोर्ट ने इस तथ्य पर जोर डालते हुए कि आरोपी को बेल दी कि वह लगभग छह महीने से जेल में है और आरोप पत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है।

**दोनों परिवारों मौजूदगी में हुई थी शादी:** कोर्ट को बताया गया कि शादी दोनों परिवारों की पूरी जानकारी और मौजूदगी में हुई थी और सिद्दीकी ने शादी के अगले दिन एक हलफनामा दिया था जिसमें कहा था कि वह अपनी पत्नी को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर नहीं करेगा और वह अपने धर्म का पालन करने के लिए स्वतंत्र होगी।अदालत में याचिकाकर्ता की ओर से यह तर्क भी दिया गया कि बाद में कुछ लोगों और संगठनों द्वारा अंतरधार्मिक विवाह पर आपत्ति जताए जाने के बाद स्नद्धक्र दर्ज की गई थी।

## दिल्ली का हाल तो देखिए...हर तरफ फैला अतिक्रमण; दुकानदारों में नहीं अफसरों का खौफ

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी में अतिक्रमण एक विकराल समस्या है। दिल्ली सरकार भले ही अतिक्रमण को हटाने के लिए तमाम प्रयास कर रही है। लेकिन सरकारी विभाग उन प्रयासों पर पानी फेर रहे हैं।

जिला विकास समिति को क्षेत्र में पावरफुल माना जाता है। शाहदरा जिला विकास समिति के चेयरमैन जितेंद्र महाजन ने चार जून को अपने सामने अशोक नगर में वजीराबाद रोड से अतिक्रमण हटवाया था।

दुकानदारों ने सर्विस रोड पर पहले की तरह ही अतिक्रमण किया हुआ है। फुटपाथ पर अवैध पार्किंग हो रही है। रेहड़ियां पहले ही तरह लगी हुई हैं। यहां कई वाहनों के शोरूम है। समिति के चेयरमैन ने अपने निरीक्षण में सख्त हिदायत दी कि शोरूम संचालक सर्विस रोड को पार्किंग न बनाएं और दुकानदार दुकानों के बाहर समान रखकर अतिक्रमण न करें।

पुलिस से कहा था जहां से अतिक्रमण हटवाया जा रहा है,



वहां अतिक्रमण दोबारा नहीं होना चाहिए। लेकिन उनके आदेश अतिक्रमण करने वालों के लिए हवा हवाई साबित हुए। पहले की तरह अतिक्रमण हो रहा है।

वहीं, कार्रवाई होने से पहले ही उन्हें पुलिसकर्मी व निगमकर्मियों से पता चल जाता है कि टीम आने वाले है। वह कुछ देर के लिए अतिक्रमण हटा लेते हैं। टीम के जाने के बाद फिर से वह लगा लेते हैं। इसके बदले में वह रकम भी कर्मचारियों व अधिकारियों तक पहुंचाते हैं। निगम वेडिंग जोन बनाए, काफी हद तक भ्रष्टाचार पर लगाम लग जाएगी।

सवाल उठ रहा है अगर चेयरमैन के सड़क पर उतरने के बाद भी अगर अतिक्रमण पर नकेल नहीं कसी जा रही है तो इस तरह की कार्रवाई का क्या फायदा। निगम व पीडब्ल्यूडी भले ही अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति करके अपनी पीठ थपथपा ले, लेकिन सड़कों के हालात सच्चाई बयां कर देते हैं।

इस मामले में समिति के चेयरमैन जितेंद्र महाजन से पूछा गया उन्होंने बैठक में मुद्दा उठाया था कि पीडब्ल्यूडी व निगम अतिक्रमण के हटाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करता है। चार जून को वह अधिकारियों के साथ अशोक नगर गए थे।

## सपना चौधरी से खरीदा था 4 करोड़ का घर, पलक झपकते ही मातम में बदल गईं खुशियां; दर्दनाक था मंजर





**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सुबह से घर में खुशी का माहौल था। सभी मोहन गार्डन में एक रिश्तेदार के घर पर चल रही भागवत कथा में शामिल होने के लिए तैयार हो रहे थे। अचानक से हाल में धुएं का गुबार दिखा और फिर आग लग गई। इससे पहले घर में मौजूद लोग कुछ समझ पाते आग तेजी से हाल से बगल के कमरों में फैलने लगी। घर में चीख पुकार शुरू हो गई और सभी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

बताया गया कि घटना के समय घर में कुल 12 लोग मौजूद थे। उनमें से मृतक यश के बेटे आदित्य भी थे, जिन्होंने बताया कि आग से पूरे घर में धुंआ-धुंआ फैल गया और सभी सीढ़ियों के रास्ते बाहर की तरफ भागने लगे, लेकिन उनके पिता, छोटी बहन और चचेरा भाई अंदर ही फंस गए।

वहीं, थोड़ी देर बाद उन्होंने देखा कि उनके सामने पहले पापा ने बालकनी से नीचे छलांग लगा दी और फिर उनके पीछे मेरी बहन व चचेरे भाई भी नीचे कूद गए। दूसरी तरफ उनकी मां को बेहोशी की हालत में अस्पताल में ले जाया गया।

इस दर्दनाक मंजर को बताते हुए आदित्य फूट-फूटकर रोने लगे। अस्पताल में बार-बार बदहवास हो रहे आदित्य ने बताया कि कुछ ही मिनट में उनकी पूरी दुनिया ही मानो खत्म हो गई।

वहीं घटना के बाद बालकनी से कूदे यश यादव को इंदिरा गांधी अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। नौवीं मंजिल से कूदने के कारण उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी, इसके अलावा शरीर पर जगह-जगह जलने के भी निशान थे। आइजीआइ अस्पताल में मोर्चरी न होने की वजह से स्वजन घंटों भटकते रहे। दुखों का पहाड़ लिए वह कभी चिकित्सकों के पास जाते तो कभी पुलिसकर्मियों से सवालों का जवाब देते दिखे।

आग फैलने का बड़ा कारण फ्लैट में चारों ओर पीवीसी पैनल भी था। फ्लैट की छत और दीवारों पर यश यादव ने पीवीसी पैनल का काम करवाया हुआ था। जैसे ही पीवीसी पैनल ने आग पकड़ी तो वह फैलती चल गई और छत वह दीवारों से पैनल उखड़ कर गिर गया, जिससे आग बहुत तेजी से फैल गई और सोफे और पर्दों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

द्वारका के सेक्टर-13 स्थित शबद अपार्टमेंट में जिस फ्लैट में आग लगी उसमें पहले मशहूर हरियाणवी डांसर सपना चौधरी रहती थीं। इसलिए यह उनके चाहने वालों के बीच काफी लोकप्रिय था। माना जा रहा है कि यश यादव ने इसी लोकप्रियता की वजह से यह फ्लैट दो साल पहले चार करोड़ रुपये में खरीदा था, जो तत्कालीन मूल्य से 50 लाख रुपये अधिक है। वह बड़े सपने सजाकर इस फ्लैट में आए थे, लेकिन वही इनके जीवन का मौत का कारण बना।

## गुरुग्राम में लगेंगे 2722 नए सीसीटीवी कैमरे, सिर्फ सड़क-चौराहे नहीं सार्वजनिक स्थानों पर भी रहेगी नजर



**नईदिल्ली, गुरुग्राम, एजेंसी।** साइबर सिटी और मानेसर के हर कोने पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रहेगी। दूसरे चरण के 2722 कैमरे लगाने के प्रोजेक्ट को हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में मंजूरी मिलने के बाद अब गुरुग्राम मेट्रोपालिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) की ओर से पूरे शहर को कैमरों की जद में लाने की तैयारी चल रही है।

कम्युनिटी सेंटर, बड़े पार्क, बस स्टैंड, बस स्टाप और अस्पताल सहित अन्य बड़े सार्वजनिक स्थलों पर जीएमडीए सीसीटीवी कैमरे लगाएगा। इसके लिए दूसरे चरण के प्रोजेक्ट के साथ ही तीसरे चरण की भी योजना तैयार की जा रही है। बता दें कि जीएमडीए द्वारा दूसरे चरण के 2722 सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रोजेक्ट को एजेंसी को अलाट करने के बाद इसे 18 महीने की अवधि में पूरा किया जाना है।

पहले चरण में 1200 कैमरे लगाए गए थे। पहले चरण में 218 जंक्शनों पर कैमरे लगाए गए थे, जिन्होंने अपराध पर अंकुश और ट्रैफिक मैनेजमेंट में अहम भूमिका निभाई। अब दूसरे चरण में 258 जंक्शन पर तीन श्रेणियों में कुल 2722 कैमरे लगाए जाएंगे। इस व्यवस्था को स्मार्ट सिटी की इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और जीएमडीए के डाटा सेंटर से जोड़ा जाएगा। ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरों से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के चालान होंगे। चेहरा पहचाने वाले कैमरों से गुमशुदा व्यक्ति और अपराधियों की पहचान होगी। इसके अलाव पैन टिल्ट जूम कैमरों से पूरे क्षेत्र की निगरानी आसानी से हो सकेगी।

# सोनम रघुवंशी अकेली नहीं, 7 महिलाएं जो आशिक के साथ मिलकर पति को मार चुकीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या से सनसनी है। उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी पर ही हत्या कराने के आरोप लग रहे हैं। इसके साथ ही ऐसे कई दिल दहला देने वाली कहानियां फिर चर्चा में हैं, जहां पत्नी ने आशिक की खातिर पति को मौत के घाट उतार दिया। लिस्ट में उत्तर प्रदेश के मेरठ की मुस्कान रस्तोगी समेत कई नाम हैं।

**सोनम रघुवंशी:** राजा और सोनम की शादी इंदौर में 11 मई को हुई थी। इसके बाद दोनों 20 मई को हनीमून मनाने गुवाहाटी के बाद शिलॉन्ग पहुंचे। वहां 23 मई को दोनों लापता हो गए। दोनों की लंबी तलाश के बाद दो जून को एक गहरी खाई से राजा का शव मिला था, वहीं सोनम लापता हो गई थी। लंबे समय तक छानबीन के बाद भी सोनम के ना मिलने पर उस पर ही शक गहरा रहा था। इसी बीच कल सोनम गाजीपुर के एक ढाबे से अचानक सबसे सामने आई। इसके बाद उसे गाजीपुर पुलिस ने अपने पास रखा और बाद में शिलॉन्ग पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। आरोप हैं कि उसने अपने कथित आशिक राज कुशवाह और 3 अन्य लोगों के साथ मिलकर राजा का कत्ल कर दिया। फिलहाल, सभी आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं।

**मुस्कान रस्तोगी:** मेरठ में एक सनसनीखेज वारदात में मुस्कान रस्तोगी नामक महिला ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला की मदद से अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या करके उसके शव के टुकड़े कर दिए और उन्हें एक ड्रम में भरकर छुट्टियां मनाने चली गई। मर्चेंट नेवी में अधिकारी रहे सौरभ राजपूत अपनी पत्नी मुस्कान का जन्मदिन मनाने के लिए लंदन से आए थे। पुलिस के अनुसार, राजपूत को नशीला पदार्थ दिया गया, चाकू मारा गया, उनके शरीर के टुकड़े किए गए और एक ड्रम में डालकर ड्रम को सीमेंट से भर कर बंद कर दिया गया।

**रविता:** मेरठ में ही 27 वर्षीय रविता ने अपने 19 वर्षीय प्रेमी अमरदीप की मदद से अपने पति अमित कश्यप की गला घोंटकर हत्या कर दी। दोनों ने स्वाभाविक



मौत बताने के लिए उसके शव के पास एक जहरीला सांप रख दिया। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सच्चाई का पता लग गया।

**जनता:** अप्रैल में राजस्थान के अजमेर जिले में एक युवक की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी एवं एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। पीटीआई भाषा के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया था कि नसीराबाद के पास मस्तान चीता का शव मिला तथा जांच के बाद उसकी पत्नी जनता (29) और बशीर खान (29) को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि जनता और बशीर खान एक साल से एक दूसरे के संपर्क में थे तथा कुछ समय पहले वह उसके साथ भाग गई थी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया, (इसी बीच) महिला ने अपने प्रेमी बशीर के साथ मिलकर मस्तान को खत्म करने की साजिश रची। मस्तान को कुछ पैसों की जरूरत थी और पैसे उधार देने के बहाने बशीर ने उसे सोमवार शाम नसीराबाद रोड के पास बुलाया। जब दोनों मिले तो उन्होंने साथ में शराब पी। साजिश के मुताबिक बशीर ने कम शराब पी और मस्तान को ज्यादा शराब पिलाई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मस्तान के नशे में धुत होने पर बशीर ने चाकू से उसका गला रेत दिया लेकिन अधिक नशे में होने के कारण वह (मस्तान) अपना बचाव नहीं कर सका।

**प्रगति यादव:** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के सहार थाना क्षेत्र की यह घटना दिलीप यादव (25) और प्रगति यादव (22) की शादी के बमुश्किल 15 दिन बाद 19 मार्च को हुई। सहार थाना के प्रभारी पंकज मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया, घटना वाले दिन 19 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक खेत में घायल अवस्था में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को इलाज के लिए बिधूना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। 21 मार्च की रात उसकी मौत हो गई थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्यारों की पहचान की गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान दिलीप यादव की पत्नी प्रगति यादव, उसके प्रेमी अनुराग उर्फ मनोज और रामजी चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिजीत आर. शंकर ने बताया कि प्रगति और उसके प्रेमी अनुराग उर्फ मनोज ने मिलकर दिलीप की हत्या की साजिश रची थी। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने दिलीप की हत्या के लिए रामजी चौधरी को दो लाख रुपये की सुपारी दी थी।

# रियान पराग होंगे कप्तान!

## इंग्लैंड सीरीज के बीच इस छोटे देश के दौरे पर जाएगी भारत की ये टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड में जमकर तैयारी कर रही है. उसे 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इसी बीच भारतीय क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. भारत की एक टीम इस सीरीज के दौरान नामीबिया का दौरा करेगी. नामीबिया क्रिकेट बोर्ड इस दौरे का ऐलान भी कर दिया है, जिसमें 5 वनडे मैच खेले जाएंगे. ये सीरीज काफी ऐतिहासिक रहने वाली है, और दोनों देशों के खिलाड़ियों के पास एक बड़ा मौका होगा. नामीबिया क्रिकेट बोर्ड ने ऐलान किया है कि वे असम क्रिकेट संघ के साथ 5 मैचों की वनडे सीरीज की मेजबानी करेंगे. यानी असम की क्रिकेट टीम इसी महीने नामीबिया के दौरे पर जाने वाली है. यह रोमांचक सीरीज 21 जून 2025 से शुरू होकर 29 जून 2025 तक चलेगी, और सभी मैच विन्ढोक स्थित एफएनबी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे. जो नामीबिया का प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम है. इस सीरीज से पहले नामीबियाई क्रिकेट टीम ने पंजाब और कर्नाटक के खिलाफ भी 50 ओवर के मैचों की सीरीज खेली थी, जो उनकी तैयारियों को मजबूत करने में मददगार रही.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टार बल्लेबाज रियान पराग नामीबिया के असम टीम की कप्तानी करेंगी. वह घरेलू क्रिकेट में असम की ओर से ही खेलते हैं. आईपीएल में शानदार सीजन बिताने के बाद पराग युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली संतुलित टीम की अगुआई करने के लिए तैयार माने जा रहे हैं. दूसरी ओर, नामीबिया की टीम गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में मैदान पर उतर सकती है.

**सीरीज का शेड्यूल**

| |
|---|
| पहला मैच-21 जून 2025 |
| दूसरा मैच-23 जून 2025 |
| तीसरा मैच- 25 जून 2025 |
| चौथा मैच- 27 जून 2025 |
| पांचवां मैच- 29 जून 2025 |



## रोहित का वनडे करियर भी खत्म !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के तीनों फॉर्मेट फॉर्मेट में अभी अलग-अलग कप्तान हैं. रोहित शर्मा के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद बीसीसीआई ने शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया, जो अभी इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगे. टी20 में सूर्यकुमार यादव कप्तान हैं, हालांकि अभी वनडे में रोहित ही कप्तान हैं. लेकिन एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बोर्ड को लगा था कि रोहित खुद को चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. वनडे फॉर्मेट में बीसीसीआई की प्लानिंग 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर होगी. रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतकर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी. उनकी कप्तानी में भारत ने इस साल चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, हालांकि उन्होंने संन्यास नहीं लिया. लेकिन इसके बाद उन्होंने टेस्ट से अलविदा कह दिया है. रोहित शर्मा 2027 में 40 साल के होंगे, ऐसे में सवाल ये हैं कि क्या उनकी फिटनेस और फॉर्म उस समय ऐसी होगी कि वह स्क्वॉड में जगह बना पाए. इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बीसीसीआई नए वनडे कप्तान पर विचार कर रही है.

## ऑस्ट्रेलियन रेस वॉकिंग

## प्रियंका ने जीती 10 किमी पैदलचाल, सत्र की पहली जीत दर्ज की; रामबाबू को कांस्य पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पैदलचाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकेंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। 10 किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकेंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, एक मिनट की पेनाल्टी के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और पेनाल्टी के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। इंसब्रुक में पुरुषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप



**साउथम्पटन, एजेंसी।** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाए जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी। अब इंग्लैंड की टीम 20 जून से भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

## 16वां डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट मार्टिन नें बनाई एकल बढ़त, हिमल ठीक पीछे



**फोरनी दी सोपरा , इटली, एजेंसी।** इटली के विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रसिद्ध डोलोमाइट्स पर्वतमाला में स्थित फोर्नी दी सोपरा में 16वें डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट का आधा पडाव अब पार हो गया है टूर्नामेंट के पांचवें राउंड के बाद बुल्गारिया के टॉप सीड ग्रांड मास्टर मार्टिन पेट्रोव चार जीत और एक ड्रॉ के साथ 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त पर पहुँच गए है । जबकि भारत के इंटरनेशनल मास्टर हिमल गुसेन भारत के अगले ग्रांड मास्टर बनने की राह मे कदम बढाते हुए 3 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 4 अंक बनाते हुए सयुंक्त दूसरे स्थान पर है , हिमल जिनकी वर्तमान रेटिंग 2490 है फिलहाल अपनी रेटिंग मे 2 अंक और जो? चुके है और जबकि वह टूर्नामेंट में खेल रहे दोनों ग्रांड मास्टर्स से खेल चुके है उम्मीद है वह अपनी रेटिंग में बचे हुए चार राउंड में और अंक जोऐंगे

## पूरन को संन्यास के एक दिन बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट ) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा, 'हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा, 'बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने करियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाए थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।



## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा की

**सेंट जॉन्स (एंटीगुआ), एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन घरेलू टेस्ट मैचों में प्रतिष्ठित सर फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए 16 खिलाड़ियों की अपनी टीम की घोषणा की है। सीरीज की शुरुआत 25 जून को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में होगी। यह श्रृंखला दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण होगी क्योंकि तीन टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025-2027 चक्र की शुरुआत को होंगे। वेस्टइंडीज की टीम एक नई शुरुआत के संकेत दे रही है क्योंकि इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ ड्रॉ हुई श्रृंखला में खेलने वाली टीम में कई बदलाव किए गए हैं। जॉन कैंपबेल 2022 के बाद पहली बार टीम में लौटे हैं, जिससे शीर्ष क्रम में विकल्प मजबूत हुए हैं। उन्होंने अपने शानदार घरेलू सत्र की बदौलत तीन साल बाद टीम में जगह बनाई। कैंपबेल के साथ, केसी कार्टी को पाकिस्तान में उनके कार्यकाल के बाद टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। यह निर्णय सभी प्रारूपों में बल्ले से उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया है। पिछले महीने 28 वर्षीय ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे में दो शतक लगाए और इंग्लैंड में तीन 50 ओवर के मुकाबलों में मैरून में पुरुषों के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

## अहमदाबाद ने कोलकाता को 8-7 से हराया, विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ बड़ा उलटफेर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने कोलकाता थंडरब्लेड्स को 8-7 से हरा दिया। यह मैच अहमदाबाद के ईकेए एरेना में मंगलवार को खेला गया। भारतीय खिलाड़ी स्नेहिल सुरावज्जुआ ने विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी क्वाड्री अरुणा को सीधे गेम में हरा कर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। शानदार जीत के बावजूद, अहमदाबाद एसजी पाइपर्स प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है और उनका इंडियन आयल यूटीटी सीजन 6 का सफर यहीं समाप्त हो गया। वहीं, कोलकाता थंडरब्लेड्स को अपनी प्लेआफ की किस्मत का फैसला जानने के लिए आखिरी दो मुकाबलों का इंतजार करना होगा। वहीं, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और दबंग दिल्ली टीटीसी ने भी प्लेआफ के लिए क्वालिफाई किया।

शाम की शुरुआत रोमांच से हुई जब जर्मन खिलाड़ी रिकार्डो वाल्टर ने कोलकाता के अंकुर भट्टाचार्य को सीजन की पहली हार चखाई। अंकुर ने पहले गेम में 7-1 की बढ़त ली थी, लेकिन वाल्टर ने जबरदस्त वापसी करते हुए यह गेम 11-10 से जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरा गेम 11-5 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अंकुर ने आखिरी गेम जीतकर कोलकाता को मुकाबले में बनाए रखा।

महिला एकल में, आयहिका मुखर्जी ने प्यूर्टो रिको की दिग्गज खिलाड़ी एड्रियाना डियाज के खिलाफ पहला गेम जीत लिया, लेकिन डियाज ने अगला दोनों गेम बड़े अंतर से जीतकर मुकाबला 2-1 से अपने नाम किया। निर्णायक गेम में डियाज़ ने 11-1 से बाजी मारी। मिक्स्ड डबल्स में अंकुर और डियाजी ने दबाव के क्षणों में संयम बरतते हुए वाल्टर और आयहिका को 2-1 से हराया।

अब तक सीजन में जीत की तलाश कर रहे स्नेहित ने चौथे मैच में क्वाड्री अरुणा को 3-0 से हराकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले गेम में 9-10 और दूसरे गेम में 5-8 से पिछड़ने के बावजूद वापसी की और आक्रामक फोरहैंड शॉट्स के दम पर एकतरफा अंदाज़ में जीत दर्ज की। यह यूटीटी सीज़न 6 की सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीतों में से एक रही।

## अब तक 13 टीमों ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया ने भी हासिल किया टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

ब्राजील, इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीनों ही अपने-अपने मुकाबले जीतने में कामयाब रहे। वहीं, लियोनल मेसी की अर्जेंटीना को कोलंबिया से ड्रॉ खेलना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। इसके अलावा चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। अब तक कुल मिलाकर 10 टीमों ने क्वालिफाई किया है। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं। फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट





अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

कोनोर मेटकाफे ने ऑस्ट्रेलिया के लिये पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में मदद की। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा, जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर से गोल किया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए, जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

वहीं, दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया। ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया ऑस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन और ऑस्ट्रेलिया क्वालिफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालिफाई करेंगी और यह दौर अक्तूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में डेब्यू के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई। रियल मैड्रिड के स्टार विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैंपियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की।

ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। उरुग्वे ने वेनेजुएला को 2-0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं और क्वालिफिकेशन के बेहद करीब है वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिए दोनों में होड़ है, चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेऑफ खेलने का मौका मिलेगा ।